www.navpradesh.com

दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 5 | झारखंड 7 | झारखंड

रांची, शनिवार 22 जनवरी 2022, माघ कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत - 2077 वर्ष-07 अंक-278 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपए

रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है, और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है..!!

आज बेबाक

नई दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल हाल ही में कोरोना संक्रमित हुए थे। ठीक होने के बाद उन्होने फिर सावधानी बरतना छोड़ दिया है। पंजाब में भगवंत मान को अपनी पार्टी की ओर से सीएम कंडिडेट घोषित करने के दौरान वे मंच पर बगैर मास्क के नजर आए। यही नहीं बल्कि बहुत देर तक खांसते भी रहे। भगवंत मान सहित अन्य नेताओं ने भी मास्क लगाना जरूरी नहीं समझा था। खबरिया चैनलों पर विज्ञापनों की बौछार कर लोगों को मास्क लगाने की सलाह देने वाले घुंघरू सेठ खुद मास्क नहीं लगाते। इसे ही कहते है- पर उपदेश कुशल बहुतेरे।

सूर्योदय

उदय : 6.41 प्रातः

अस्त : 5:19 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,953,711,214

भारत : 1,401,490,824

बाजार

सेंसेक्स : 59,037.18

निफ्टी : 17,617.15

गोल्ड : 49,640 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.95 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	21.4	7.5
जमशेदपुर	23.6	9.4
डालटेनगंज	20.8	8.6
देवघर	20.9	8.2

आज का दिवस

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुभारम्भ : वर्ष 2015 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदस मोदी ने देशभर में बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारम्भ किया था द्य महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ,स्वास्थ्य मंत्रालय और परिवार कल्याण मंत्रालय एवं मानव संसाधन विकास की एक संयुक्त पहल के रूप में समन्वित और अभिसरित प्रयासों के अंतर्गत बालिकाओं को संरक्षण और सशक्त करने के लिए योजना बनाई गई है। सभी राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों को कवर 2011 की जनगणना के अनुसार निम्न बाल लिंगानुपात के आधार पर प्रत्येक राज्य में कम से कम एक ज़िले के साथ 100 जिलों का एक पायलट जिले के रूप में चयन किया गया है।

मिजोरम में 5.6 तीव्रता का भूकंप

आइजोल : मिजोरम में शुक्रवार दोपहर बाद आए भूकंप के झटके से लोगों में दहशत फैल गई। रिक्टर स्केल पर इसकी 5.6 तीव्रता आंकी गई है। सिस्मोलॉजी विज्ञान केंद्र के अनुसार मिजोरम के चम्फाई जिला से सटे पड़ोसी देश म्यांमार में दोपहर बाद 03 बजकर 42 मिनट 32 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसका असर समूचे मिजोरम में महसूस किया गया। समाचार लिखे जाने तक भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र पड़ोसी देश म्यांमार में जमीन के अंदर 60 किलोमीटर नीचे स्थित था।

गरमा-गरम

20 दिनों में कोरोना से 91 व 24 घंटे में 10 संक्रमितों की मौत

रांची। झारखंड में कोरोना से इस वर्ष के शुरुआती 20 दिन में ही 91 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। वहीं पिछले 24 घंटे में 10 कोरोना संक्रमितों की मौत हो चुकी है।

राज्य में वर्ष 2022 के शुरुआती दिनों से ही कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ी है, अभी भी राज्य में अभी 25 हजार से ज्यादा कोरोना संक्रमित हैं, जिनमें 660 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हुए। इससे पहले कोरोना की दूसरी लहर के बाद साढ़े छह माह में 49 मरीजों की मौत हुई थी, लेकिन कोरोना से इस वर्ष के शुरुआती 20 दिन में ही 91 संक्रमित की मौत से स्वास्थ्य महकमा चिंतित है।

इधर, राज्य में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमित 10 लोगों की मौत हुई है। राज्य में 20 जनवरी को 60,754 सैंपल की जांच में 2,449 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं तो 4,283 कोरोना संक्रमित ठीक भी हुए हैं। झारखंड में कोरोना से अब तक 5235 लोगों की जान गयी है। गुरुवार को 4283 संक्रमित के कोरोना मुक्त होने के बावजूद राज्य में एक्टिव केस की संख्या 25,578 है। राज्य के सभी 24 जिलों में गुरुवार को कोरोना के नए मामले मिले हैं। 20 जनवरी 2022 को जहां-जहां नये केस मिले हैं, उसमें सबसे ज्यादा 757 केस रांची में मिले हैं। जमशेदपुर में 474 नए मामले मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। रांची सहित 5 जिले राज्य में ऐसे हैं, जहां 100 या उससे से ज्यादा नए संक्रमित मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को रांची में जहां सबसे ज्यादा 757 नए केस मिले हैं। वहीं जमशेदपुर में 474 नए संक्रमित मिले हैं। इसी तरह बोकारो में 53, चतरा में 65, देवघर में 48, धनबाद में 124, गिरिडीह में 9, गोड्डा में 45, गुमला में 47, हजारीबाग में 20, जामताड़ा में 10, खूंटी में 53, कोडरमा में 20, लातेहार में 9, लोहरदगा में 39, पलामू में 52, पाकुड़ में 4, रामगढ़ में 89, सिमडेगा में 131, पश्चिमी सिंहभूम में 31, दुमका में 211, गढ़वा में 44, साहिबगंज में 91 और सरायकेला में 23 कोरोना संक्रमित मिले हैं। राज्य में कोरोना से 20 जनवरी 2022 को 10 मौत हुई है, जिसमें जमशेदपुर में 05, धनबाद में 02, गुमला में 01, खूंटी में 01 और पश्चिमी सिंहभूम में 01 संक्रमित की मौत कोरोना से हुई है।

कोरोना इंडिकेटर्स में झारखंड राज्य

झारखंड में बड़ी संख्या में मिल रहे नए केस के बाद अब बड़ी संख्या में रिकवरी से कोरोना इंडिकेटर्स में झारखंड की स्थिति मामूली रूप से थोड़ी सुधरी है। राज्य में 7 डेज ग्रोथ रेट 0.57 प्रतिशत है। वहीं, 7 डेज डबलिंग रेट 122.74 दिन का हो गया है। रिकवरी रेट भी 92.58 प्रतिशत है। मोर्टेलिटी रेट 1.26 प्रतिशत है।

7.68 लाख किशोरों को टीका

झारखंड में 20 जनवरी को 15 से 17 वर्ष के 30,821 किशोरों ने वैक्सीन ली है। अब तक 7,67,623 किशोरों ने वैक्सीन ले ली है। वहीं 18 प्लस ग्रुप के 1,99,66,379 (83 प्रतिशत) लोगों को वैक्सीन का पहला डोज और 1,24,68,554 (52 प्रतिशत) लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज दिया गया है। राज्य में 20 जनवरी को 1485 हेल्थ केयर वर्कर, 2898 फ्रंट लाइन वर्कर्स और 2191 कोमोरबिडिटी वाले बुजुर्गों ने वैक्सीन का बूस्टर डोज लिया है।

एके-47 हथियार, मैगजीन व 150 गोलियां लेकर पहुंचा जोनल कमांडर

10 लाख का इनामी नक्सली महाराज प्रमाणिक का सरेंडर

वरीय संवाददाता

रांची। भाकपा माओवादियों के दक्षिणी छोटानागपुर जोनल कमेटी के नक्सली जोनल कमांडर महाराज प्रमाणिक उर्फ राज उर्फ बब्लू उर्फ अशोक ने शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में झारखंड पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। कुख्यात नक्सली झारखंड पुलिस के साथ काफी दिनों से संपर्क में था। आईजी अभियान एवी होमकर, आईजी जोनल पंकज कंबोज और डीआईजी अनूप बिरथरे के समक्ष आधिकारिक रूप से महाराज प्रमाणिक ने एक एके-47 रायफल, दो मैगजीन, 150 गोलियां और दो वायरलेस सेट के साथ आत्मसमर्पण किया है। मौके पर आईजी पंकज कंबोज ने कहा कि राज्य को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प सरकार व झारखंड पुलिस ने ली है। एसएसबी, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर सभी इसमें लगे हैं। झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। कई शीर्षस्थ नक्सली पकड़े गये हैं। सरकार की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 10 लाख के इनामी भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर महाराज प्रमाणिक ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह बड़ी उपलब्धि है।

119 मामले में पुलिस को थी तलाश

भाकपा माओवादी संगठन को लगा बड़ा झटका

आईजी पंकज कंबोज ने कहा है कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के केंद्रीय कमिटी सदस्य अनल उर्फ रमेश मांझी के दस्ता जो रांची, सरायकेला-खरसांवा, खूंटी, चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में झारखंड पुलिस के लिये लगातार चुनौती बना हुआ था। नक्सली जोनल कमांडर महाराज प्रमाणिक के आत्मसमर्पण से संगठन को बहुत बड़ा झटका लगा है। खासकर चाण्डिल, बुंडू सब जोन में संगठन काफी कमजोर होने के साथ ही टूटने की भी प्रबल संभावना है।

2007-08 में शामिल हुआ संगठन में

महराज प्रमाणिक 2007-08 में चाण्डिल कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इसकी मां आंगनबाड़ी सेविका थी। मां के द्वारा गांव में चबुतरा निर्माण कराने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें कुछ लोगों ने इसकी मां को मारने की सुपारी दी थी। घर में मारने के लिये धावा बोला गया, लेकिन संयोगवश मां घर में नहीं थी। गांव में सबसे मदद मांगी गयी, लेकिन किसी ने भी इनका साथ नहीं दिया। उसके बाद गांव के आसपास भ्रमणशील भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर रामबिलास लोहरा से इसने मदद मांगी और तब से नक्सली संगठन में शामिल हो गया।

पुलिस पर हमला समेत कई बड़े हमलों थी तलाश

महाराज प्रमाणिक की लाश सरायकेला के कुकुरूहाट, लांजी समेत कई वारदातों में थी। 14 जून 2019 को महाराज प्रमाणिक के नेतृत्व में माओवादियों ने सरायकेला के कुकुरूहाट में पुलिस बलों पर हमला कर 5 पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया था। इसके अलावा मार्च 2021 में लांची में आईईडी धमाके में तीन जवानों की मौत हो गयी थी। इन सारे मामले में प्रमाणिक की तलाश हो रही थी। इसके अलावा उसके नेतृत्व में सुरक्षा बलों पर हमले के कई बड़े मामले दर्ज है।

पुलिस को जोनल कमांडर से कई अहम जानकारी मिली

प्रमाणिक से झारखंड पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। वर्ष 2010 से अबतक नक्सली संगठन के केंद्रीय कमिटी सदस्य अनल उर्फ रमेश मांझी के टीम के साथ सक्रिय सदस्य के रुप में कार्य करनेवाले महाराज प्रमाणिक ने संगठन की कई राज पुलिस के समक्ष उगले है, जिससे झारखंड पुलिस को उग्रवादियों की गिरफ्तारी में मदद मिलेगी। झारखंड के सरायकेला-खरसांवा जिले के ईचागढ़ के रहनेवाला जोनल कमांडर महाराज प्रमाणिक वर्ष 2008-09 में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन में शामिल हुआ था। राज्य के विभिन्न जिलों के थानों में इसके खिलाफ कुल 119 अपराधिक कांड दर्ज हैं। नक्सली संगठन के केंद्रीय कमिटी सदस्य अनल उर्फ रमेश मांझी के टीम के सक्रिय ओर मारक दस्ता की रीढ़ कहे जाने वाले जोनल कमांडर महाराज प्रमाणिक पर सरकार ने 10 लाख का इनाम घोषित किया था।

बीआईटी से ऑनलाइन संवाद में बोले एम्स निर्देश डा. गुलेरिया

शैक्षणिक संस्थानों को खोलने पर हो रहा विचार

रांची। एम्स नई दिल्ली के डायरेक्टर पद्मश्री डॉ रणदीप गुलेरिया ने कहा कि भारत में टीकाकरण अभियान के बाद शैक्षणिक संस्थानों को फिर से खोलने पर विचार किया जा रहा है। समय के साथ कोरोना संक्रमितों के अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में कमी आयी है। साथ ही संक्रमित जल्द ठीक हो रहे हैं। डॉ गुलेरिया गुरुवार को रांची स्थित बीआईटी मेसरा की न्यूज एंड पब्लिकेशन सोसाइटी के ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ गुलेरिया ने कहा कि नये वैरिएंट की पहचान जल्दी हो, इस पर काम किया जा रहा है। वायरस के जीनोम की पहचान के लिए प्रयोगशालाओं का एक अच्छा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वैक्सीन लेने में कोई संशय नहीं रखे, समस्या से निपटने के लिए अफवाहों पर ध्यान ना दें। एम्स निदेशक ने कहा कि अत्यधिक खांसी हो, तभी डॉक्टर से परामर्श लें। उन्होंने कहा कि इम्युनोस्केप तथ्य के बावजूद अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु की संख्या में समान वृद्धि नहीं देखी गयी। संक्रामकता में कमी आयी है। इस समस्या से निपटने के लिए महामारी से संबंधित अफवाहों पर पर्दा उठाने की सख्त जरूरत है।

जज उत्तम आनंद मौत केसः हाईकोर्ट ने सीबीआई की दलील पर जताई नाराजगी, कहा

विशेषज्ञ की तरह नहीं हो रही जांच

रांची। धनबाद के एडीजे उत्तम आनंद की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने सीबीआई की जांच पर निराशा जाहिर करते हुए मौखिक रूप से टिप्पणी की कि ऐसा लग रहा है कि सीबीआई विशेषज्ञ की तरह जांच नहीं कर रही है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी को बचने का रास्ता दिया जा रहा है। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 28 जनवरी निर्धारित की गयी है। मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अदालत को बताया कि यह घटना मोबाइल छिनतई का प्रतीत होता है। घटना के वीडियो फुटेज और सीसीटीवी फुटेज को देखने के बाद यह पाया गया है कि जज साहब प्रत्येक दिन उस समय मॉर्निंग वॉक के लिए नहीं निकलते थे। यह उनका नियमित रूटीन नहीं था कि रेकी करके उनका पीछा किया जा सकता था। इसके अलावा नार्को टेस्ट और अन्य टेस्ट के आधार पर यह प्रतीत होता है कि यह मोबाइल छीनने के क्रम में इस घटना को अंजाम दिया गया। सीबीआई की ओर से दिये गये इस तर्क पर अदालत ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लगता है कि सीबीआई मामले की जांच न कर आरोपी को बचाने के लिए इस तरह की नयी कहानी बना रही है। अदालत ने कहा कि सीबीआई द्वारा जो नार्को टेस्ट की रिपोर्ट अदालत में पेश गयी है, उसमें आरोपी का बयान है कि जज साहब जा रहे हैं।

भारत विरोधी प्रोपेगैंडा फैलाने वाले 35 यूट्यूब चैनल पर बैन

नयी दिल्ली। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 यूट्यूब चैनल, 2 ट्विटर अकाउंट, 2 इंस्टाग्राम अकाउंट, 2 वेबसाइट के साथ एक फेसबुक अकाउंट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए हैं। इसकी जानकारी मंत्रायल के संयुक्त सचिव विक्रम सहाय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। इन चैनल्स पर 1.2 करोड़ सब्सक्राइबर्स थे और इनके व्यूज मिलियन में थे। इन सभी चैनल्स के जरिए भारत विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाया जा रहा था। विक्रम सहाय ने बताया कि ये सभी चैनल्स और अकाउंट पाकिस्तान से संचालित होते हैं और भारत विरोधी समाचार और अन्य सामग्री फैलाते हैं।

प्रियंका होंगी उप्र के मुख्यमंत्री पद का चेहरा!

नयी दिल्ली : कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को इशारों इशारों में स्पष्ट किया कि वे उत्तर प्रदेश चुनावों में पार्टी का चेहरा हैं। उन्होंने साफ नहीं बताया कि स्वयं चुनाव लड़ेंगी या नहीं, लेकिन मुख्यमंत्री पद के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि आपको कोई दूसरा चेहरा नजर आ रहा है क्या! कांग्रेस ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के लिये पार्टी का भर्ती विधान नाम से युवा घोषणा पत्र जारी किया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा तर-बतर, जोड़-घटाव में जुटे सभी दल

राम पर भरोसा नहीं, ओबीसी का सहारा

लखनऊ से लौटकर विशेष संवाददाता

रांची : राम के नाम पर सत्ता के शीर्ष तक पहुंचने वाली भाजपा को अब राम पर भरोसा नहीं रहा। कभी जय श्री राम के उद्घोष से जनसभा में जान फूंकने वाले नेता अब न तो राम जी का नाम ले रहे हैं और न ही राम मंदिर बनवाने का श्रेय लेंने का जय जयकार लगा रहे हैं। अचानक ऐसा बदलाव क्यूं हुआ? क्या राम के नाम से भाजपा को परहेज हो गया है या राम जी पर चुनावी नैया पार कराने का विश्वास डगमगा गया है? वास्तविकता आस्था और भरोसा के बीच फंसा हुआ है। विचारधारा और सोच अब भी राम जी और राम मंदिर के बीच ही है, पर यह अहसास हो गया है कि इस बार के चुनाव में खास कर उत्तर प्रदेश में राम जी के नाम पर वह चुनाव नहीं जीत पाएगी। दरअसल यूपी का चुनाव सभी राजनीतिक दलों के लिए परेशानी का शबब है।

रणनीति बदलने की विवशता

भाजपा का स्ट्रैटजी राम मंदिर के नाम पर चुनाव मैदान में उतरने की थी, वहीं समाजवादी पार्टी का भाजपा के क्रियाकलापों को उजागर करना भी रणनीति का हिस्सा था। कांग्रेस और बसपा की भी कमोबेश ऐसा ही सोच बनी थी, मगर किसान आंदोलन के बगावती तेवर ने सबकी योजना को उलट पुलट कर दिया। आंदोलन की धार गति पकड़ती गयी और सभी स्तर के किसान जिसमें अगड़ी और पिछड़ी दोनों ही जाति के हैं, वे किसी और के करीब जायें या ना जायें, मगर भाजपा से दूर जाते दिखे। बस यहीं से भाजपा नेताओं का ऐंटीना खड़ा हो गया। किसानों को मनाने की कोशिश को पहले ही गवां चुकी भाजपा अब जातिगत बंटवारे की रणनीति में जुट गयी। हालांकि उसके इस प्रयास पर सपा ने पहले ही कुल्हाड़ी चला दी थी। जाति आधारित छोटी पार्टियों को पहले ही अपने पक्ष में करना शुरू कर दी थी। हाथ पांव मारना तो बसपा और कांग्रेस ने भी शुरू कर दिया था, मगर प्रारंभिक सफलता सपा को ही मिलती दिख रही है।

42 फीसदी ओबीसी मतदाता पर नजर

दरअसल सभी राजनीतिक दलों को ओबीसी के वोटरों पर निगाहें हैं। 42 फीसदी को लुभाने में सफल दल खुद को सत्ताशीन होने की सोच रखता है। कुछ हद तक ऐसा है भी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण वोटरों का शांत दिखना, सबसे ज्यादा भाजपा को शाल रहा है। कारण गत चुनाव में ये वोटर भाजपा के साथ थे। सतीश मिश्र के नाम पर बसपा को ब्राह्मण वोटर के साथ होने की उम्मीद है। कांग्रेस भी ऐसी ही उम्मीद पाल रही है, पर सबकी निगाहें 42 फीसदी ओबीसी पर टिकी है।

285 जूनियर इंजीनियर के लिए निकली वैकेंसी

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएससीसी) की ओर से डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021 का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। सात फरवरी से आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा लिया जायेगा। पूर्व में 23 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन जमा होना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित कर दिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 8 मार्च की मध्य रात्रि तक ऑनलाइन आवेदन जमा होगा। जबकि 10 मार्च की मध्य रात्रि तक परीक्षा शुल्क भुगतान किया जायेगा। फोटो व हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए 13 मार्च की मध्यरात्रि तक लिंक उपलब्ध रहेगा। 14 से लेकर 16 मार्च की मध्य रात्रि तक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई-मेल आइडी व मोबाइल नंबर को छोड़कर किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। इस नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 285 डिप्लोमा स्तरीय जूनियर इंजीनियरों (जेइ) की नियुक्ति होगी। इसमें सिविल के 188, विद्युत के 46 व यांत्रिक जूनियर इंजीनियर के 51 पद शामिल हैं। विज्ञापन में यह भी कहा गया है कि अधियाची विभाग के अनुरोध पर रिक्ति संशोधित की जा सकती है।

एसोचैम ने किया एडुकेशन समिट का आयोजन

शिक्षा ज्ञान और आत्मविश्वास बढ़ाने में करती है मदद : राज्यपाल

रांची : एसोचैम द्वारा आयोजित "Education Excellence Summit cum Awards Virtual Meet" में राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि शिक्षा का हम सभी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान प्राप्त करने और जीवन में आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करती है। आपके जीवन में सही निर्णय लेने में मदद करती है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज में महान नागरिक बन सकता है। शिक्षा से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है। व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थितियों में चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करना है। हमारे विद्यार्थी जीवन के उचित मार्ग पर चलते हुए स्वयं के लिए सम्मानजनक आजीविका के साधन प्राप्त करने के साथ देश के एक बेहतर नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। हम बिना अच्छी शिक्षा के अधूरे हैं क्योंकि शिक्षा और ज्ञान ही हमें सही सोचने और सही निर्णय लेने वाला बनाती है। साक्षरता और शिक्षा के बीच मुख्य अंतर यह है कि साक्षरता किसी व्यक्ति को पढ़ने और लिखने की क्षमता को संदर्भित करती है, जबकि शिक्षा ज्ञान, कौशल, मूल्य, नैतिकता, आदतें और विश्वास प्राप्त करने की प्रक्रिया को संदर्भित करती है। इसलिए साक्षरता शिक्षा की ओर सिर्फ एक कदम है।

राज्यपाल बैस ने कहा कि ज्ञान का कभी अंत नहीं होता और इसे अर्जित करने की भी कोई सीमा या उम्र नहीं होती है। शिक्षा का लक्ष्य ही है- ज्ञान के प्रति समर्पण की भावना और निरंतर सीखते रहने की प्रवृत्ति। इस अवसर पर मुझे यह कहते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि हमारे राज्य के विद्यार्थी बहुत ही मेधावी हैं। उनमें असीम प्रतिभा मौजूद हैं और वे अपनी प्रतिभा से राज्य का मान बढ़ा रहे हैं। लेकिन पाया जाता है कि सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में इन प्रतिभावान छात्रों में अधिकांश ने शिक्षा हासिल नहीं की। वे उच्च शिक्षा हासिल करने व प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए अक्सर राज्य के बाहर जाते हैं। मैं चाहता हूँ कि एसोचैम जैसी संस्था राज्य में

बेहतर शिक्षा के प्रचार-प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दें। एसोचैम सामाजिक दायित्वों के तहत शिक्षा से वंचित लोगों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं को जानकर शिक्षा हासिल करने में आ रही उनकी अड़चनों को दूर कर सकती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड टेन प्लस टू (10+2) तक की शिक्षा के लिए एजूकेशन हब के रूप में जाना जाता है। यहाँ कई अच्छे विद्यालय हैं। लेकिन अभी भी हमें सरकारी विद्यालयों की स्थिति में सुधार लाने की दिशा में काफी प्रयास करना होगा। राज्य में स्थापित नेतरहाट आवासीय विद्यालय की पूरे देश में ख्याति थी, कभी यह नामचीन विद्यालय के रूप में पूरे देश में जाना जाता था। लेकिन आज इसकी स्थिति पूर्व की तरह नहीं है, हमें इन कारणों को जानकर उनका निदान करना होगा। राज्य में स्थापित विश्वविद्यालयों की दशा में सुधार लाने हेतु मैं पूर्णतः प्रयासरत हूँ। मैं चाहता हूँ कि हमारे विद्यार्थियों को यहाँ की शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हों। हमारे विश्वविद्यालय नामचीन विश्वविद्यालयों में शुमार हों।

उच्च शिक्षा की गति में सुधार लाने की दृष्टि से मैं निरंतर विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करता हूँ तथा छात्रहित में कई निदेश भी देता रहता हूँ। राज्य में कई निजी विश्वविद्यालय भी हैं। उनके कुलपतियों के साथ भी मैंने समीक्षा बैठक की और उनसे कहा कि वे छात्रहित में सरकार एवं यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करें। हमें गुणात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हमारे शिक्षकों को विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के बारे में सदा सोचना होगा और उनके सामने अच्छा आचरण रखना होगा ताकि विद्यार्थी उनसे प्रेरित हो सकें। केन्द्र सरकार ने जनमानस के अनुकूल तथा उनकी इच्छाओं के अनुरूप देखते हुए नई शिक्षा नीति-2020 गठित की। यह भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में गठित आयोग द्वारा पंचायत से संसद तक विभिन्न स्तरों द्वारा प्राप्त सुझावों और चचाओं का परिणाम है। यह शिक्षा नीति जनमानस की इच्छाओं के अनुरूप है। इसके माध्यम से उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने का प्रयास किया गया है। इसमें शोध आधारित पढ़ाई की बात भी कही गई है। इस शिक्षा नीति में मातृभाषा की अहमियत का ध्यान रखा गया है।

उन्होंने कहा कि देखा जाता है कि बहुत कुछ जो हमारे बच्चे जानते हैं और अपनी भाषा में व्यक्त कर सकते हैं लेकिन किसी विशिष्ट भाषा में नहीं बता सकते हैं। ऐसे में मातृभाषा को जानना और पढ़ना अत्यन्त सराहनीय है। इससे बच्चों में आरंभ से ही इनोवेटिव आइडिया विकसित होंगे। झारखण्ड के परिप्रेक्ष्य में यह और भी महत्वपूर्ण है। इस शिक्षा नीति के लागू होने के बाद यहाँ के विद्यार्थी भाषायी कारणों से पीछे नहीं रहेंगे। इस शिक्षा नीति में लोकल से ग्लोबल का भी संदेश निहित है। यह नीति सबके सपनों के अनुरूप है।

राज्यपाल ने कहा कि आशा है कि इस प्रकार की रोचक शिक्षा नीति के कारण सकल नामांकन अनुपात भी बढ़ेगा। इस शिक्षा नीति के माध्यम से सभी वर्गों तक उच्च शिक्षा को भी पहुँचाने का प्रयास किया गया है। व्यवसायिक/रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में भी यह नीति कारगर सिद्ध होगी। एक बार पुनः एसोचैम को इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने लिए बधाई देता हूँ।

नंदनी जलाशय योजना के लिए 56.07 करोड़ स्वीकृत

रांची। राज्य सरकार ने लोहरदगा जिला अंतर्गत भंडरा प्रखंड के आकाशी गांव के निकट नंदी नदी पर निर्मित नंदनी जलाशय योजना अंतर्गत मुख्य नहरों के अवशेष भाग का लाईनिंग सहित पुनरूद्धार कार्य के लिए 56.07 करोड़ रुपये का प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वकीति प्रदान की गयी है। इसके मुख्य नहर और वितरणियों में सिल्ट जमा होने के कारण योजना की सिंचाई क्षमता में ह्रास हुआ है। वर्तमान में मात्र 2175 हेक्टर खरीफ पटवन किया जा रहा है। योजना के मुख्य नहरों के अवशेष भाग का लाइनिंग सहित पुनरूद्धार कार्य हाने के बाद 3258 खरीफ और 1620 हेक्टयर रबी क्षेत्र में सिंचाई पूर्ण क्षमा के अनुरूप प्रदान की जा सकेगी। इस योजना को दो वर्ष में पूर्ण करने का कार्यक्रम है। इससे कैरो प्रखंड में पड़ने वाले आकाशी, बन्डा,नरौली, सुकुरहुटु, कैरो, लोहरदगा, खवास, अम्बा, उमही, गुडत्री वारडीह, एराडोन, सिनजो, जोजरो, नगड़ी और बसरी के किसानों को लाभ मिलेगा।

गणित की निःशुल्क ऑनलाइन कक्षा प्रारंभ

रांची : कोविड 19 महामारी के कारण विगत 22 महीनों से विद्यालयों की भौतिक पढ़ाई बाधित है। बाधित हो रही पढ़ाई को पटरी पर लाने के लिए कई संस्थाएं आगे आई है। कुछ शिक्षक व्यक्तिगत रूप से भी विद्यार्थियों की समस्या का समाधान करने में लगे हैं। ऐसे ही एक शिक्षक हैं अमरनाथ झा, जिन्होंने विद्यार्थियों के हित में निःशुल्क सेवा प्रारंभ की है। निवारण पुर उच्च विद्यालय से अवकाश प्राप्त करने के बाद झा ने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया है। गणित विषय के लिये इच्छुक विद्यार्थी झा से मोबाइल वाट्सएप पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। झा का मोबाइल वाड्सएप संख्या 9304333715 है। इस विषय में झा ने बताया कि जैक बोर्ड में सम्मिलित होने बाले परीक्षार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ज्यामिति के सवाल वाड्सएप के माध्यम से सौल्व नहीं किए जा सकते हैं। इसके लिए ऑफलाइन संपर्क जरूरत है। इच्छुक विद्यार्थी ऑफलाइन भी संपर्क कर सकते हैं लेकिन जो ऑनलाइन अपनी परेशानी दूर करना चाहते हैं उनके लिए झा अपने वाड्सएप पर सुबह 11 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

आरयू के दीक्षांत समारोह में खर्च होंगे 10 लाख रु. से अधिक राशि

रांची : रांची विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक कुलपति डॉक्टर कामिनी कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वित्त समिति में आगामी 35वें दीक्षांत समारोह के सफल संचालन हेतु कुल दस लाख पचास हजार रुपये का बजट तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव सह प्रवक्ता डॉक्टर प्रीतम कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 34 वे दीक्षांत समारोह हेतु कुल 1950000=00 रुपए का बजट पास किया गया था। कुमार ने बताया कि बजट पर सहमति हेतु इसे आगामी आभिषद की बैठक में रखा जाएगा। बैठक का संचालन वित्त पदाधिकारी डॉक्टर ए एन शाहदेव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉक्टर मुकुंद चंद्र मेहता ने किया। बैठक में छात्र कल्याण संकायाधक्ष डॉक्टर आर के शर्मा, सी सी डी सी प्रोफेसर राजेश कुमार, वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सुदेश साहु, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर सी एस पी लुगुन, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर आशीष कुमार झा, मारवाड़ी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार, डॉक्टर प्रीतम कुमार उपस्थित थे।

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सिमडेगा जिले ने बनाया रिकार्ड

छह दिनों में 20 हजार से अधिक सूर्य नमस्कार

रांची : आजादी के 75वें वर्षगांठ की उपलक्ष में चल रही अमृत महोत्सव में 16 जनवरी से 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती) तक विभिन्न संगठनों के माध्यम सहयोग से 75 करोड़ सूर्य नमस्कार का निर्धारित लक्ष्य कर पूरे देश में क्रीड़ा भारती, पताजलि योगपीठ, सामाजिक संगठन, खेल संगठन सहित विभिन्न संगठन 16 जनवरी से है इस कार्यक्रम को कर रहे हैं सिमडेगा जिला में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और पंतजली योग पीठ के जिला प्रभारी देवेंद्र सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर 16 जनवरी को ही इसकी शुरूआत की है। 16 जनवरी आज तक सिमडेगा जिले में 20000 से अधिक सूर्य नमस्कार हो चुके हैं, जिसमें कई संगठन शहर से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण स्तर तक कोरोना गाइडलाइन के नियम को अनुपालन करते हुए प्रत्येक दिन व्यक्तिगत स्तर पर, पारिवारिक स्तर पर एवं सामूहिक स्तर पर भी सूर्य नमस्कार कर रहे हैं। जिले में प्रत्येक दिन आयोजित सूर्य नमस्कार का संकलन कर क्रीड़ा भारती सिमडेगा राज्य स्तर पर प्रत्येक दिन का वृत्त भेजने का कार्य कर रही है, क्रीड़ा भारती एवम अन्य संगठन के सदस्य जिले में लगातार सूर्यनमस्कार के महता को बतला रहे हैं, जिससे

लोग प्रोत्साहित होकर रोज नए नए लोग सूर्य नमस्कार के इस कार्यक्रम में सामिल हो रहे है। जहां पिछले 05 दिनों में सिमडेगा जिला 14000 सूर्यनास्कार हुए थे, जबकि आज सिर्फ एक दिन में ही 6000 से अधिक सूर्य नमस्कार हुए। ये कार्यक्रम 23 जनवरी नेताजी जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तक चलेगी। यह जानकारी सिमडेगा जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष बलबीर प्रसाद ने दी है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत पर लगाए आरोप

नया नारा! हेमन्त सरकार शराब आपके द्वार : दीपक प्रकाश

रांची : झारखंड सरकार द्वारा शराब की होम डिलीवरी के फैसले पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर कड़ा जुवानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कोरोनकाल में दवा बांटने के बजाए हेमन्त सरकार का शराब होम डिलीवरी का फैसला जनविरोधी है। दवा की जगह सरकार लोगों को दारू पिलाने पर उतारू है। सरकार के लिए दवा की बजाय शराब प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार हर घर बिजली, पानी, बच्चों को किताब, गांव गांव तक सड़क पहुंचाने में असफल है। गरीबों को भोजन, बीमार को दवा, किसान को बीज देने के बजाए लोगों को शराब पिलाने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार दवा पहुंचाने के बजाए कफन देने में भरोसा रखती है। ऐसे सरकार से प्रदेश और प्रदेश की जनता का कभी भला नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ाने के लिए कई साधन है किंतु इस निकम्मी सरकार में नेतृत्वविहीनता के कारण राजस्व बढ़ाने के लिए शराब का सहारा लिया गया है। उन्होंने कहा कि शराब की होम डिलीवरी से समाज में माहौल भी बिगड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दवा पहुंचाने के लिए एप्प नहीं बनाया किन्तु शराब होम डिलीवरी के लिए एप्प लांच कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार फैसले लेने में और प्रदेश को सुचारू चलाने में पूर्ण रूप से अक्षम साबित हुई है। साथ ही उन्होंने शिक्षा मंत्री जगनाथ महतो के बयान पर भी तीखी प्रतिकिर्या देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री जी का बयान संघीय ढांचा को तोड़ने वाला है। जिसमे उन्होंने डीवीसी को कोयला पानी रोकने की बात कही है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से ऐसी भाषा की उम्मीद नही की जा सकती।

मजदूर नेता चक्रधर के निधन पर भाकपा ने जताया शोक

रांची : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता बिजली यूनियन के महासचिव एवं एटक बिहार के कई बार महासचिव रहे कामरेड चक्रधर प्रसाद सिंह के निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य के सचिव भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, सहायक राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं रांची जिला सचिव अजय कुमार सिंह संयुक्त रूप से शोक व्यक्त किया है। चक्रधर के निधन पर भाकपा के राज्य सचिव भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि उनके जाने से मजदूर आंदोलन को काफी धक्का पहुंचा है। चक्रधर लगातार ईमानदारी पूर्वक आजीवन मजदूरों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। बिहार झारखंड के बिजली यूनियन में उनकी अलग पहचान रही है। ऐसे कर्मठ और ईमानदार नेता के निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद श्रद्धांजलि अर्पित करती है एवं उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती है।

जलकर के लिए नीति बने

जल कनेक्शन दिए गए परंतु जलापूर्ति नहीं : मारू

रांची : शहर के कई क्षेत्रों में हाल ही में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हुआ और जल कनेक्शन भी दिए गए परंतु ट्रायल के बाद तक जलापूर्ति नहीं शुरू हो रही है। राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने कहा कि लार्सन एंड टूबो द्वारा जल कनेक्शन दिए गए हैं। कंपनी के कर्मियों का कहना है कि पानी मुफ्त में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुफ्त में जलापूर्ति देने की बात की जा रही है वही सुविधा केंद्र से जानकारी दी जा रही है कि जलापूर्ति के लिए 7000 रु देने पड़ेंगे। कहीं-कहीं 12000 रु. लेकर जलापूर्ति की जा रही है। श्री मारू ने कहा कि जल कनेक्शन की बात शुरू होने पर 4500 रु. लोगों को जमा करने पड़े परंतु उन्हें भी पानी नहीं मिल रहा है। श्री मारू ने नगर निगम से शहर में जलापूर्ति के लिए एक रूप नीति बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने अधिसूचना जारी कर जल कर के रूप में 7000 रु. जमा करने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा कि एक तरफ सारे शहर को जलापूर्ति करने की बात कही थी लेकिन अब भी कई इलाकों में लोग बोरिंग करा रहे हैं। लोगों को इसके लिए एक एक लाख रुपए खर्च करना पड़ रहा है। श्री मारू ने कहा कि सरकार को गर्मी आने के पूर्व जलापूर्ति की व्यवस्था के लिए अभी से काम करना शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर के तमाम चापाकल खराब हो गए हैं। चापाकलों की मरम्मत की जरूरत है।

बच्चों का टीकाकरण आज भी होगा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में

रांची। रांची जिला प्रशासन की ओर से इन दिनों शहर में बच्चों को कोविड टीकाकरण लगाया जा रहा है। रांची सहित पूरे राज्य में 15 से 18 वर्ष के बच्चों का कोविड टीकाकरण अभियान चल रहा है। इसी क्रम में 15 से 18 वर्ष के बच्चों का कोविड टीकाकरण शुक्रवार को भी धुर्वा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में होगा। इस दौरान 15 से 18 वर्ष के सभी बच्चों का कोविड टीकाकरण होगा। चाहे किसी भी वह बच्चे किसी भी विद्यालय के हों।

राज्य के विद्यालयों को खोलने के लिए पासवा ने बढ़ाया दवाब

सरकार के मंत्रियों को सौंपा ज्ञापन

रांची : झारखंड प्रदेश प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्कूलों को खोलने की मांग को लेकर आज एक बार फिर से वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पिछले 2 वर्षों से बच्चों की पढ़ाई बाधित है जिसके कारण पूरी दुनिया में बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। वर्ल्ड बैंक के शिक्षा निदेशक पहले ही यह कह चुके हैं कि कोरोना संक्रमण के फैलाव में स्कूलों का खोला जाना कहीं से भी बाधा उत्पन्न नहीं करता

है। जब पूरी दुनिया में बाजार,मॉल, सिनेमा हॉल और शराब की दुकानें खुली है तो ऐसी स्थिति में सिर्फ स्कूलों को बंद रखना ही उचित फैसला नहीं है। पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि देश के सबसे बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थान नई दिल्ली एम्स के निदेशक डॉक्टर गुलेरिया ने भी शैक्षणिक संस्थानों को खोलने की वकालत की है एवं इस दिशा में राज्य सरकार को आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

इससे पहले झारखंड के विभिन्न शिक्षाविदों ने भी स्कूलों को खोले जाने की वकालत की है और इसे लेकर सरकार को कई सुझाव भी दिए हैं। पासवा के प्रदेश महामंत्री डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा करोना संक्रमण के मामले महाराष्ट्र जैसे राज्यों में आ रहे हैं लेकिन इसके बावजूद महाराष्ट्र सरकार ने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 24 जनवरी से स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार भी बच्चों के भविष्य को देखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाएं। झारखंड सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं बादल पत्रलेख ने पासवा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि स्कूल खोलने को लेकर मुख्यमंत्री से विचार विमर्श किया जाएगा एवं समय अनुकूल फैसले लिए जाएंगे। पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे,उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू कल बोकारो में जिला स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए बोकारो जाएंगे एवं निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करेंगे। स्कूल खोलने को लेकर,किशोरों के टीकाकरण को सफल बनाने में सरकार को सहयोग करने एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करने को लेकर निर्णय लिए जाएंगे।

समावेशी विकास के लिए जरूरी है नयी शिक्षा नीति : प्रो. ठाकुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर ऑनलाइन सेमिनार

रांची। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रांची विमेंस कालेज के बीएड विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर दो दिवसीय आनलाईन राष्ट्रीय सेमिनार के पहले दिन का आयोजन प्राचार्या डॉ. शमशून नेहार की अध्यक्षता में हुआ। प्राचार्य ने अपने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के लागू होने से औपचारिक शैक्षिक संरचना में आवश्यकता आधारित परिवर्तन होगा। अब प्रीनर्सरी को औपचारिक शिक्षण संरचना में शामिल कर लिया गया है। दूसरी तरफ उच्च शिक्षा से एम. फिल. को हटाते हुए स्नातक स्तर में रिसर्च को जोड़ दिया गया है और स्नातक स्तर पर प्रत्येक वर्ष के लिए छात्रों द्वारा अध्ययन की गई अवधि की स्वीकारिता स्वीकारी जायेगी। उनके द्वारा प्राप्त ज्ञान को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में संचित किया जाएगा जिसे विद्यार्थी आगे की पढ़ाई में उपयोग कर सकेगें।

तत्पश्चात प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर ने कोठारी आयोग, कलकत्ता आयोग, राधाकृष्णन आयोग एवं 1986 की नयी शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विश्व के लिये उपयोगी शिक्षा व्यवस्था पर आधारित है। जिसके शिल्पकार शिक्षक हैं। उन्होंने कोठारी आयोग के प्रीयेमबल का जिक्र करते हुये कहा की इफ द डेस्टिनी आफ द नेशन इज बियिंग सेभड इन द क्लास रूम देन वी द टीचर्स आर द पालिसी मेकर। नई शिक्षा नीति में

स्पेशल एजुकेशन जोन, जेंडर इनक्लुजन फंड तथा एकेडेमिक बैंक आफ क्रेडिट के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।

दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए राँची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव सह प्राध्यापक, स्नातकोत्तर वाणिज्य एवं व्यापार प्रबंधन विभाग डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षा अंक प्रधान नहीं बल्कि कौशल प्रधान होनी चाहिए। उन्होंने झारखण्ड के परिप्रेक्ष्य में नयी शिक्षा नीति के संदर्भ पर चर्चा करते हुए कहा की झारखंड में भी नयी शिक्षा नीति लागु हो इसके लिए हम सभी शिक्षकों को एक ड्राफ्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपना चाहिए। अगर आवश्यकता हो तो इसके लिए जन आंदोलन भी किया जाना चाहिए। उन्होंने पूर्व के वक्ता के मुख्य बिंदुओं जैसे एसईजेड, जेंडर इनक्लुजन फंड की महत्ता पर भी जोर दिया तो दूसरी तरफ क्षेत्रीय भाषा में शिक्षण की नई शिक्षा नीति की अनुशंसा की वकालत भी की। उन्होंने विद्यार्थियों में पढ़ने में कंफ्यूजन किर्येशन को उदाहरण देकर बताया कि जिस तरह से अमरूद को क्षेत्रीय भाषा में टमरस कहते हैं। अंग्रेजी में गवाभा कहते हैं बच्चे इन तीनों शब्दों को सुनकर कंफ्यूज हो जाते हैं जिसके लिये नयी शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर क्षेत्रीय भाषा में पढाई होने का प्रावधान है।

तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान शिलांग मेघालय के प्रो. सुभाष चंद्र राय ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों के साथ-साथ भारतीय मूल्यों का विकास भी नई शिक्षा नीति से होगा जिससे शैक्षिक क्रांति होगी और ज्ञान सृजन, मूल्य सृजन और धन सृजन भी होगा और भारत ज्ञान आधारित इकोनामी की ओर विकसित होगा जिसमें भारतीय मूल्य और संस्कृति समाहित होगी दूसरी तरफ आधुनिक आभासी तकनीक एवं डिजिटल तकनीक में भी दक्षता और कुशलता का समावेशन होगा जिससे सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

राष्ट्रीय सेमिनार के सभी शिक्षाविदों का परिचय कराते हुए बीएड विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा प्रसाद ने कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से ही विकसित भारत के सपने पूरे हो सकते हैं जिसमें क्षेत्रीय भाषा, भारतीय दर्शन, भारतीय प्राचीन ज्ञान परंपरा के माध्यम से ही बच्चों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की बात कही। सेमिनार के प्रथम दिन के सभी शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना कंठ ने किया एवं मंच संचालन आयोजन सचिव डॉ. सचिन कुमार ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापक सहित सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित रहे।

इमा प्रतिभा सम्मान समारोह 23 जनवरी को

रांचीः झारखंड कराटे एसोसिएशन एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में 23 जनवरी को पुरुलिया रोड स्थित संत जोसेफ क्लब में इमा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सुबह 10 बजे किया गया है, जिसमें पिछले दिनों कोलकाता में संपन्न अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मुकुल नायक होंगे।यह जानकारी झारखंड कराटे एसोसिएशन के महासचिव एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निर्देशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने।

एकता कमेटी में तीन दिवसीय वैक्सीनेशन कैंप 23 से

रांची : भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड में कोविड- का तीन दिवसीय वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन 23 जनवरी रविवार से शुरू होने जा रहा है। वैक्सीनेशन कैंप दिन के 11:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक रहेगा। भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने सभी आसपास के लोगों से अपील की है कि इस कैंप में आकर कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि उस दिन सभी लोगों को मुफ्त मास्क भी दिया जाएगा।

एक नजर

राज्य में फिर बदला मौसम का मिजाज, हल्की बारिश हुई

रांची। झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। दो-तीन दिनों तक मौसम साफ रहने के बाद आज सुबह फिर कोहरा के साथ आसमान में हल्के बादलों ने डेरा जमा लिया था और दोपहर बाद राजधानी रांची और आसपास के कुछ हिस्सों में हलकी बारिश हुई। आसमान में बादल छाये रहने कारण रांची सहित पूरे झारखंड में पड़ रही ठंड से लोगों को राहत मिली है। मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि अगले दो दिनों में कुछ जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है और वज्रपात की आशंका है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण होगा। मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार कल 22 जनवरी से रांची सहित झारखंड में आंशिक बादल छाए रहेंगे। 21 से 24 जनवरी तक रांची का अधिकतम तापमान 23 से 20 और न्यूनतम 10 से 14 डिग्री रहने की संभावना है। इस दौरान कनकनी से लोगों को राहत मिलेगा। इसके बाद 25 जनवरी से आसमान साफ हो जाएगा। अभिषेक आनंद ने बताया कि कल 22 जनवरी से रांची सहित झारखंड के उत्तरी हिस्से में बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस दौरान ओलावृष्टि और वज्रपात भी हो सकती है। इस वजह से दिन के तापमान में थोड़ी गिरावट आएगी, लेकिन रात का तापमान बढ़ेगा। मौसम केंद्र के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से चार डिग्री की वृद्धि होगी। 22 से 24 जनवरी तक उत्तरी, दक्षिणी व मध्य हिस्से में बारिश होगी।

अंततः रघुवर की एक और पॉलिसी लैप्स

झारखंड स्टार्टअप नीति पर लगा ग्रहण

गौतम चौधरी

रांची : झारखंड में स्टार्टअप पर फिलहाल ग्रहण लगता दिख रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नीति की समय सीमा खत्म होने के बाद विभाग के द्वारा दूसरी नीति फिर से बनाकर मंत्रालय को भेज दिया गया है लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद इस दिशा में कोई पहल होता नहीं दिख रहा है। कुल मिलाकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की एक और पॉलिसी लॉप्स हो गयी।

वर्ष 2016 में नई स्टार्टअप पॉलिसी आने के बाद जिस जोर-शोर से सरकार ने इसे बढ़ावा देने के लिए प्रोग्राम और फंड बनाया, वो सब सिर्फ कागजों तक ही रह गया। कई स्टार्टअप्स को आज भी फंड मिलने का इंतजार है, लेकिन पॉलिसी के लौप्स हो जाने के बाद उन्हें भरोसा हो गया है कि अब सरकार एक कौड़ी भी देने वाली नहीं है। जितनी प्रसंग है। इससे आक्रोशित होकर

पॉलिसी में मात्र 49 उद्यमियों का चयन

स्टार्टअप पॉलिसी के तहत सरकार की ओर से मात्र 49 उद्यमियों का चयन किया गया था। यह चयन भी साल 2018 में किया गया, जबकि पॉलिसी राज्य में नवंबर 2016 से ही लागू थी। इतना ही नहीं, राज्य में जो उद्यमी स्टार्टअप के लिए सेलेक्ट हुए, उसमें से अधिकतर को सरकार की ओर से फर्स्ट फेज की राशि तक नहीं दी गई।

कई चयनित नवाचारियों को स्टाइपेंड का पैसे भी नहीं मिले

चयनित उद्यमियों ने जानकारी दी कि पॉलिसी के तहत आइडिया में विकास, शोध और वैधता के लिए राज्य सरकार चयन होने के पहले 12 माह स्टाइपेंड के नाम पर 8,500 रुपए देने वाली थी। यह राशि प्रत्येक माह उद्यमी या उद्यमी समूहों को देनी थी। वहीं दिव्यांग या महिला उद्यमियों को स्टाइपेंड राशि में अतिरिक्त 2000 रुपए देने का भी प्रावधान था। राज्य के अधिकतर चयनित नवाचारियों को यह राशि भी प्राप्त नहीं हो पायी।

इस मामले में क्या कहते हैं अधिकारी?

हमलोगों ने सितंबर 2019 में 17 उद्यमियों को सीड फंड उपलब्ध कराया। जो पांच से लेकर 12 लाख रुपए तक का रहा। वहीं, कुछ उद्यमियों को स्टाइपेंड के रूप में आठ से दस हजार रुपये भी दिये गये। लेकिन बाद में थोड़ी समस्या आने लगी। इसे तकनीकि खराबी कह सकते हैं। इस योजना के तहत 107 उद्यमी रजिस्टर्ड हैं और पांच सौ से अधिक आवेदन लैब के पास आया था। पहली पॉलिसी लौप्स होने के बाद दूसरी पर काम चल रहा है। पॉलिसी बनाकर मंत्रालय को भेज दिया गया है। एक महीने में झारखंड के नवाचारियों के लिए दूसरी स्टार्टअप पॉलिसी आ जाएगी।

- डीएस वर्मा, नोडल अधिकारी, आईटी डिपार्टमेंट, झारखंड सरकार

पूरे कार्यकाल में एसईबी की हुई मात्र दो बैठकें

स्टार्टअप आवेदन के बाद स्टेट इवैल्यूएशन बोर्ड उद्यमियों का चयन करता है। एसईबी बैठक करके उद्यमियों के आइडिया के आधार पर इनका चयन करता है। लेकिन पॉलिसी लागू होने के दो साल बाद 2018 में बोर्ड की बैठक हुई। जबकि पॉलिसी के नियमों के अनुसार, प्रत्येक चार माह में एसईबी की बैठक की जानी थी।

घोषणाओं के साथ राज्य सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी लागू की, उतनी सफलता पॉलिसी को नहीं मिल पाई।

इनक्यूबेशन सेंटर भी खत्म

स्टार्टअप पॉलिसी शुरू होने के साथ राज्य में अटल बिहारी इनोवेशन लैब स्थापित किया गया था। 2020 के फरवरी से ही स्टार्टअप पॉलिसी के तहत राज्य में काम ठप हो गया था। इसकी प्रमुख वजह आईआईएम अहमदाबाद के साथ वर्ष 2019 में एग्रीमेंट खत्म होना बताया गया। एग्रीमेंट खत्म हो गए लेकिन इस दिशा में राज्य सरकार के द्वारा कोई पहल नहीं की गयी। आइआइएम अहमदाबाद राज्य में स्टार्टअप पॉलिसी की मेंटर था, जो आईटी विभाग के अंतर्गत स्टार्टअप पर काम कर रही थी।

अरगोड़ा तालाब का होगा सौंदर्यीकरण : नगर आयुक्त

वरीय संवाददाता

रांची। नगर आयुक्त मुकेश कुमार के द्वारा शुक्रवार को वार्ड 26 स्थित अरगोड़ा तालाब का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर आयुक्त ने तालाब के चारों तरफ सफाई करने का निर्देश संबंधित जोनल और वार्ड सुपरवाईजर को दिया। इसके साथ ही उन्होंने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिये अभियंत्रण शाखा के अभियंताओं को चारों तरफ लैंडस्केपिंग, प्लांटेशन और आकर्षक लाईट लगाने का निर्देश दिया। वहीं तालाब की सीढ़ियों की मरम्मति कर रंग- बिरंगे पेवर ब्लॉक को आकर्षक तरीके से लगाने को भी कहा गया। मौके पर उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार,सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह, वार्ड पार्षद अरुण कुमार झा सहित अन्य मौजूद थे।

जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के पूर्व मूल प्रति से मिलान:रजिस्ट्रार

वरीय संवाददाता

रांची। रांची नगर निगम के सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी सह रजिस्ट्रार(जन्म -मृत्यु) की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक समिक्षात्मक बैठक की गई। इस बैठक में शामिल जन्म -मृत्यु शाखा के कर्मचारियों को बताया गया कि प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये प्राप्त आवेदन को गहनता पूर्वक मूल प्रति से मिलान कर सत्यापन करने के उपरांत ही प्रमाणपत्र निर्गत करने की कार्यवाही की जाये। वहीं साथ ही निर्गत किए गए प्रमाण पत्रों में श्रुटी का निराकरण यथाक्रम में संचिका के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाये।

बेटी को जलाकर मारने वाला आरोपी पिता गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। रातु थाना की पुलिस ने नाबालिग बेटी की हत्या करनेवाले पिता निर्मल साव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी पिता हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना क्षेत्र के पचरा गांव का रहनेवाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 24 अक्टूबर 2019 को नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी।

क्या था घटना

घटना 19 अक्टूबर 2019 की है। रातु थाना अंतर्गत चटकपुर में रहनेवाले निर्मल साव ने दो शादी की थी। पहली पत्नी रेखा की एक 16 वर्षीय बेटी थी। आरोपी पिता निर्मल साव को जानकारी मिली

कि उसकी पहली पत्नी की बेटी का किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग है। इससे आक्रोशित होकर आरोपी पिता निर्मल साव और उसकी दूसरी पत्नी राधा देवी ने घर में नाबालिग को निर्मम तरीके से मारपीट की थी। इस दौरान सौतेली मां और पिता ने उसके शरीर पर किरोसिन तेल डालकर आग लगा दी थी। शोरगुल सूनकर आसपास के लोगों ने आग से गंभीर रुप से जली नाबालिग को इलाज के लिये तत्काल रिम्स में भर्ती किया था,जहां दो दिन के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। नाबालिग ने मरने के पूर्व आरोपी पिता व सौतेली मां के खिलाफ पुलिस को बयान दी थी। इस मामले में मृतका की सगी मां के फर्दबयान पर पुलिस ले थाना में कांड दर्ज की थी।

टर्बो वाहन में लदा था अवैध कोयला, चालक व खलासी गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। ठाकुर गांव थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुये एक कोयला लदे टर्बो गाड़ी को जब्त की है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय के अनुसार गाड़ी बुडमू की तरफ से ठाकुर गांव की तरफ जा रही थी। अवैध कोयला लदे होने की सूचना पर पुलिस टीम सघन वाहन जांच कर रही थी। इस दौरान उक्त नंबर के टर्बो वाहन पर नजर पड़ते ही पुलिस टीम द्वारा रोका गया। पुलिस पूछताछ में चालक ने बताया कि ईंट लेकर जा रहे हैं। जिस पर पुलिसकर्मियों ने जब छानबीन की तो ईंट के नीचे कोयला लाद कर ले जाया जा रहा था। मौके पर पुलिस ने चालक नयूम अंसारी और खलासी प्रदीप मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं टर्बो गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

रांची : चुटिया थाना क्षेत्र के कमलू तालाब में डूबने से एक युवक कि मौत। मृतक की पहचान छोटू लोहरा पिता सनीचरवा लोहरा घाट रोड केतारी बागान निवासी बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात डूब गया था शुक्रवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम ने शव निकाला है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Urban Division, Ranchi.
Very Short e-Quotation No. 14/2021-22(3rd Call)

P.R. No. 260132 Drinking Water and Sanitation (21-22) D & P.R. No. 261075 Drinking Water and Sanitation (21-22) D

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials annexed as annexure-1 for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of HSC centrifugal pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 29.01.2022 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 31.01.2022 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

Address for Communication
Office of the Executive Engineer,Drinking Water & Sanitation Mechanical Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

PR 262165 Drinking Water and Sanitation(21-22)D

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

भाकपा माओवादियों का प्रतिरोध दिवस शुरू, पुलिस अलर्ट

रांची। भाकपा माओवादियों ने एक करोड़ के इनामी और ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो कमेटी के सचिव प्रशांत बोस और उसकी पत्नी शीला मरांडी को जल्द बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के को लेकर शुक्रवार से 26 जनवरी तक प्रतिरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया है। प्रतिरोध दिवस खत्म होने के बाद 27 जनवरी को झारखंड और बिहार बंद बुलाया है। इस संबंध में बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। माओवादियों ने उन्हें बेहतर इलाज की सुविधा देने की मांग की है।

माओवादियों के प्रतिरोध सप्ताह और बंद को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी एसपी को अपने अपने जिले में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 12 नवंबर को ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो के सचिव और एक करोड़ के इनामी प्रशांत बोस उर्फ किशन दा , उनकी पत्नी शीला मराण्डी उर्फ शीला दी, बिरेन्द्र हांसदा उर्फ जितेन्द्र, राजू टुडू उर्फ निखिल उर्फ बाजु, कृष्णा बाहदा उर्फ हेवेन और गुरूचरण बोदरा को गिरफ्तार किया था।पुलिस ने प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शीला मरांडी के पास से चार मोबाइल, दो एसएसडी एक पेन ड्राइव 1.51 लाख रूपया सहित अन्य सामान बरामद किया था। प्रशांत बोस के पास से बरामद हुए पेन ड्राइव और एसएसडी में नक्सली संगठन के कई दस्तावेज थे, जो सरकार के खिलाफ और नक्सली संगठन के समर्थन में प्रचार संगठन के पत्र और अन्य दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी है।

सरायकेला जिला के कांड्रा थाना अंतर्गत गिद्दीबेड़ा टोल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया था। सांसद सुनील महतो का हत्या सहित 50 से अधिक मामलों में प्रशांत की तलाश पुलिस को थी।

छत्तीसगढ़ से कंसल्टेंसी बहाल करने का निर्णय में पैसों का खेल: संघ

रांची। झारखंड खुदरा शराब विक्रेता संघ के अध्यक्ष सुबोध जायसवाल ने कहा है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये शराब की नई बिक्री के लिये छत्तीसगढ़ से कंसल्टेंसी को बहाल करने का निर्णय अव्यवहारिक व समझ से परे है। यह झारखंड के पदाधिकारियों व व्यवसायियों का अपमान है। सरकार द्वारा मौलिक अधिकार छिनने का निर्णय उचित नहीं है। झारखंड के सभी डिपो में आज 12 दिनों से ब्रांडेड शराब नहीं है। व्यापारी परेशान है। संघ के द्वारा विभाग को कई बार उपलब्ध कराने को कहा गया लेकिन परिणाम अबतक शुन्य है। सरकार नई कंसल्टेंसी को बहाल करती है तो इससे बाहर से दो नंबर का शराब बिकने की पूरी संभावना रहेगी एमआरपी से अधिक मुल्य पर शराब बिकेगी। कैबिनेट का यह निर्णय दर्शाता है कि इस निर्णय में ऊपर स्तर तक पैसे का खेल हो रहा है। मुख्यमंत्री को इस मामले पर हस्तक्षेप करनी चाहिये।

निगम ने चलाया है सफाई तो होकर रहेगी 3.0 विशेष अभियान

अशोक नगर व हेहल में ब्लीचिंग का छिड़काव

वरीय संवाददाता

रांची। रांची नगर निगम द्वारा 4 जनवरी से चलायी गई सफाई तो होकर रहेगी 3.0 विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को कचहरी,अपर बाजार ,रातू रोड, अरगोड़ा, हरमू, कडरु,अशोक नगर,बरियातु, हेहल, मेन रोड सहित अन्य क्षेत्रों में सैनिटाईजेशन व ब्लीचिंग का छिड़काव कराया गया। शहर में बढ़ रही कोरोना संक्रमण को देखते हुये सभी क्षेत्रों में कुल 26 गाड़ियों व 100 हैंडल डिवाइस के द्वारा सैनीटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। वहीं इस विशेष अभियान के तहत रांची नगर निगम द्वारा शहर में अवस्थित मॉड्यूलर टॉयलेटो की भी विशेष सफाई की गई।

गौरतलब है कि इस विशेष अभियान के तहत रांची नगर निगम द्वारा सैनिटाईजेशन का कार्य शहर में अवस्थित मॉड्यूलर टॉयलेटो की विशेष सफाई,पार्को की सफाई,मोहल्ले व मुख्य मार्गो की सफाई करायी जा रही है। वहीं सूखे व गीले कचड़े को अलग करने के लिये नागरिकों में जागरुकता भी फैलायी जायेगी।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 122/RI/2021-22/RWD/HAZARIBAGH
दिनांक :- 21.01.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र० सं०	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपये में) अंक में	प्राक्कलित राशि (रुपये में) अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि	टेण्डर कॉल नं०
1.	RWD/ HAZARIBAGH/ 10/2021-22	एन०एच०-100 बारीबार मोड़ से बारीबार होते हुए सिवाने नदी टाकुरुवाडा बाधा तक का निर्माण कार्य (ल०- 3.050 कि०मी०)	1,71,69,819.00	एक करोड़ इकहत्तर लाख उनहत्तर हजार आठ सौ उन्नीस रु० मात्र	12 माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 27.01.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 07.02.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि– **08.02.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- **09.02.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युरमेन्ट सेल

PR.NO.262175 Rural Work Department(21-22):D

124 सीटें खाली, तीसरे काउंसेलिंग में सीटें भरने की संभावना

बीएयू के यूजी कोर्स में 337 छात्रों का नामांकन

रांची : रांची कोविड 19 के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों सत्र 2020-21 में द्वितीय काउंसेलिंग द्वारा नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को पुरा हुआ। नामांकन झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) घोषित सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची एवं कॉलेज आवंटन के आधार पर किया गया। द्वितीय काउंसेलिंग में नामांकन के बाद कुल 337 छात्रों ने विश्वविद्यालय के 10 महाविद्यालयों में नामांकन कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय के इन महाविद्यालयों में कुल 124 सीटें खाली है।

प्रथम काउंसेलिंग में विश्वविद्यालय के कृषि, वेटनरी एवं वानिकी

संकाय के अधीन संचालित महाविद्यालयों में राज्य कोटे से कुल 285 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया था। शुक्रवार को पूरे हुए द्वितीय काउंसेलिंग में 52 छात्रों ने नामांकन कराया है। इस तरह राज्य के इस एकमात्र विश्वविद्यालय में राज्य कोटे से 124 छात्र झ छात्राओं को जेसीईसीईबी के तृतीय काउंसेलिंग के माध्यम से नामांकन लेने का मौका मिलेगा। संभावना है कि रिक्त पड़ी 124 सीटों के लिए पर्षद जल्द ही तृतीय काउंसेलिंग की प्रक्रिया शुरू करेगी।

सहायक कुलसचिव डॉ शशि किरण तिर्की ने बताया कि कृषि संकाय के 6 महाविद्यालयों में राज्य कोटे के कुल 308 सीटों के विरुद्ध 222 छात्र-छात्राओं का नामांकन हो चुका है। इनमें 94 छात्र तथा 128 है। रांची कृषि महाविद्यालय में 03, कृषि महाविद्यालय गढ़वा में 14, रविन्द्र नाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय देवघर में 22 एवं तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय गोड्डा में 13 सीटें रिक्त रह गई है। जबकि कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय कांके में 09 तथा उद्यान महाविद्यालय, खूंटपानी (चाईबासा) में 23 सीटें खाली है।

डीन एग्रीकल्चर डॉ. एसके पाल ने बताया कि कृषि संकाय के अधीन 4 कृषि महाविद्यालयों मे खाली 52 सीटों पर अब भी राज्य कोटे से नामांकन का अवसर है। राज्य में उद्यान एवं कृषि अभियंत्रण में काफी संभावनाएं है। इन दोनों महाविद्यालयों में खाली कुल 32 सीटों पर नामांकन का लाभ छात्र ले सकते है।

123 लाभुकों की स्वीकृति

रांची। रांची के उपायुक्त छवि रंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक लाभुकों को ऋण स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक लाभुकों को ऋण स्वीकृति को लेकर विचार-विमर्श किया। समिति ने अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक के कुल 123 लाभुकों को ऋण स्वीकृति प्रदान की। अनुसूचित जनजाति के 37, अनुसूचित जाति के 06, पिछड़ा के 33, अल्पसंख्यक के 45 और दिव्यांग के 02 लाभुकों की ऋण स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग विभाग एवं एलडीएम उपस्थित थे।

JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U85510OJH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com

Tender Notice: JMC/NIT-22/T-Shirt/02 **Date:21.01.2022**

VERY SHORT-TENDER NOTIFICATION
(E-Procurement System)
RATE CONTRACT FOR SUPPLY OF T-SHIRTS, CAPS AND BADGES

The Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & Procurement Corporation Ltd. (JMHIDPCL) hereby invites separate Technical and Commercial Bids (Two Cover System) through e-tender from the registered and eligible Manufacturers/ authorized dealer / distributor / stockist for **RATE CONTRACT FOR T-SHIRTS, CAPS AND BADGES**

The Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://jharkhandtenders.gov.inand should be submitted through e-procurement system only.

1	Name of Work	RATE CONTRACT FOR SUPPLY OF T -SHIRTS, CAPS AND BADGES
2	Time of Completion	30 Days from the date of Purchase Order.
3	Date of Publication of Tenders on website	24.01.2022
4	Date / time for receipt of bids	31.01.2022 up to 3 P.M
5	Date of Technical Bid opening	01.02.2022 at 3 P.M
6	Application fee (Non-refundable)	Rs 5000.00 (Rupees Five thousand only)
7	EMD	Rs 50,000/- (Rupees fifty thousand only).
8	Contact no. / Helpline number of e-procurement Cell	7004871564, 9771500075

Note: The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.

Detailed tender document can be seen and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only, hard copies of Technical bid & Price bid will not be entertained except Tender fee & EMD.

Sd/-
Managing Director,
JMHIDPCL, Govt. of Jharkhand
Namkum, Ranchi

PR.NO.262144 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(21-22):D

ब्रीफ न्यूज

रिम्स में घटी कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या, तीन की मौत

रांची। रांची सहित पूरे राज्य में कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। रिम्स में भर्ती कोविड पॉजिटिव के मरीजों की संख्या फिर एक बार घटी है। गुरुवार को रिम्स में जहां कोविड पॉजिटिव के 79 मरीज भर्ती थे, वहीं शुक्रवार को यह संख्या घटकर 75 हो गई है। दूसरी ओर शुक्रवार को रिम्स में तीन कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। रिम्स के प्रवक्ता डॉ डीके सिन्हा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिम्स में 75 कोविड पॉजिटिव के मरीजों का इलाज चल रहा है। इन मरीजों का इलाज डेंगू वार्ड, पीडियाट्रिक वार्ड, सर्जरी, न्यू ट्रामा सेंटर सहित अन्य जगहों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि रिम्स में शुक्रवार को कोविड पॉजिटिव के एक मरीज चंद्र मोहन (85) की मौत हुई है। इसके अलावा गुरुवार की देर रात दो मरीजों की मौत हुई है। इनमें 46 वर्षीय रीता देवी और 51 वर्षीय परमानन्द पाठक हैं। उन्होंने बताया कि रिम्स में ब्लैक फंगस और पोस्ट कोविड का एक भी मरीज भर्ती नहीं है।

जेपीएससी मुख्य परीक्षा को लेकर बैठक

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा-2021 आगामी 28, 29 एवं 30 जनवरी को आयोजित की गई है। प्रथम पाली में परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से 01:00 बजे अपराह्न एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 अपराह्न तक विभिन्न 09 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। इन परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा के आयोजन को लेकर उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा केंद्र पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में यह 28-30 जनवरी तक प्रत्येक दिन प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा

दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

रांची। जेपीएससी से सम्बन्धित हाई कोर्ट द्वारा 25 जनवरी को आने वाली फैसला के बाद आगे की रणनीति को लेकर 26 जनवरी को रांची में पुनः आंदोलनकारी छात्रों की बैठक की जायेगी। आज सिल्ली कॉलेज रांची पीजी हॉस्टल नं टू के समक्ष मैदान में सातवीं से दसवीं जेपीएससी में हो रही धांधली के विरुद्ध पीटी परीक्षाफल रद्द करने की मांग लेकर शुरू से कर छात्रों ने बैठक करके आगे की रणनीति पर चर्चा की गयी। मौके छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो और मनोज यादव ने कहा कि जेपीएससी आयोग झारखंड सरकार आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विभाग के गाईड लाईन का उलंघन करते हुए, स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देश का उलंघन करते हुए, सुप्रीकोर्ट के नियमावली के विरुद्ध, और जेपीएससी आयोग का खुद का नियुक्ति नियामवली के विरुद्ध, झारखंड के गजट के विरुद्ध जेपीएससी ने 28 जनवरी से मुख्य परीक्षा लेने का निर्णय लिया है जो संभव नहीं है।

सीबीआई जांच को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल

थानेदार लालजी यादव मौत का मामला

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय में पलामू के दिवंगत दारोगा लालजी यादव की मृत्यु की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की गयी है। हाईकोर्ट में अनुरंजन अशोक द्वारा दायर जनहित याचिका में लालजी यादव की मृत्यु को संदेहास्पद बताते हुए सीबीआई जांच की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि लालजी यादव की मृत्यु के बाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल करने वाले लालजी यादव के भाई और पलामू एसपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने वाले उनके परिजनों को लगातार धमकी मिल रही है। साथ ही केस उठाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि इस पूरी घटना के पीछे कोयला और खनिज की लूट का विरोध प्रमुख वजह है। प्रार्थी ने राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, उनके भाई वीनू ठाकुर, पलामू एसपी, डीटीओ और एसडीपीओ को पार्टी बनाया गया है। याचिका में इन सभी की संपत्ति की जांच की भी मांग की गयी है। इससे पहले पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर दिवंगत लालजी यादव के भाई संजीव यादव ने भी हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दायर की गयी है। इस याचिका में भी पलामू के एसपी, डीएसपी, डीटीओ और अन्य लोगों को पार्टी बनाया गया है। गौरतलब है कि नावा बाजार के पूर्व थाना प्रभारी लालजी यादव द्वारा कथित रूप से आत्महत्या कर लिये जाने की घटना सामने आयी थी। बताया जा रहा है कि आत्महत्या के चार दिन पहले लालजी यादव को नावाबाजार थाना प्रभारी पद से निलंबित किया गया था। उनपर डीटीओ से अभद्र व्यवहार और वरीय अधिकारियों के आदेश का उल्लंघन का आरोप था। उसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में उनका शव घर में ही फांसी के फंदे में लटकता मिला था।

उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा, दिशा-निर्देश

रांची। मोरहाबादी मैदान में आयोजित किये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का आज उपायुक्त छवि रंजन और एसएसपी सुरेन्द्र झा ने जायजा लिया। उपायुक्त छवि रंजन ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते हुए अतिथियों एवं आमजनों हेतु आने-जाने के रूट प्लान की तैयारियों का जायजा लिया। वीआईपी के आगमन के लिए अप्रोच रोड को लेकर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने साफ-सफाई के साथ कार्यक्रम स्थल पर फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, आपातकालीन मेडिकल किट, इत्यादि की सुविधा तैयार रखने के निदेश दिए। उपायुक्त ने कोरोना दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा। आलाधिकारियों द्वारा परेड और परेड पार्टियों के लिए की गयी व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त द्वारा नीलांबर-पीतांबर पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। बेहतर व्यवस्था को लेकर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने की कवायद

रांची: रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रथम और दूसरे चरण के ई ऑक्शन के दौरान देश के कई शहरों में इन्वेस्टर्स मीट का भी आयोजन किया जा चुका है और अबतक कुल दस प्लॉट्स की ई नीलामी सफलता पूर्वक हो चुकी है। इसी क्रम में हो रहे विकास में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशकों को सहयोगी बनाने के लिए शुक्रवार को इन्वेस्ट इंडिया ग्रिड के साथ भी रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन का प्रेजेन्टेशन हुआ। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित ऑनलाईन कनक्लेव में इंवेस्ट इंडिया ग्रिड के साथ देश के चार दर्जन से ज्यादा विभिन्न उद्योग घरानों के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य सचिव मनोज जोशी, संयुक्त सचिव कुणाल कुमार और कई पदाधिकारी जुड़े रहे। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से महाप्रबंधक (तकनिकी) राकेश कुमार नंदक्योलियार ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के जरिए रांची स्मार्ट सिटी की खासीयत और यहां उपलब्ध संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि इंवेस्ट इंडिया एक नेशनल इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन एंड पैसिलिटेशन एजेंसी है जिसको भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा विकसित किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के इच्छुक कंपनियों को निवेश में सहयोग और सकारात्मक परामर्श दिया जाता है। उम्मीद है तीसरे चरण के ई ऑक्शन से पहले इन्वेस्ट इंडिया के मुहिम से जुड़ने का रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को लाभ मिलेगा।

महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए पर बोलीं डा. कुमुद झा

सूर्य नमस्कार का अभियान बहुत जरूरी है

रांची। रांची में आज ओटीसी मैदान हेहल में क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में कुमुद झा और राजेश साह के नेतृत्व में सूर्यनमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर शंभू प्रसाद, डॉक्टर अजय कुमार, पवन मंत्री, सुबोध सिंह गुड्डू उपस्थित थे। योग गुरु कौसल, अमरदीप दवेदी, डॉ तान्या ने सूर्य नमस्कार कराया। डॉक्टर शम्भू प्रसाद ने बताया सूर्य नमस्कार करना शरीर को कई तरीके से फायदा पहुंचाता है। सुबह में नियमित सूर्य नमस्कार करने की आदत आपको कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स से बचाती है। सूर्य नमस्कार एक अच्छा व्यायाम माना जाता है। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में विटामिन डी प्रचुर मात्रा में मिलती है। सूर्य नमस्कार करके खतरनाक बीमारियों को दूर किया जा सकता है। कोरोना वायरस की दूसरी लहर में विटामिन डी का पूरी मात्रा में होना बेहद जरूरी माना जा रहा है। यदि आप सूर्य नमस्कार प्रतिदिन करें, तो आपके शरीर में विटामिन डी प्रचुर मात्रा में रह सकती है और आप कोरोनावायरस जैसी खतरनाक बीमारियों से बहुत हद तक बच सकते है। क्या आपको पता है कि सूर्य नमस्कार करने के क्या-क्या फायदे हैं अगर नहीं तो आइए जानें यहां। इस कार्यक्रम में सैकड़ों के संख्या में जनता उपस्थित हुए। कुमुद झा ने कहा सूर्य नमस्कार तो वैसे सबके लिए जरूरी है, लेकिन महिलाएं जो लोग अपने लिए समय नहीं निकालती हैं उनके लिए सूर्य नमस्कार बहुत जरूरी है ताकि वह लोग अपने उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सके और अपने स्वास्थ्य के लिए सूर्यनमस्कार करके अपने आप को स्वस्थ रख सके। मंतोष सिंह, वरुण गोराई, अरुण सिंह का मुख्य सहयोग रहा। इस मौके पर अम्बालिका तिवारी, सुधा नायक, देवंती कुमारी, अंजू इत्यादि ने भागीदारी निभाई।

कोरोना जांच की दर कम करने का निजी संचालकों ने किया विरोध

रांची। झारखंड सरकार की ओर से निजी लैब में कोरोना जांच शुल्क घटाए जाने के फैसला निजी लैब संचालकों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। रांची के निजी लैब संचालकों ने आपात बैठक में सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई गई। इसके विरोध में निजी पैथलैब संचालकों ने शुक्रवार को कोरोना जांच नहीं की। निजी लैब संचालकों का कहना है कि 300 रुपये में जांच करने में ने असमर्थ हैं, क्योंकि इतनी कम राशि में उन्हें नुकसान उठाना होगा। लैब संचालकों का कहना था कि सरकार 300 रुपये में जांच करना चाहती है तो उन्हें प्रति जांच 200 रुपये सब्सिडी दे। जांच में न केवल किट का खर्च होता है बल्कि मशीन में करोड़ों का इंवेस्टमेंट में होता है, उन्हें कर्मचारियों की सैलरी (कोरोनाकाल में ज्यादा देना पड़ रहा है), बिजली बिल, अन्य मेंटेनेंस पर भी खर्च करना पड़ता है। साथ ही निजी लैब संचालक कम मात्रा में हजारों की संख्या में किट खरीदते हैं, जिसके कारण उन्हें अधिक मात्रा (लाखों की संख्या) में किट लेने वालों की तुलना में ज्यादा भुगतान करना पड़ता है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने आरटीपीसीआर जांच की दर को 400 रुपये घटाकर 300 रुपये और रैपिड एंटीजन टेस्ट की दर को 150 रुपये से घटाकर 50 रुपये कर दिया है।

कोल फैक्टरी में सांसद और विधायक की संयुक्त छापेमारी

रांची: आजसू के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछड़ी में पड़ने वाले एक कोल फैक्टरी में छापेमारी की है। दोनों नेताओं ने गुरुवार की देर रात यह छापेमारी की। जानकारी के अनुसार जनप्रतिनिधि और उनके समर्थकों ने कुछ ट्रकों पर अवैध कोयला लदे होने का आरोप लगाकर ट्रकों को जब्त किया। इस दौरान ट्रकों के टायर से हवा निकाली और पुलिस- प्रशासन को मौके पर पहुंचने को कहा। सांसद और विधायक की ओर से यह भी आरोप लगा कि पुलिस एवं खनन के अधिकारी मौके पर देर से पहुंचे, जिससे कुछ ट्रक वहां से भागने में कामयाब हुए लेकिन मौके पर पहुंचे बोकारो के डीएमओ गोपाल दास के बयान के बाद पूरे मामले में नया मोड़ आ गया है। पत्रकारों से बातचीत में बोकारो के डीएमओ गोपाल दास ने कहा कि सांसद और विधायक महतो की शिकायत के आधार पर हमारी टीम यहां पहुंची। जांच के दौरान वाहन का दुरुपयोग नहीं पाया गया। गाड़ी के कागजात भी बरामद नहीं हुए। ट्रकों में जो कोयला लदा है, वो साबित नहीं हो पा रहा है कि कानूनी या गैरकानूनी। फैक्टरी के बारे में जो शिकायत थी, उसपर भी हमने जांच की है। फैक्टरी का लाइसेंस वैध पाया गया है। तमाम जरूरी चीजों के एनओसी देखने के बाद हमने फैक्टरी को लाइसेंस दिया है। कोयला कहां से निकला अब इस पर जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोयले की वैधता की जानकारी मिलती है, तो ठीक है, नहीं तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में जो भी कार्रवाई होगी वो नियमसंगत होगी।

आईएमए ने लिखा मुख्य सचिव को पत्र

डाक्टर के अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग

रांची: झारखंड इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने शुक्रवार को राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर आईएमए ने लातेहार जिला के चंदवा में पदस्थापित महिला चिकित्सक डॉ नीलिमा कुमारी के अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की है। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि डॉ नीलिमा के द्वारा चंदवा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है लेकिन अभी तक किसी भी अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे राज्य के चिकित्सकों में आक्रोश है। उन्होंने मुख्य सचिव से मांग की है कि घटना को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दें ताकि राज्य के चिकित्सकों का भय खत्म हो। आईएमए के प्रदेश सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने भी मुख्य सचिव से मांग की है कि अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर अधिकारियों को आदेश दें ताकि राज्य के चिकित्सक अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अविलंब कार्रवाई करें, ताकि चिकित्सकों का मनोबल कमजोर ना हो। उल्लेखनीय है कि 12 जनवरी को डॉ नीलिमा का अपहरण हो गया था। अपहरणकर्ता उन्हें लेकर रामगढ़ चले गए थे। उनके द्वारा मिन्नत करने के बाद ढाई लाख रुपए की फिरौती लेकर छोड़ा गया, जिससे डॉ नीलिमा सदमे में है।

सैनिक मार्केट में करीम मुगलाई रेस्टोरेंट का उद्घाटन

रांची। राजधानी रांची के सैनिक मार्केट में करीम मुगलई रेस्टोरेंट का उद्घाटन शुक्रवार को झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, मन्त्री हफीजुल हसन अंसारी, मंत्री बादल पत्रलेख ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्यातिथि मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि करीम रेस्टोरेंट खुलने से झारखंड के लोगो को नई किस्म की उम्दा लजीज खाना खाने को मिलेगा। यहां के लोग खाने पीने का बहुत शौकीन है। साथ ही इससे कई नौजवानों को रोजगार भी मिला है। संचालक आजाद फार्मा के निदेशक सह होटल के निदेशक मो जमाल ने बताया कि हमारे यहां करीम होटल सौ साल पुरानी और भरोसेमंद होटल है। यहां के व्यंजन किसी और के पास नहीं मिलेगा। यहाँ कि तंदूरी चिकन, मटन कोरमा, मुगलाई बिरयानी, फिरनी का आनंद लिए बगैर नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि झारखंड में यह पहला प्रतिष्ठान है। ग्राहकों की सेवा और स्वादिष्ट व्यंजनों से ग्राहकों को संतुष्ट करना हमारा उद्देश्य है। उद्घाटन के मौके पर विशिष्ट अतिथि मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री हफिजूल हसन अंसारी, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक डॉ इरफान अंसारी, विधायक राजेश कश्यप, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस नेता सुनील सहाय, कांग्रेस नेता शमशेर आलम के अलावा समाजसेवी शरफे आलम, अकिलुर्रहमान, अनवार अंसारी इरबा, पप्पू आलम, मो जमाल, मो तबरेज, अनस मो, मो रेहान, मो मिनहाज, डॉ असलम परवेज, नेहाल अहमद, अबुजर इकबाल, मो हमजा, मो उमर, वारिश कुरैशी, अरशद कुरैशी, नफीस अख्तर, एजाज अहमद, जानी आलम, तनवीर हसन, मो अब्बास, रविन्द्र सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन, कुमार राजा, मो तौसीफ, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, मो अमरा, मेहर आलम, इम्तियाज अहमद, के अलावा होटल परिवार से जुड़े कई लोग थे। तबरेज अजीज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्मिक ने जेएसएससी को लिखा पत्र, कहा

पंचायत सचिव व निम्नवर्गीय लिपिक नियुक्ति परीक्षा करें रद्द

रांची। राज्य सरकार द्वारा 13 अनुसूचित जिलों के लिए वर्ष 2016 में जारी संकल्प को वापस लेने बाद राज्य में जिला स्तर पर होने वाली नियमवर्गीय लिपिक व पंचायत सचिव प्रतियोगिता परीक्षा-2017 भी फंस गयी है। दोनों प्रतियोगिता परीक्षा की सभी प्रक्रियाएं लगभग पूरी की जा चुकी थीं। कार्मिक विभाग ने राज्य कर्मचारी चयन आयोग को पत्र लिखा है और 19 जनवरी को जारी आदेश के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही यह भी कहा है कि अगर इन दोनों नियुक्तियों से संबंधित कोई मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो शपथ पत्र दायर करें। ज्ञातव्य है कि निम्न वर्गीय लिपिक पद के लिए कुल 983 वेकेंसी निकाली गयी थी। वहीं, पंचायत सचिव पद के लिए लगभग 22 पद के लिए नियुक्तियां निकाली गयी थीं। दोनों मिला कर 3100 पद के लिए नियुक्तियां होनी थीं। इसके पहले आयोग 1 नवंबर 2021 को आदेश जारी कर नियुक्ति की प्रक्रिया अपूर्ण मानते हुए छह विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रक्रिया रद्द कर चुका है। उल्लेखनीय है कि पंचायत सचिव और लिपिक वर्गीय नियुक्ति प्रक्रिया का विज्ञापन संख्या 1/2017 है। लिपिकीय वर्गीय संवर्ग में समाहरणालय लिपिकीय, कोषागार लिपिकीय, उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम का लिपिकीय, उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम का स्टेनोग्राफर तथा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत पंचायत सचिव संवर्ग का विज्ञापन शामिल हैं।

सुपर स्पेशलिटी भवन सदर 18 फरवरी तक अस्पताल को हैंडओवर करना होगा

रांची। रांची सदर अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी भवन हैंडओवर करने के मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई चीफ जस्टिस रवि रंजन और जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ में हुई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग और सदर अस्पताल की ओर से जानकारी दी गई कि 15 जनवरी तक अस्पताल का नया भवन हैंड ओवर करना मुश्किल था। ऐसे में कोर्ट ने भवन हैंडओवर करने का अंतिम डेडलाइन 18 फरवरी दिया है। प्रार्थी ज्योति शर्मा ने मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। प्रार्थी पक्ष से अधिवक्ता सौरभ अरुण ने कोर्ट में दलील पेश की। इसके पहले मामले की सुनवाई 22 जनवरी को हुई थी। जिसमें विजेता कंस्ट्रक्शन ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया था कि 15 जनवरी तक सदर अस्पताल भवन हैंड ओवर कर दिया जायेगा। वहीं 31 जनवरी तक निमार्ण कार्य पूरा करने के साथ भवन को उपकरण युक्त करने की बात की गयी थी। कोर्ट ने मामले में विजेता कंस्ट्रक्शन को एक महीने का समय दिया था। 21 जनवरी को होने वाली सुनवाई में विजेता कंस्ट्रक्शन कंपनी को कार्य प्रगति की जानकारी देना है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने निर्माण में देरी पर विजेता कंस्ट्रक्शन कंपनी से अंडरटेकिंग का कार्य 30 सितंबर को ही पूरा करने का निर्देश दिया था।

रांची में ओपन डाटा सप्ताह के समापन पर वेबिनार

रांची: आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की पहल पर देश के सभी स्मार्ट शहरों में ओपन डाटा डे का आयोजन किया गया। एक सप्ताह से चल रहे ओपन डाटा सप्ताह के समापन पर शुक्रवार को रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन और रांची नगर निगम की ओर से भी एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में ओपन डेटा के स्रोत, इसके महत्व, इसकी उपलब्धता इत्यादि पर विशेषज्ञों ने अपनी अपनी राय रखी। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक (तकनीकि) राकेश कुमार नंदक्योलियार ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन सभी शहरों में डेटा के संकलन एवं लोगों के लिए डेटा उपलब्धता पर लगातार काम कर रहा है। इस मौके पर जेवियर इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विसेज रांची के असिस्टेंट प्रो भवानी प्रसाद महापात्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में डेटा की परिभाषा से लेकर उसके संकलन, उसके उपयोग और खासकर स्मार्ट सिटी की दिशा में इन डाटा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में ओपन डेटा से लोगों तक पहुंचने और उनको राहत दिलाने में विभिन्न एजेंसियों को काफी आसानी हुयी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की एजेंसियां हों या राज्य सरकार की एजेंसी, नागरिकों के लिए कई प्लेटफॉर्म पर डेटा उपलब्ध है। लेकिन जरुरत है कि लोग डेटा को लेकर जागरुक हों और उसका उपयोग सकारात्मक दिशा में करें। भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के असिस्टेंट प्रो जयदीप पत्ती ने भी डेटा के महत्व और उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डेटा के सहयोग से एक नागरिक भी सरकार द्वारा नीति निर्धारण में अपनी सहभागिता निभा सकता है। ओपन डेटा के माध्यम से नए नए बिजनेस मॉडल को विकसित किया जा सकता है जिससे समाज आर्थिक रुप से सुदृढ़ होगा। इस कार्यक्रम में ऑनलाईन माध्यम से एक्सआईएसएस के निदेशक अमर इरोन तिग्गा और कई छात्र, डीपीएस स्कूल के कई छात्र, रांची नगर निगम के कई पदाधिकारी, कर्मचारी, रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के कई पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड के पदाधिकारी आदि शामिल हुए।

आदर्श विद्यालय के बच्चों को स्मार्ट बनाने के लिए प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को मिल रही ट्रेनिंग

लैंग्वेज लैब में बच्चे सिख सकेंगे अंग्रेजी

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की झारखण्ड में शिक्षा के स्तर में सुधार की परिकल्पना जल्द मूर्तरूप लेगी। अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा गरीब, किसान, वंचित, पिछड़ों के बच्चों को भी प्राप्त हो, इसके लिये मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर मॉडल स्कूल का निर्माण कार्य शुरू किया है। मॉडल स्कूल के निर्माण की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री खुद कर रहे हैं, ताकि झारखण्ड के बच्चों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से आच्छादित किया जा सके। वर्तमान में करीब 80 मॉडल स्कूल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रिंसिपल एवं शिक्षकों की क्षमता

विकास पर फोकस

स्कूल संचालन का नेतृत्व करने वाले प्रधानाध्यापकों की क्षमता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिये उन्हें प्रशिक्षित करने का कार्य जारी है। शिक्षा विभाग ने इसके लिए प्रखंड स्तर पर 325 प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण हेतु निबंधन किया है, जिसमें से 176 प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। शेष का प्रशिक्षण 31 जनवरी 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 740 शिक्षकों ने भाग लिया है। 10 सप्ताह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूलों में विषयवार पदस्थापित शिक्षकों की तकनीकी क्षमता के विकास एवं कक्षा संचालन प्रक्रिया, छात्र केन्द्रित अध्यापन के लिये प्रशिक्षण दिया गया है। एससीईआरटी एवं डाइट को पूर्ण रूप से शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिये प्रभावी बनाया गया है। साथ ही, शिक्षकों के मूल्यांकन की सतत व्यवस्था, राज्य शिक्षक परिवर्तन दल के माध्यम से विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार, प्रेरणा शिविर, शिक्षकों का शैक्षिक परिदर्शन समेत अन्य उन्मुखी कार्यक्रमों के जरिये क्षमता विकास किया जा रहा है। राज्य के प्रस्तावित उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई से सम्बद्धता दिलाई जाएगी। इस तरह आदर्श विद्यालय योजना के तहत 80 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा। भविष्य में योजना का विस्तार करते हुए लगभग 15 लाख बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। आदर्श विद्यालय योजना को राज्य के लिये फ्लैगशिप योजना के रूप में लिया गया है, ताकि सरकारी विद्यालयों को पहुंच, समानता और गुणवत्ता की उत्कृष्टता में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप बनाया जा सके।

मिट्टी के अवैध उत्खनन के विरुद्ध हाईवा जब्त

रांची। रांची के मांडर-बुढ़मू वन क्षेत्र के खलारी के जंगल के आसपास बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी उठा रहे एक कंपनी के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई की है। वन विभाग ने मिट्टी लोड एक हाईवा को भी पकड़ मैक्लुस्कीगंज वन विभाग कार्यालय ले गया है। साथ ही दो हाईवा, एक पोकलेन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई है। जानकारी अनुसार रेलवे ने एक निजी कंपनी को काम दिया है। इस कंपनी से जुड़े लोग यहां मिट्टी खनन कर नई रेल लाइन परियोजना में मिट्टी भर रहे हैं। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने वरीय पदाधिकारी को दी। तब मांडर वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने पूरे दलबल के साथ पहुंचे। और जंगल से मिट्टी उठाते हुए एक हाईवा को जब्त कर लिया। इस संबंध में वनपाल रामेश्वर उरांव ने बताया कि जांच चल रही है। सभी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

एसोचैम एजुकेशन एक्सिलेंस सम्मिट कम अवार्ड्स -2022 की हुई घोषणा

आईसेक्ट विश्वविद्यालय को चुना गया बेस्ट प्राइवेट यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर

राज्यपाल रमेश बैस की मौजूदगी में आईसेक्ट विश्वविद्यालय को मिला यह सम्मान

संवाददाता

हजारीबाग : एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) की ओर से एजुकेशन एक्सीलेंस सम्मिट कम अवॉर्ड्स-2022 का ऑनलाइन आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सूबे के राज्यपाल रमेश बैस ने शिरकत की। वहीं सम्मानित अतिथियों में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो व शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की मौजूदगी रही। कलिंग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ श्रीधर, नेशनल अकादमी ऑफ कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर जनरल के बिक्शाति, मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा पटेल सरीखे अन्य वक्ताओं की मौजूदगी में शिक्षा की चुनौतियां और उसके समाधान के रास्ते पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कोरोना काल में सुदूरवर्ती इलाकों तक ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने की मुश्किलों व वैकल्पिक रास्ते के सहारे इसे कामयाब बनाने के पहलुओं पर भी विस्तृत बातचीत हुई। इसी बीच झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो व राज्यपाल रमेश बैस की मौजूदगी में एसोचैम की ओर से एजुकेशन अवॉर्ड्स-2022 की घोषणा की गई, जिसमें बेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को चुना गया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में मौजूद आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने यह सम्मान पाकर खुशी जाहिर की और राज्यपाल रमेश बैस, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो समेत कार्यक्रम में मौजूद सभी का आभार जताते हुए कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय कौशल आधारित क्वालिटी एजुकेशन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय का उद्देश्य तकनीकी स्तर पर कुशल, पारंपरिक ज्ञान, मूल्य आदि का विद्यार्थियों में विकसित करते हुए उन्हें आधुनिक परिवेश के लिए तैयार करना है। इसे विश्वविद्यालय हमेशा अमल में लाता रहेगा। बताते चलें कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पहले भी कई अवार्डों से नवाजा गया है, जिसमें एबीपी न्यूज की ओर से नेशनल एजूकेशन अवार्ड-2019, अवार्ड इलेक्ट्स संस्था की ओर से वर्ल्ड एजूकेशन सम्मिट अवार्ड 2019, प्रसिद्ध शैक्षिक पत्रिका कंपटीशन सक्सेस रिव्यू की ओर से सीएसआर टॉप युनिवर्सिटी ऑफ इंडिया अवार्ड, दिल्ली के ब्रांड बेटर कंपनी की ओर से आईकॉन ऑफ इंडियन एजुकेशन एक्सिलेंस अवार्ड 2020, करियर्स 360 की मासिक पत्रिका की ओर से झारखंड की शान सहित दर्जनों अवार्ड शामिल हैं। बेस्ट प्राइवेट यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर का खिताब मिलने पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एकेडमिक डॉ बिनोद कुमार, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, एआर एडमिन विजय कुमार, एआर परीक्षा विभाग ललित मालवीय, एआर नामांकन माधवी मेहता समेत विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों ने खुशी जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयासरत रहने की बात कही।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग (टी ए डी पी) की बैठक

रामगढ़: शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में नीति आयोग (टीएडीपी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा हर माह आकांक्षी जिलों के संबंध में जारी किए जाने वाले आंकड़ों के आधार पर विभागवार चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित किए गए 49 सूचकांकों पर विभागवार समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने एएनसी पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, जन्म के वक्त बच्चों का वजन, टीकाकरण आदि के कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया। कृषि संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने लघु सिचाई, सॉइल कंजर्वेशन सहित अन्य मामलों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक के दौरान पीरामल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड श्री विंध्यवासिनी राय द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उप विकास आयुक्त सहित सभी अधिकारियों को डेल्टा रैंकिंग में सुधार हेतु जिन क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को हर माह 10 तारीख तक आकांक्षी जिला कोषांग को उनके विभाग से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से उन्होंने सभी विभागों को एक्शन प्लान तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट रामगढ़ से संबंधित कई मामलों की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। उपरोक्त के अलावा बैठक के दौरान सिविल सर्जन, जिला योजना पदादिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीएम एनएचएम, एलडीएम रामगढ़, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, डीआरसीएचओ, सहायक जनसंपर्क पदादिकारी, गांधी फेलो सहित अन्य उपस्थित थे।

देशभक्ति कविता का पाठ आयोजन

रामगढ़ : शांतिधारा फाउन्डेशन के तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए आनलाइन कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में देशभक्ति कविता का पाठ करना है तथा उसका वीडियो बनाकर 27 जनवरी तक 9934973832 पर पूर्वाह्न दस बजे से संध्या सात बजे तक वहाटसएपप करना है। कविता पाठ देखकर भी किया जा सकता है। वीडियो के साथ विद्यार्थी को अपना नाम, कक्षा तथा शिक्षण संस्थान के नाम का उल्लेख करना आवश्यक होगा।सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र एवं उपहार प्रदान किए जाएँगे।

हजारीबाग में निकला 12 फीट का अजगर

हजारीबाग : हजारीबाग के पदमा थाना क्षेत्र स्थित तिलैडीह सूर्यपुरा में शुक्रवार को एक किसान के घर के पास 12 फीट का अजगर मिला। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना था कि यह अजगर कड़ाके की ठंड से बचने के लिए खेत में धूप सेंकने आया है। जानकारी मिलने पर अजगर को देखने के लिए खेत में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। फिलहाल अजगर सांप को प्लास्टिक की एक बाल्टी में बंद कर रखा गया है। पहले तो ग्रामीणों ने खेत में रस्सीनुमा कोई चीज समझा। पास जाकर देखा तो वह अजगर था। उसकी लंबाई बहुत अधिक थी। उसे देखकर ग्रामीणों होश उड़ गए। खेत में अजगर आ जाने की सूचना पूरे गांव में फैल गई।

दुष्कर्म का आरोपी, पुलिस ने दबोच भेजा जेल

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल थाने में दर्ज एक मामले में वांछित दुष्कर्म मामले के आरोपी रंजीत कुमार चौधरी को शुक्रवार को स्थानीय थाना की पुलिस ने चास में छापेमारी कर गिरफ्तार कर तेनुघाट उपकारा भेज दिया। छापेमारी थाना के अनि अजय कुमार यादव ने की। अवर निरीक्षक ने पूछे जाने पर कहा कि रंजीत कुमार यादव दुष्कर्म मामले के आरोपी हैं और उनके विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था। गुप्त सूचना मिली की आरोपी चास में छिपा हुआ है। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि काफी समय से आरोपी गिरफ्तारी के डर से भागा फिर रहा था। छापेमारी में कई पुलिस जवान शामिल थे।

राज्य सरकार की कारगुजारियों की वजह से झारखंड है बदनाम : दीपक

हजारीबाग : हजारीबाग भाजपा जिला मंत्री जयदेव चौधरी के ब्रह्मभोज में बरकठा स्थित चौबे गांव जाने के क्रम में जिलाध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व दर्जनों स्थान पर भाजपाइयों ने माला पहनाकर व शाल भेटकर सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर प्रेस को संबोधित करते हुए सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की कारगुजारियों की वजह से झारखंड का नाम बदनाम हुआ है। उन्होंने कहा कि हत्या, अपहरण, लूट,रिश्वतखोरी तथा बलात्कार जैसी घटित घटनाओ ने तो झारखंडवासियों को सुरक्षित नही रहने दिया है। चारो ओर अंधकार ही अंधकार है। सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रकाश ने कहा कि आज झारखंड सरकार की नाकामियों की वजह से लोगो को मात्र 10 घन्टा ही बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को नकेल कसने के लिए कमर कसकर एक सजग प्रहरी की तरह भाजपा प्रदेश में खड़ी है। श्री प्रकाश ने कहा कि जयदेव चौधरी बरकठा विधासभा के एक जुझारू व मास लीडर थे। उन्होंने कहा कि जिला मंत्री स्वर्गीय जयदेव चौधरी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए चलकुशा जा रहा हूं। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को पार्टी कार्यकताओं ने हजारीबाग के चरही, मोरांगी, संत कोलंबस कालेज मोड़, जिला परिषद चौक, डाकबंगला चौक, इचाक मोड़, पदमा चौक, बरही चौक, बरकठा बाजार, तथा बेडोकला चौक पर स्वागत किया गया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को स्वागत करनेवालो में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा, बटेश्वर मेहता, हरीश श्रीवास्तव, चंद्रनाथ भाई पटेल, सासंद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिन्हा, जिलामहामंत्री बिबेकानद सिंह, रमेश ठाकुर, गणेश यादव, कृष्ण सिन्हा, नगर अध्यक्ष पश्चिमी बिबेक बरियार, नगर अध्यक्ष पूर्वी बबन गुप्ता, राजू सिंह, ज्योति सिन्हा, ऋषि शर्मा, संजय कुमार टिंकू, बिकाश केसरी, रंजन रजक, अविनाश दुबे आदित्य शरद, रामजी गुप्ता , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेणुका कुमारी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष तनवीर अहमद, अविनाश कुमार, सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

कोरोना टीकाकरण को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

रामगढ़ : कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत रामगढ़ जिले में हो रहे कार्यों की शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पंचायत वार वैसे लोग जो अब तक कोरोना के टीके की पहली डोज नहीं ले पाए हैं को जल्द से जल्द टीका उपलब्ध कराने के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया वही अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों को उनके क्षेत्र में सभी योग्य लोगों को समय से कोरोना के टीके की दूसरी डोज उपलब्ध कराने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए शुरू हुए कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड वार किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के प्रत्येक 15 से 18 वर्ष तक के बच्चे को टीका उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वही अनुमंडल पदाधिकारी ने तेजस्विनी परियोजना के तहत सभी पंचायतों में बनाए गए क्लब के 15 से 17 वर्ष तक के सभी सदस्यों का टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। 10 जनवरी से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग जो अन्य बीमारी से ग्रसित हैं, स्वास्थ्य कर्मी तथा फ्रंटलाइन वर्कर के लिए शुरू हुए प्रिकॉशन डोज के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सिविल सर्जन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सभी स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंट लाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को जल्द से जल्द प्रिकॉशन डोज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

पेड़ों की कटाई से मैदान में तब्दील होता जा रहा, वन विभाग मौन

हजारीबाग : हजारीबाग पेड़-पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। धरती पर मौजूद पेड़-पौधे की अपनी अहमियत है, जिसकी वजह से हमारी जमीन हरी-भरी नजर आती है। जंगलों को संरक्षित करने और अधिक पेड़ लगाने पर अक्सर जोर दिया जाता है। लेकिन इन दिनों हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मंडई खुर्द से सटा जंगल का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है। प्रतिदिन लगभग दर्जनों की संख्या में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे जंगल धीरे धीरे मैदान में तब्दील होता जा रहा एक ओर जहां वनों की लगातार हो रही कटाई के कारण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रहा है, वहीं दूसरी और प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। यह सामान्य सा ज्ञान है कि पौधें ऑक्सीजन छोड़ते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं। वे अन्य ग्रीनहाउस गैसों को भी अवशोषित करते हैं, जो वातावरण के लिए हानिकारक होती हैं। पेड़ और जंगल हमें पूरी हवा के साथ-साथ वातावरण की भी सफाई करने के लिए मदद करते हैं। लगातार वनों की हो रही कटाई से कई जीव-जन्तु धरती से लुप्त हो चुके हैं।वनों की लगातार हो रही कटाई के बाद भी वन अधिकारी अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं। वही गांव के मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश ने बताया कि कई बार इस विषय पर आवाज उठाया गया, परंतु अभी तक कोई उचित निर्णय नहीं मिल पा रहा है। वन अधिकारी पूर्ण रूप से सोए हुए हैं। उन्हें इस प्रकार धड़ल्ले से अवैध रूप से वनों की कटाई नहीं दिख रही है। एक ओर जहां सरकार पेड़ों को बचाने की मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी ओर जंगलों को बचाने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

सिविल सर्जन ने की टीकाकरण को प्रभावी बनाने के लिए युवाओं को आगे आने की अपील

हजारीबाग : हजारीबाग जिले को कोविड टीकाकरण से शत प्रतिशत अच्छादित करने को लेकर आंकांक्षी जिला कार्यक्रम कोविड महाभियान के तहत शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ.एस.पी.सिंह की अध्यक्षता में हजारीबाग के विभिन्न कॉलेज स्टूडेंट्स के बीच वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार कार्यक्रम में अनेक स्टूडेंट्स ने भाग लिया और उन्हें कोविड टीकाकरण अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही उन्हें टीका लगाने हेतु लोगों को प्रेरित कर जागरुकता फैलाने की अपील की गई। मौके पर सिविल सर्जन ने हर व्यक्ति तक टीकाकरण की पहुच बनाने में युवायो की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि अभियान के सफलता के लिए जिला, प्रखण्ड व ग्रामीण स्तर पर कार्य कर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करे.उन्होंने कहा की इस अभियान में युवा कम से कम 30 लोगो को मोटीवेट करें इस कार्य के लिए उन्हें जिला के द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया किया जायेगा। पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि रणजीत कुमार द्वारा बताया गया कि टीकाकर महाअभियान में युवायो की भूमिका पर बताया कि युवा अगर अपने गांव/मुहल्ले में लोगो को टीकाकरण के लिए प्रेतित करेगे तो हजारीबाग जिला शत प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित हो पायेगा मौके पर आकांक्षी जिला गांधी फेलो समीर राजपुत तथा कुमार विश्वजीत ने पीपीटी के माध्यम से लक्ष्य निर्धारण के अनुरूप कार्ययोजना के बारीकियो से अवगत कराया। मौके पर सीनियर प्रोग्राम लीडर रवि प्रकाश गुप्ता, डॉ0 कपिल मुनी प्रसाद, जिला आर.सी.एच.पदाधिकारी नन्दजी दूबे मौजूद थे।

एक नजरें

सैप जवान नायक सूबेदार को रामगढ़ पुलिस लाइन में दी गयी श्रद्धांजलि

रामगढ़ : रजरप्पा थाना में तैनात 59 वर्षीय सैप जवान नायक सूबेदार कामेश्वर ठाकुर के रजरप्पा के कान्हा रेस्टोरेंट के नजदीक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। कामेश्वर ठाकुर 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर फूलों का गमला एवं अन्य सामग्री लेने कान्हा रेस्टोरेंट के नजदीक नर्सरी गए हुए थे। जहां ट्रेलर संख्या एनएल 01डी 6511 के चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में एक अन्य जवान संजय कुमार घायल हैं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सैप 1 के समादेष्टा कर्नल प्रवीण कुमार, पुलिस लाइन के मेजर मंसू गोप, रजरप्पा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विपिन कुमार की उपस्थिति में जवानों ने नायक सूबेदार कामेश्वर ठाकुर को शोक सलामी दी। पुलिस अधीक्षक और सैप समादेष्टा ने मृतक जवान को अंतिम सलामी देते हुए पार्थिव शरीर पर पुष्प गुच्छ अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और सैप समादेष्टा प्रवीण कुमार ने आश्रितों को ढाढस बंधाते हुए कहा पुलिस परिवार हर मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ खड़ा रहेगा। सैप जवान के पार्थिव शरीर को उनके परिजनों के साथ रांची के नाम को स्थित आवास भेजा गया जहां से अंतिम क्रिया के लिए उनके पैतृक आवास बक्सर ले जाया जाएगा।

फूल महिला विकास सपोर्ट संघ की सदस्य बनकर कर रहीं हैं सराहनीय कार्य

हजारीबाग : अगर इरादे पक्के हो तो कोई भी राह आसान हो सकती है, इसका एक उदाहरण हजारीबाग जिले के डाड़ी प्रखंड अंतर्गत बुंडू गाँव की निवासी पूर्णिमा हंसदा हैं। पूर्णिमा जो पलाश फूल महिला विकास सपोर्ट संघ की सदस्य हैं। समूह से जुड़ने से पहले उनके पास आजीविका का कोई साधन नहीं था. पूर्णिमा के जीवन में बदलाव साल 2017 में समूह से जुड़ कर आया। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बैंक लिंकेज द्वारा 50,000 रुपयों का ऋण लेकर राशन व मनिहारी की दुकान की शुरूआत की। व्यवसाय में वृद्धि के लिए आज वह साथ ही साथ होटल भी चला रही हैं। जिसके लिए पूर्णिमा ने 1 लाख रुपए मुद्रा लोन के अंतर्गत लिया है। आज वह अपने दोनो व्यवसायों से प्रतिमाह 12000 रुपए तक कमा लेती हैं। पूर्णिमा हंसदा आज न सिर्फ अपने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही हैं बल्कि दूसरी महिलाओं को भी आत्मनिर्भर उद्यमी होने के लिए प्रेरित करती है।

अराजपत्रित कर्मचारी 11 फरवरी को देंगे धरना

बोकारो : झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की ओर से आगामी 11 फरवरी को जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। 25 सूत्री मांगों को लेकर होने वाले इस धरना में महासंघ से संबद्ध जिले के सभी संघों के क्रांतिकारी सदस्य शामिल होंगे। धरना का आयोजन कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत किया जाएगा। कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता जिला मंत्री मनोरंजन कुमार निराला ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि रांची में हुई महासंघ की एक बैठक में लिए गए सर्वसम्मत निर्णय के तहत यह धरना आयोजित किया जाएगा। महासंघ की मांगों को लेकर सरकार की तरफ से उदासीनता को लेकर राज्य कर्मियों में असंतोष और आक्रोश है। महासंघ की मांगों में मुख्य रूप से नई पेंशन योजना को निरस्त कर पुरानी पेंशन योजना में सभी राज्य कर्मियों को शामिल करने, न्यायालय के आदेश के आलोक में सभी अनुबंध अथवा संविदा कर्मियों को नियमित करने, राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने, सभी मानदेय कर्मियों को सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में न्यूनतम वेतनमान के अनुरूप अथवा श्रम विभाग झारखंड की ओर से निर्धारित मासिक पर लब्धि के अनुसार मानदेय का निर्धारण आदि शामिल हैं।

संपादकीय

देर आयद दुरुस्त आयद

देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट पर पिछले 50 सालों से जल रही अमर जवान ज्योति का राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की ज्योति में विलय कर दिया गया। निश्चित रूप से यह देर से लिया गया दुरुस्त फैसला है। इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति इसलिए स्थापित की गई थी क्योंकि उस समय भारत का अपना राष्ट्रीय युद्ध स्मारक नहीं था। अब जबकि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बन चुका है तो अमर जवान ज्योति को वहां स्थापित करना सही फैसला है किन्तु अब इस मामले को लेकर भी सियासत हो रही है। कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध किया है जबकि जवानों की शहादत की स्मृति पर सियासत नहीं की जानी चाहिए। भारतीय सेना के पूर्व अधिकारियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि जिस पार्टी के नेता भारतीय सेना के शौर्य पर सवालिया निशान लगाते रहे है उन्हें इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए कि अमर जवान ज्योति को इंडिया गेट से हटाना शहीदों को अपमान है। अब इंडिया गेट पर जहां अमर जवान ज्योति थी वहां नेता जी सुभाषचंद्र बोस की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी ताकि उस स्थान का महत्व बना रहे। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती पर इंडिया गेट में उनकी विशाल प्रतिमा लगना नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी और उनसे देश की युवा पीढ़ी प्रेरणा लेगी। ऐसा लगता है कि सुभाष चंद्र बोस की वहां प्रतिमा लगाने के फैसले से भी कुछ लोग नाखुश है इसलिए इस मामले को लेकर तिल का ताड़ बनाया जा रहा है। भारतीय जवानों की शहादत का कोई अपमान नहीं कर सकता। इस बारे में अफवाह गैंग ने यह अफवाह भी उड़ा दी है कि अमर जवान ज्योति को बुझा दिया गया था जबकि हकीकत यह है कि अमर जवान ज्योति को ससम्मान इंडिया गेट से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक तक ले जाया गया और वहां पहले से प्रज्वलित ज्योति में अमर जवान ज्योति का विलय किया गया। इस काम का विरोध करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। राजनीति अपनी जगह है और जवानों की शहादत को अक्षुण्ण रखना अपनी जगह है। इसे लेकर बेवजह का विवाद खड़ा नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे देश की छवि पर असर पड़ता है। एक तो यही अफसोस की बात है कि आजादी के 70 सालो बाद भारत में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बन पाया जबकि दुनिया के तमाम छोटे बड़े देशों में उनके राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बन चुके थे। अब जबकि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक बन गया है और वहां अमर जवान ज्योति स्थापित कर दी गई है तो इसे लेकर विवाद नहीं होना चाहिए बल्कि इस फैसले का सभी को स्वागत करना चाहिए।

शिकंजे में भारतीय लोकतंत्र

डॉ. श्रीनाथ सहाय

भारत में अनेक राजनीतिक दलों का गठन धर्म के आधार पर हुआ है, जैसे - तमिलनाडु का डी.एम.के. , हिन्दू महासभा, मुस्लिम लीग अकाली दाल आदि। सभी राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों का चुनाव करते समय सांप्रदायिकता को महत्व देते हैं अर्थात जिस क्षेत्र में संप्रदाय के लोग अधिक होते हैं,उस क्षेत्र से उसी सांप्रदया के उम्मीदवार को राजनीति में उतारते हैं। राजनीतिक दल ही नहीं मतदाता भी अपने मत का प्रयोग संप्रदाय के आधार पर करते हैं। धर्म के नाम पर राजनितिक संघर्ष और सांप्रदायिक झगड़े होना आम बात है। मार्च 2002 में गुजरात में हुए भीषण सांप्रदायिक दंगे इसका जीवंत उद्धरण हैं। राजनीति को भी सांप्रदायिक आधार देकर अराजकातें की स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि जो ताकतें संप्रदाय के आधार पर राजनीति को बांट रही हैं उनके खिलाफसख्त कदम उठाए जाएं और सप्रदाय के आधार पर बने राजनीतिक दलों पर प्रतिबन्ध लगाया जाए।

भारतीय लोकतंत्र जातिवाद, परिवारवाद और सांप्रदायिकता के शिकंजे में बुरी तरह जकड़ा हुआ है। सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर जातिवाद और परिवारवाद का आरोप लगाते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि सभी दल में इसमें गले तक धंसे हुए हैं। विश्व के लोकतंत्रिक इतिहास में भारत ऐसा देश है, जहां परिवारवाद की जड़ें गहरी धंसी हुई हैं। यहां एक ही परिवार के कई व्यक्ति लंबे समय से प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय राजनीति की धुरी रहे हैं। आजादी के तुरंत बाद शुरू हुई वंशवाद की यह अलोकतांत्रिक परंपरा अब काफी मजबूत हो चुकी है। राष्ट्रीय राजनीति के साथ-साथ राज्य और स्थानीय स्तर पर इसकी जड़े इतनी जम चुकी हैं। देश का प्रजातंत्र पर परिवारतंत्र भारी नजर आने लगा है। ऐसे में परिवारतंत्र को कितना लोकतांत्रिक कहा जा सकता है, यह सवाल दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

आपको जानकार हैरानी होगी 2019 की लोकसभा के सदस्यों में से 30 फीसदी सांसद किसी न किसी राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते थे। इसमें पंजाब, बिहार जैसे राज्यों में राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखने वाले सांसदों की संख्या ज्यादा है। इसमें कांग्रेस पार्टी का नंबर सबसे ऊपर है, लेकिन भाजपा भी पीछे नहीं है। राजवंश या परिवारवाद की परिभाषा ही यही है कि कोई ऐसा व्यक्ति राजनीति में आए जिसके परिवार का कोई सदस्य पहले से चुनाव जीत चुका हो या अभी किसी न किसी पद पर कार्यरत हो। इसमें रिश्तेदार भी शामिल होते हैं।

2016 में आई कंचन चंद्रा की एक किताब कहती है कि 2004 से 2014 के बीच लगभग एक चैथाई सांसद परिवारवाद की राजनीति से आए थे। इंडिया एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट कहती है कि ये आंकड़ा अब 25 फीसदी से बढ़कर 2019 में 30 फीसदी पहुंच गया है। ये लगभग हर राजनीतिक पार्टी के साथ है। लोगों को भले ही लगे कि ये सिर्फ राज्य आधारित पार्टियों के साथ है पर ऐसा नहीं है। अक्सर ऐसा सोचा जाता है कि क्योंकि राज्य की पार्टियां अक्सर प्राइवेट पार्टी की तरह काम करती हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। राष्ट्रीय पार्टियों में परिवारवाद की मिसालें और भी बहुत ज्यादा हैं। राष्ट्रीय पार्टियां लगभग हर राज्य में इस तरह की मिसाल देती हैं। अगर हम देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की ही बात करें तो जवाहर लाल नेहरू के बाद इंदिरा गांधी राजीव गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी

और प्रियंका गांधी के हाथों में बागडोर दशकों से है। बीच में किसी को अपवाद के रूप में मौका मिला तो उसका हाल क्या हुआ सब जानते हैं। सियासी नजरिए से उत्तर प्रदेश सबसे मजबूत राज्य है। यहां पर परिवारवाद के धुर विरोधी लोहिया के शिष्य मुलायम सिंह यादव समाजवादी पार्टी को परिवार की प्रॉपर्टी मानते हैं। मुलायम सिंह के परिवार के लगभग बीस छोटे बड़े सदस्य केन्द्र या उत्तर प्रदेश की कुर्सियों पर विराजमान हैं। स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री जी के पुत्र, गोविन्द वल्लभ पंत के पुत्र-पौत्र, बहुगुणा परिवार, चैधरी चरणसिंह के पुत्र एवं पौत्र, मायावती के भतीजे, कल्याण सिंह के पुत्र, राजनाथ सिंह के पुत्र, मेनका गांधी और वरुण गांधी जैसे कई परिवार इसके उदाहरण हैं। भारतीय राजनीति में अगर परिवारवाद का शुद्ध मन से विरोध करने वाले कोई राजनीतिज्ञ थे तो वो राम मनोहर लोहिया थे। ताज्जुब की बात ये है कि समाजवाद के पुरोधा डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचार को उनके शिष्य मुलायम सिंह यादव और लालू यादव ही मानने को तैयार नहीं हैं। इक्का-दुक्का दल ऐसे भी हैं जो इससे दूर हैं, लेकिन उनकी गिनती न के बराबर ही है।

वहीं सदियों से राजनीति में जाति का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। भारतीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो राजनीतिक पार्टियों ने जाति को एक मुद्दा बनाकर अपने-अपने हित साधे हैं। देश में 1931 जनगणना से सम्बन्धित अंग्रेज कमिश्नर मिस्टर हट्टन ने लिखा है, सही-सही जाति आधारित जनगणना असम्भव है। वर्तमान में भी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इन चुनावों में भी जाति एक अहम मुद्दा बनकर उभरा है, जिसे सभी राजनैतिक पार्टियों ने अपने दलों में टिकट बांटते समय प्रत्याशी तय करने में ध्यान रखा है। क्षेत्रवाद ने जातिवाद को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके आधार पर विभिन्न क्षेत्रीय पार्टियों का प्रादुर्भाव हुआ और विभिन्न क्षेत्रीय पार्टियों ने जातीय समीकरण के आधार पर जाति विशेष की हितैषी बनकर भारतीय राजनीति में अपनी पहचान बनाने में न केवल कामयाब हुई वरन सत्ता भी प्राप्त करके राष्ट्रीय पार्टियों को भी जातिवाद के फार्मूले पर राजनीति करने के लिये आकर्षित किया। देश की राष्ट्रीय एकता को खंडित करने के लिए अंग्रेजों ने 1871 में जो जातीय जनगणना का विष रूपी अंकुर हमारी राजनीतिक धरा पर बोया था। उसे हमारी राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक के लिये राजनीतिक तुष्टिकरण के खाद पानी से सिंचित करती आ रही हैं। यही कारण है जब एक आम मतदाता चुनाव में मत डालने निकलता है तो उसके मन मस्तिष्क पर उस प्रत्याशी की छवि और चरित्र से ज्यादा उसकी जाति भारी पड़ जाती है।

हमारे संविधान निर्माताओं ने एक विशाल संविधान की रचना की है, जिसमें अनुच्छेद 16 (4) में पिछड़े 'वर्गों' के 'नागरिकों' को विशेष सुविधा देने की बात कही है। न कि जाति के आधार पर संविधान भी मजहबी आधार पर आरक्षण की मनाही करता है। इसका मतलब यह है हमारे संविधान के रचनाकारों की भी ऐसी कोई मंशा नहीं थी। बाबा साहिब भीमराव अम्बेडकर जी ने 'जाति का समूल नाश' नामक पुस्तक लिखकर जातिवाद पर अपने विचारधारा को प्रस्तुत किया। समाजवाद के जनक 'लोहिया' जी ने भी 'जाति तोड़ो' का नारा दिया। इन महापुरुषों के आदर्शों के सहारे राजनीति चमकाने वाले हमारे नेता जातिवाद की राजनीति करके जहां एक ओर भारत में अनेकता में एकता की अन्तर्राष्ट्रीय पहचान को क्षति पहुंचा रहे हैं वहीं दूसरी ओर इन महान विचारकों के महान आदर्शों का भी माखौल उड़ा रहे हैं।

हम इक्कीसवीं सदी के भारत में रह रहे हैं। पहले की तुलना में समाजिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाय तो जाति का महत्व थोड़ा कम अवश्य हुआ है। परन्तु राजनीति के धरातल में इसकी सत्ता आंकी जाय तो यह देश का हर नागरिक स्वीकार करेगा, कि जातिवाद का मुद्दा सभी राजनीतिक पार्टियां सुलगाये रखना चाहती हैं क्यों कि इसे समय-समय पर थोड़ी सी राजनीतिक हवा देकर आग लगायी जा सकती है और अपना राज नैतिक उल्लू साधा जा सकता है।

विचार

महामारी मुआवजा: राज्यों की खिंचाई

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सर्वोच्च न्यायालय ने उन प्रदेश-सरकारों को कड़ी झाड़ लगाई है, जिन्होंने कोरोना महामारी के शिकार लोगों के परिवारों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया है। सर्वोच्च न्यायालय का आदेश था कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 हजार रु. का मुआवजा दिया जाए। सभी राज्यों ने कार्रवाई शुरु कर दी लेकिन उसमें दो परेशानियां दिखाई पड़ीं। एक तो यह कि मृतकों की संख्या कम थी लेकिन मुआवजों की मांग बहुत ज्यादा हो गई। दूसरी परेशानी यह कि मृतकों की जितनी संख्या सरकारों ने घोषित की थी, उनकी तुलना में मुआवजे की अर्जियां बहुत कम आई। जैसे हरयाणा में मृतकों का सरकारी आंकड़ा था- 10,077 लेकिन अर्जियां आई सिर्फ3003 और पंजाब में 16,557 के लिए अर्जियां सिर्फ 8786 अर्जियां। जबकि कुछ राज्यों में इसका उल्टा हुआ। जैसे महाराष्ट्र में मृत्यु-संख्या 1,41,737 थी लेकिन अर्जियां आ गई 2 लाख 13 हजार ! ऐसा ज्यादातर राज्यों में हुआ है। ऐसी स्थिति में कुछ राज्यों में मुआवजे का भुगतान आधे लोगों को भी अभी तक नहीं हुआ है। इसी बात पर अदालत ने अपनी गंभीर नाराजी जताई। उसने बिहार और आंध्रप्रदेश के मुख्य सचिवों को तगड़ी फटकार लगाई और उन्हें कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी शीघ्र नहीं पूरी करेंगे तो अदालत अगला सख्त कदम उठाने पर मजबूर हो जाएगी। जजों ने यह भी कहा कि आपकी सरकार ने महामारी के शिकार मृतकों के जो आंकड़े जारी किए हैं, उनकी प्रामाणिकता संदेहास्पद है। उन्होंने बिहार जैसे प्रांत में मृतक-संख्या सिर्फ 12 हजार कैसे हो सकती है? अदालत ने गुजरात सरकार से पूछा है कि उसने 4 हजार अर्जियों को किस आधार पर रद्द किया है। अदालत ने कहा है कि किसी भी अर्जी को रद्द किया जाए तो उसका कारण बताया जाए और अर्जी भेजनेवालों को समझाया जाए कि उस कमी को वे कैसे दूर करें? अदालत ने सबसे ज्यादा चिंता उन बच्चों की की है, जिनके माता और पिता, दोनों ही महामारी के शिकार हो गए हैं। ऐसे अनाथ बच्चों के जीवन-यापन, शिक्षा और रख-रखाव की व्यवस्था का सवाल भी अदालत ने उठाया है। उसने सरकारों से यह भी कहा है कि वे गांव और शहरों में रहनेवाले गरीब और अशिक्षित परिवारों को मुआवजे की बात से परिचित करवाने का विशेष प्रयत्न करें। मान लें कि अदालत ने उन कुछ अर्जियों का जिक्र नहीं किया, जो फर्जी भी हो सकती हैं तो भी क्या? ऐसी गैर-कोरोना मौतों के नाम पर मुआवजा शायद ही कोई लेना चाहेगा और चाहेगा तो भी वही चाहेगा, जो बेहद गरीब होगा। ऐसे में भी राज्य उदारता दिखा दे तो कुछ अनुचित नहीं होगा।

अनिश्चित माहौल में कर्मचारी नौकरी बदलने की फिराक में

नरविजय यादव

नौकरी बदलने की संभावना वाली यह रिपोर्ट ऐसे वक्त में सामने आयी है जब देश फिर से कोविड महामारी की चपेट में है। इतना ही नहीं, हाल ही में बेरोजगारी की दर में भी वृद्धि हुई है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, दिसंबर 2021 में देश में बेरोजगारी की दर 7.9 प्रतिशत रही, जबकि नवंबर माह में यह 7 प्रतिशत थी। संस्था का यह भी कहना है कि दिसंबर में शहरी क्षेत्रों मे बेरोजगारी दर 9.3 प्रतिशत पर जा पहुंची। लिंक्डइन का सर्वे भारत में एक हजार से अधिक लोगों के विचारों पर आधारित है। युवाओं को नौकरी तलाशने के लिए सोशल मीडिया एक अच्छा विकल्प साबित हो रहा है। अनुमान है कि 80 फीसदी से अधिक नियोक्ता नये कर्मचारियों की तलाश सोशल मीडिया पर करते हैं। जॉबकास्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, 93 प्रतिशत नियोक्ता नये कर्मचारी खोजने के लिए लिंक्डइन का प्रयोग करते हैं।

दुनिया बदल रही है, तो काम के तौर तरीके भी बदल रहे हैं। वर्षों से चले आ रहे ढर्रे में बदलाव आ रहा है। वर्क फ्रॉम होम का चलन हो अथवा घर और काम में संतुलन बनाये रखने की समस्या, लोगों को पुराने तरीके से काम करने में उलझन होने लगी है। बेहतर कल की तलाश में, कम अनुभव वाले अपेक्षाकृत नये कर्मचारी इस साल अपने जॉब को बदलने के बारे में अधिक सोच रहे हैं। ऐसा रुझान लिंक्डइन इंडिया के एक ताजा सर्वेक्षण में सामने आया है। रिपोर्ट कहती है कि साल 2022 में 82 प्रतिशत वर्कफोर्स अपनी नौकरी बदलने पर विचार कर रही है। इनमें अधिक संख्या ऐसे कर्मचारियों की है जिन्हें काम करने का महज एक साल का अनुभव है। लिंक्डइन एक सोशल मीडिया साइट है, जिस पर रोजगार और कॅरियर संबंधी बातें अधिक होती हैं और जॉब देने वाले तथा नौकरी की तलाश करने वाले ङ्क दोनों ही तरह के पेशेवर इस साइट पर सक्रिय रहते हैं। हाल ही में लिंक्डइन इंडिया ने अपनी हिंदी सेवा भी शुरू की है, ताकि अधिक से अधिक भारतीय पेशेवर इस साइट पर जुड़ सकें। नौकरी बदलने की संभावना वाली यह रिपोर्ट ऐसे वक्त में सामने आयी है जब देश फिर से कोविड महामारी की चपेट में है। इतना ही नहीं, हाल ही में बेरोजगारी की दर में भी वृद्धि हुई है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, दिसंबर 2021 में देश में बेरोजगारी की दर 7.9 प्रतिशत रही, जबकि नवंबर माह में यह 7 प्रतिशत थी। संस्था का यह भी कहना है कि दिसंबर में शहरी क्षेत्रों मे बेरोजगारी दर 9.3 प्रतिशत पर जा पहुंची। लिंक्डइन का सर्वे भारत में एक हजार से अधिक लोगों के विचारों पर आधारित है। युवाओं को नौकरी तलाशने के लिए सोशल मीडिया एक अच्छा विकल्प साबित हो रहा है। अनुमान है कि 80 फीसदी से अधिक नियोक्ता नये कर्मचारियों की तलाश सोशल मीडिया पर करते हैं। जॉबकास्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, 93 प्रतिशत नियोक्ता नये कर्मचारी खोजने के लिए लिंक्डइन का प्रयोग करते हैं। इसी तरह, 66 प्रतिशत नियोक्ता इसके लिए फेसबुक का, और 54 प्रतिशत ट्विटर का उपयोग करते हैं।

नौकरी तलाशने वालों की बात की जाये, तो केवल 36 प्रतिशत लोग ही लिंक्डइन पर हैं, 40 प्रतिशत ट्विटर पर, और सबसे ज्यादा 83 प्रतिशत फेसबुक पर मौजूद रहते हैं। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे लोगों को आसानी से जॉब मिलता है, जिनका प्रोफाइल अच्छा है, साथ ही जिनके नाम को कई लोगों ने रेफर भी किया हो। जॉब की तलाश करने वालों को अपने सोशल मीडिया पर सोच समझ कर पोस्ट डालनी चाहिए। लिंक्डइन के सर्वे से पता चलता है कि 30 प्रतिशत लोग काम और जीवन में संतुलन न बना पाने के कारण अपनी मौजूदा नौकरी छोड़ रहे हैं।

नौकरी तलाशने वालों की बात की जाये, तो केवल 36 प्रतिशत लोग ही लिंक्डइन पर हैं, 40 प्रतिशत ट्विटर पर, और सबसे ज्यादा 83 प्रतिशत फेसबुक पर मौजूद रहते हैं। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे लोगों को आसानी से जॉब मिलता है, जिनका प्रोफाइल अच्छा है, साथ ही जिनके नाम को कई लोगों ने रेफर भी किया हो। जॉब की तलाश करने वालों को अपने सोशल मीडिया पर सोच समझ कर पोस्ट डालनी चाहिए। लिंक्डइन के सर्वे से पता चलता है कि 30 प्रतिशत लोग काम और जीवन में संतुलन न बना पाने के कारण अपनी मौजूदा नौकरी छोड़ रहे हैं, 28 प्रतिशत को लगता है कि उन्हें उचित वेतन नहीं मिल रहा है, जबकि 23 प्रतिशत अपने कॅरियर को और अच्छा बनाने की चाह में ऐसा सोच रहे हैं। बदले समय में कर्मचारियों को काम के घंटों और दिनों में लचीलेपन की दरकार है। इसके अलावा, बढ़िया वेतन की चाह तो सर्वोपरि है ही। एक और वजह से भी कर्मचारियों में तनाव बढ़ रहा है, वो है परिवार से दूरी, बढ़ती स्वास्थ्य चिंताएं और भविष्य को लेकर अनिश्चितता। इससे लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ बातें कुछ

कुछ बातें कुछ मुलाकातें कुछ अधुरी यादे संजो रखा है मैंने तुम्हारा गुस्सा , तुम्हारा प्यार हाँ माँ तुम्हारा दर्द , तुम्हारा एहसास हर जज्बात के बाद, तुम्हारे प्यार के साथ हाँ संजो रखा है मैंने वो आधी - अधुरी धुंधली यादें तुमसे मिलने की आस, तुम्हारे बिछड़ने के साथ मिलना जल्द मुझे माँ एक मुस्कान के साथ, इस सफर के बाद।

- रिचा तिवारी

तुम मेरे ज़हन की

तुम मेरे ज़हन की ऐसी नज़्म हो। जो मेरी हम उम्र हो मगर मुझ से ज्यादा संजीदा हो मुझ से ज्यादा उम्रदराज हो। मगर जब कभी तुम्हारे आसपास पहूंचता हूँ तुम अपनी रंगत बदल लेती हो। किसी दिन शायद मैं तुम्हे लिख दूंगा। ठीक वैसा जैसी तुम हो।

- कुलदीप वर्मा

खास पाती

जो साथ में था आज वो

जो साथ में था आज वो आगे निकल गया, पीछे मगर न जाने मैं कैसे फिसल गया। गुस्ताखियां हुई तो हैं मुझसे जहान में, थोड़ा सफल हुआ तो उसी में बहल गया। मेरे लिए सकून की थी झोपड़ी भली, ग़म ही मिले हैं जब कभी ऊंचे महल गया। रोका गया था सूर्य को 'तू डूबना नहीं', तय डूबना था शाम को अतएव ढल गया। जब झूठ था जुबान पे तो कुछ ख़लल न था, सच बोलना जहान में खुद को ही खल गया। होता नहीं यकीन, हक़ीक़त मगर यही, मेरी लगाई आग में मैं खुद भी जल गया। ले काफ़िया-रदीफ़ कई बार कुछ नए, लिख शे'र यार तुझपे मैं कहता ग़ज़ल गया। **- भाऊराव महंत**

आस्माँ के सारे तारे अपने

आस्माँ के सारे तारे अपने हैं किसी को भी छू के इशारे से अपना कह सकती हूं पर तुमको नहीं एसा क्यूँ वो सारे सितारे मेरे हैं बहुत दूर होकर भी, मेरे हैं पर तुम मेरे नहीं दिल के इतने करीब होकर भी एसा क्यूँ ये दूरी खोखली होते हुए भी कितनी भरी है ना ढहती है ना टूटती है बस बढ़ती ही चली जाती है मै सितारों की तरह ही दूर से ही सही इशारों में कहना चाहती हूँ कि तुम भी मेरे हो बेशक ना छू पाऊं तुम्हें इक एहसास ही सितारों की तरह दे दो ,कह दो कि मै हूँ।

- सुलोचना खुराना

सारे उत्तर खारिज़ हो गए तब

सारे उत्तर खारिज़ हो गए तब भी एक प्रश्न में अपार जीवन बचा रह गया ठीक उसी मिट्टी से एक क्षण में बन गयीं तुम। तुम पर प्रश्नसूचक यूँ ही नहीं गढ़ा ईश्वर ने शीश से शीर्ष तक नख से नक्षत्र तक यक्ष प्रश्न बनी रहो अनवरत तुम्हारे लिए सारी प्रार्थनाएं स्थगित हैं ईश्वर से लेकर पुरुष तक के उत्तरों में। मौन प्रश्न कौन प्रश्न। **- कल्पना पाण्डेय**

मुकाम गर न हो हासिल लगा

मुकाम गर न हो हासिल लगा गुहार मुझे कि हाथ जोड़ लगा रात -दिन पुकार मुझे घड़ी -घड़ी न बता प्यार है तुझे मुझसे दुआ करो के अब आने लगे करार मुझे - करीब दोस्त न हो दोस्त फिर न कहते हम उठे नजर न किसी की कि भाए यार मुझे कदम -कदम पे है धोखे जरा संभल कर चल बदल-बदल के मिले लोग बार- बार मुझे नसीब में जो लिखा है वही मिलेगा तो सवाल में न उलझ हल यही सवार मुझे।

- वंदना भट्नागर

सहर से शाम तक जब तुम मेरे

सहर से शाम तक जब तुम मेरे ही पास रहते थे गुलों से महके महके तब मेरे अहसास रहते थे जिसे चाहूँ करूँ पूरा, जिसे चाहूँ मिटा दूँ मैं.. हज़ारों ख़्वाब इन आँखों में बनकर दास रहते थे सहर से शाम तक जब तुम। **- ममता लड़ीवाल**

मैंने तो सोच ही लिया है तन्हा

मैंने तो सोच ही लिया है तन्हा रहूंगा तेरे जाने के बाद, फिर करूंगा ना यूं प्यार कभी भी किसी से मैं दुबारा। घूम रहा हूं योगी बन दुनिया के इन तंग गलियों में, ना कोई हमदर्द बना ना कोई देने वाला है सहारा।

- संजय सिंह राजपूत

तन्हा चलती सांस, मशवरों से

तन्हा चलती सांस, मशवरों से तंग जिंदगी, अधूरी ख्वाहिश सी, बेड़ियों में बंद जिंदगी। तुम नहीं थे तो वीरानी बसती थी हर मोड़- चहकती, मीठी महक सी तुम संग जिंदगी।।

- गजेंद्र द्विवेदी गिरीश

QUIZ TIME

1) नासा द्वारा तमिलनाडु के तीन छात्रों द्वारा विकसित नैनो सैटेलाइट लॉन्च करने की घोषणा की गई। इस सैटेलाइट का नाम दिया गया है?
2) चर्चित पुस्तक 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, वी श्रैंक द ड्रैगन' किसके द्वारा लिखी गई है?
3) 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2020 के मध्य सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष इस सप्ताह की थीम क्या है?
4) सिग्नल इण्टेलिजेन्स में संयुक्त सहयोग के लिए कार्यरत फाइव आईज खुफिया गठबंधन में हाल ही में भारत के अतिरिक्त कौन-सा देश शामिल हुआ है?
5) युद्ध सेवा मेडल पाने वाली पहली महिला का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला-
(1) इण्डियन-सैट (2) प्रदीप गुहा (3) सकर्त भारत, समृद्ध

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1666 : मुगल बादशाह शाहजहां का निधन हुआ।1673 : न्यूयॉर्क एवं बोस्टन के बीच डाक सेवा की शुरुआत हुई।1760 : वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसिसियों को हराया।1775 : फ्रांस के भौतिकशास्त्री एवं गणितज्ञ आन्द्रे मेरी ऐम्पेयर का जन्म।1808 : फ्रांसीसी सेना से भागकर ब्रागांसा पुर्तगाली शाही परिवार ब्राजील आया।1811 : कास विद्रोह की शुरुआत सैन एंटोनियो, स्पेनिश टेक्सास में हुई।1824 : अशंती ने गोल्ड कोस्ट में ब्रिटिश सेना को कुचलने के लिए, ब्रिटिश गवर्नर सर चार्ल्स मैककैथी की हत्या कर दी थी।1831 : प्रख्यात जीवविज्ञानी चार्ल्स डार्विन स्नातक बने।1850 : अल्टा कैलिफोर्निया एक दैनिक पेपर पहली बार कैलीफ में प्रकाशित किया गया।1880 : तुवांग राज्य स्कूल क्वींसलैंड ऑस्ट्रेलिया में स्थापित किया गया।1901 : ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया का 82 वर्ष की आयु में निधन हुआ।1906 : एसएस वेलेंसिया वैंकूवर द्वीप ने कनाडा के एक चट्टान पर हमला किया, जिसमें 136 लोगों मौत हो गयी।1918 : यूक्रेनी पीपुल्स रिपब्लिक बोल्शेविक ने रूस में स्वतंत्रता घोषणा की।1924 : रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने।1927 : हेरोल्ड लॉयड अभिनीत कॉमेडी फिल्म द किड ब्रदर परदे पर प्रकाशित की गयी।1963 : देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।1963 : फ्रांस और पश्चिमी जर्मनी ने एलीसी संधि पर हस्ताक्षर किया।1972 : इस्तानबुल की पूरी आबादी को 24 घंटे की अवधि के लिए नजरबंद किया गया।
1973 : अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात को कानूनी मान्यता दी।1993 : इंडियन एयरलाइंस का विमान औरंगाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 61 यात्रियों की मौत हुई।

सावधान रहने का संदेश देगा जागरूकता रथः आयुक्त

कोरोना जागरूकता रथ को किया रवाना

मेदिनीनगर : कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता रथ से कोविड से बचाव, सतर्कता बरतने एवं सावधान रहने के संबंध में लोगों को जानकारी मिलेगी। आमजनों में जागरूकता फैलाना रथ का मुख्य उद्देश्य है। गांव-गांव जाकर यह रथ लोगों में जागरूकता का संदेश देगा।

सरेकार द्वारा निर्धारित आयु वर्ग के व्यक्ति टीकाकरण के लिए एवं बीमार व्यक्ति जांच कराने के लिए प्रेरित होंगे। जिन लोगों ने टीका की पहली डोज ले चुके हैं, वे दूसरी डोज के लिए प्रेरित होंगे और जो दूसरी डोज लगवा चुके हैं, वे सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप प्रिकॉशन डोज भी लगवाने के लिए आगे आयेंगे। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे आज पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय के मेदिनीनगर स्थित अपने गोपनीय कार्यकाल परिसर से कोरोना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। मौके पर डीआईजी राजकुमार लकड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कोरोना जागरूकता रथ अगले 10 दिनों तक पलामू प्रमंडल क्षेत्र तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा। आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों से अपील किया कि वे शीघ्र वैक्सीन लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेकेंड डोज तक वैक्सीन ले लिए जाने से शरीर में इम्यूनिटी पावर विकसित होगी, जिससे कोरोना या ओमिक्रॉन का प्रकोप कम होगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में काफी संख्या में लोगों ने वैक्सीन लिया है, जिसके चलते ही तीसरी लहर का प्रकोप ज्यादा नहीं है। यदि शत प्रतिशत लोग टीका ले लेंगे, तो इसका प्रकोप नगन्य हो जाएगा और इस बीमारी ने जो डर पैदा किया है, उससे जीवन सुरक्षित होगी। इस जागरूकता रथ से लोगों को फायदा होगा।

इनकी रही उपस्थिति

रथ रवानगी के मौके पर आयुक्त जटा शंकर चौधरी, डीआईजी राजकुमार लाकड़ा, क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर, प्रभारी सिविल सर्जन-सह- जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. एमपी सिंह, डीपीएम स्वास्थ्य दीपक कुमार, आयुक्त के पीए जयंत कुमार, एनआरएचएम के रीजनल को-ऑर्डिनेटर कनक राज पाठक, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

जागरूकता अभियान का बड़ा महत्व : डॉ. एमपी सिंह

प्रभारी सिविल सर्जन-सह-जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सहित अन्य कार्यक्रमों में जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस अभियान का बड़ा महत्व है। लोगों पर इसका व्यापक असर पड़ता है। कोरोना संक्रमण के इस काल में लोगों में जागरूकता बहुत ही जरूरी है। आमजन जागरूक होंगे, तो वे कोविड जांच कराने एवं टीकाकरण के लिए आगे आएंगे। लोग प्रेरित होकर होकर टीका लगवाना सुनिश्चित करेंगे और बीमारी की स्थिति में कोविड जांच कराकर समय रहते आवश्यक दवाओं का सेवन कर स्वस्थ हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि टीकाकरण ओमिक्रॉन से बचने में भी सहायक है। कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन जैसे मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग रखना आदि कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि वे अपने नाक, ऑफ एवं मुंह को बार-बार नहीं छुए। कहीं बाहर से आने के बाद अपने हाथों को सैनिटाइज करें या साबुन-पानी से सफाई कर लें, ताकि संक्रमण का खतरा नहीं रहे।

कलाकार करेंगे टीका लगवाने की अपील : एफपीओ

क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने कहा कि कोरोना जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को कोविड-19 टीकाकरण कराने, कोरोना के नए वैरियेंट ओमिक्रॉन से बचाव के तरीके, 15 से 18 आयु वर्ष के किशोरों का टीकाकरण, 60 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के लोगों को बूस्टर डोज शूरू होने, हर घर दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर टीकाकरण कार्य करने, कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने, मास्क लगाने एवं वैक्सीन लगवाकर सुपरहीरो बनने के लिए जागरूक किया जाएगा। रथ में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि विस्तार एवं पीएम किसान योजना के तहत किसान कल्याण एवं ग्रामीण समृद्धि के संबंध में भी जानकारियां प्रकाशित की गयी हैं। रथ के माध्यम से 10 दिनों तक गढ़वा, पलामू एवं लातेहार जिलों के विभिन्न प्रखंडों और गांवों तक लोगों को उपर्युक्त विषयों के संबंध में जागरूक किया जाएगा। रथ के साथ प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो, रांची में पंजीकृत सांस्कृतिक दलों के कलाकारों द्वारा स्थानीय भाषा में कार्यक्रम कर टीकाकरण एवं कोविड उपयुक्त व्यवहवार का पालन करने की अपील भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग पलामू के सहयोग से कोविड से सावधानी बरतने आदि से संबंधित पंपलेट भी बांटे जा रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूकता से संबंधित पंपलेट भी दिये जा रहे हैं।

लोगों में आयेगी जागरूकता : डीआईजी

डीआईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों में जागरुकता आएगी। यह जिला प्रखंड एवं गांव में घूमकर लोगों को जागरूक करेगा, जिसका फायदा लोगों को मिलेगी। आमजन कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करेंगे और कोविड से बचाव हेतु सावधानी एवं सतर्कता बरतेंगे।

एक नजरें

32 गांवो में भी दो दिनों के अंदर 100 फीसदी टीका पूर्ण कर लिया जाएगा : बीडीओ

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार प्रखड विकास पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि नावा बाजार प्रखड क्षेत्र में कुल 43 गांव है । जिसमें 11 गांव तमदागा,नावा, इटको,पथरिहा,चेचरीया, रजहारा, कुंभी कला, कंडा,सिंजो, सरौना, तुकबेरा गांव में 100% लोग कोविंद-19 के तहत प्रथम डोज के टीका लोग ले चुके हैं । वही सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 18 जनवरी तक शेष 32 गांव में भी 95 से 98 % प्रथम डोज लोग ले चुके । और एक से दो दिन के अंदर नावा बाजार प्रखड क्षेत्र के 43 गांव में प्रथम डोज के टीका करण के कोटा पुंण कर लिया जाएगा । इसके लिए क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों,स्वास्थ्य कर्मियों, स्वयं सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका,जनवितरण प्रणाली दुकानदार,जलसहिया समेत सभी बुद्धिजिवि ग्रामीणों को धन्यवाद देता हूं और अपील करता हूं कि कोविंद-19 से बचाव के लिए टीका जरुर लें, सुरक्षित रहे, कोविंद-19 के बढ़ते संक्रमण पर, आपकी सुरक्षा, आपके हाथ में है,फेसमास्क लगाते हुए समाजिक दुरी बनाए रखें ।

कागजात अंचल कार्यालय में सौपेंः सीआई

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के निंदेशाअनुसार शुक्रवार को नावा बाजार अंचल निरीक्षक श्रीकांत दास एवं अमीन सुधिर कुमार ने नावा बाजार क्षेत्र में चल रहे दर्जनों इंटभट्ठा के दौरा कर इंटभट्ठा के रैयती एवं गैरमंजुरूआ जमीन के कागजात जांच किया । जांचों उपरांत अधिकतर इंटभट्ठा के कागजात में गैरमंजुरूआ पाया गया है । अंचल निरीक्षक श्रीकांत दास ने बताया कि अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के निंदेशाअनुसार नावा बाजार क्षेत्र में चल रहे इंटभट्ठा के सभी कागजात सत्यापन हेतु निंदेश प्राप्त है । उस आलोक में आज दर्जनों इंटभट्ठा के कागजात देखा गया है । लेकिन सभी इंट व्यवसाय मालिकों को सुचित करते हुए, सभी अपने अपने कागजात के साथ सत्यापन हेतु अंचल कार्यालय को समर्पित करें । अंचल निरीक्षक श्रीकांत दास ने बताया कि 2007- 8 ई० के बाद चिमनी ईट भट्ठा में लोहा का टावर बंद कर दिया गया है । जो भी चिमनी ईट भट्ठा चला रहे हैं, उन्हें सबसे पहले इंट के द्वारा स्थाई चिमनी टावर बनवाना होगा । इसके बाद ही चिमनी ईटभट्ठा चला सकेंगे ।

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल परखने के मौका मिलता : मदन

हुसैनाबाद, पलामू : अनुमंडल के पतरा खुर्द के दमदमी गांव में ग्रामीणों के सहयोग से क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें दमदमी व संढा क्रिकेट टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण जिला परिषद के पूर्व सदस्य सह राजद नेता मदन पासवान बतौर अतिथि उपस्थित थे। मैच के प्रारंभिक दौर में संढा की टीम ने बैटींग करते हुए मात्र 100 रन बनाकर ही सिमट गई। जबकि दमदमी की टीम ने 6 विकेट खोकर मैच पर कब्जा जमाया। यह मैच 16 ओवर का था। इस संबंध में मुख्य अतिथि मदन पासवान ने खिलाड़ियों के हौसले को अफजाई करते हुए कहा कि खेल से ही शारिरिक व मांसिक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि गांव के खिलाड़ियों को केवल निखारने का काम किया जाए तो गांव के खिलाड़ी भी बेहतर प्रदर्शन कर जिला राज्य के साथ साथ देश का भी नाम रौशन कर सकते है। उन्होंने विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पारितोत कर सम्मानीत किया। मैच को संपन्न कराने में गांव के युवाओं का भरपूर सहयोग मिला। जिसमें मुख्य रूप से रमेश मेहता, बूटन पासवान, सोनू मेहता, सूरज मेहता, बच्चन मेहता, कैलाश मेहता, पंकज पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

पांडू में स्थायी बीडीओ, सीओ की मांग जोरों पर

पांडु पलामू : पांडू में स्थाई इऊ्ड, उड नहीं रहने के कारण समाजसेवियों ने किया धरना प्रदर्शन। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विद्युत उपभोक्ता संघ पलामू के अध्यक्ष भाई गोविंद सिंह ने कहा, पांडू में स्थाई इऊ्ड ,उड नहीं रहने के कारण आम जनमानस काफी त्रस्त है। लोग आज लगातार तीन-चार माह से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं परंतु इऊ्ड साहब का दर्शन दुर्लभ हो गया है। पांडू के प्रभारी इऊ्ड पांडू के लिए बिल्कुल समय नहीं दे पाते हैं। लोगों को अपना काम को कराने हेतु कभी बिश्रामपुर, तो कभी डालटेनगंज का चक्कर काटना पड़ता है, तब जाकर इऊ्ड साहब से मुलाकात होती है। श्री सिंह ने कहा जब प्रखंड कार्यालय में कोई स्थाई बॉस नहीं हो तो उस प्रखंड कार्यालय के बाकी कर्मी का क्या हाल होगा यह समझने वाली बात है। भाई गोविंद सिंह ने झारखंड सरकार एवं उपायुक्त पलामू से आग्रह करते हुए कहा कि जितना जल्द हो सके 15 दिनों के अंदर पांडू में स्थाई इऊ्ड एवं उ ड दिया जाए अन्यथा बाध्य होकर हम सभी प्रखंड वासी विभिन्न दल के लोग एक साथ मिलजुल कर प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर भूख हड़ताल करेंगे इसकी सारी जवाबदेही सरकार एवं जिला प्रशासन की होगी।

डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन, लोगों ने रखी समस्याएं

मेदिनीनगर पलामू : उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया.समाहरणालय के सभागार में आयोजित जनता दरबार में कोविड प्रोटोकॉल के तहत उपायुक्त ने एक-एक कर विभिन्न प्रखंडों से आये सभी फरियादियों के समस्याओं से अवगत हुए.जनता दरबार में सतबरवा के बकोरिया से आये मो यहिया ने उपायुक्त को बताया कि ग्राम बकोरिया में खाता संख्याः362 प्लाट संख्याः1175 रकबा 0.77 डिसमिल के भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन दिया था लेकिन उक्त कार्य हेतु कर्मचारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा पैसा लिया गया बावजूद इसके काम भी नहीं किया गया। अतः उन्होंने उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह पाटन से आये कल्लू चौधरी ने बताया कि 1 अप्रैल 2015 से आउटसोर्सिंग कंपनी बालाजी के तरफ से लेसलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्य करते आ रहें हैं। इसके बाद कोरोना काल में पाटन में भी कार्य किया लेकिन अक्टूबर 2020 में उन्हें बिना कोई वजह हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि कई बार सिविल सर्जन के यहां आवेदन देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है। अतः उन्होंने उपायुक्त से इस संबंध में उचित कार्रवाई करने हेतु अनुरोध किया। इसी तरह सुदना के वार्ड 10 निवासी ममता कुमारी ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने के संबंध में आवेदन दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

सांसद लोगों के लिए चिरमिरी लाइन चालू करवा दें : सुनील

मेदिनीनगर पलामू : आज दिनांक 21 जनवरी 2022 झारखंड मुक्ति मोर्चा पलामू जिला कार्यालय के प्रांगण में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा जी ने कहा कि झारखंड सरकार की उपलब्धि को पलामू के सांसद एवं मेयर अपना उपलब्धि दिखाकर पलामू की जनता को बेवकूफ बनाना बंद करें। पलामू की जनता की वर्षों से चली आ रही है पानी की समस्या को लेकर पलामू की जनता की मांग पर पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा जी के द्वारा मांग पत्र पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए गए निर्णय शहरी जलापूर्ति योजना के तहत 162 करोड रुपए की तकनीकी स्वीकृति मिलने पर पलामू को जनता अभार प्रकट की और कहा कि कई वर्षों का सपना माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा शिकार किया गया इसके लिए पलामू की जनता को उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद देती है। 17 वर्षों से झारखंड की तरक्की पर लगी रोक दिन प्रतिदिन झारखंड की जनता कई समस्याओं से जूझ रहे थे कई वर्षों से पारा शिक्षक स्थाई होने का पूर्ण सरकार से गुहार लगाते रहे लेकिन पूर्व की सरकार सिर्फ और सिर्फ खुद का विकास करने पर लगी थी और 2 वर्षों में हेमंत सरकार ने झारखंड के जनता को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम देकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया है एवं पारा शिक्षकों को स्थाई कर और कई तरह का लाभ देकर उनके घरों में खुशी की लहर दौड़ आया है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सारा कार्य काफी सराहनीय है।

लालजी यादव की आत्महत्या दुखदाई, लेकिन अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराना गलत

मेदिनीनगर पलामू : दरोगा लालजी यादव की आत्महत्या मामले को पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने दुखदाई बताया है। साथ ही इस दुःखद घटना में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही है। यह भी कहा है कि इस मामले में जिस प्रकार से प्रशासनिक पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ और डीटीओ को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है, यह बिल्कुल गलत है। चेंबर के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी, ललन कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार पांडे, प्रभात कुमार गुप्ता, कमल कुमार गुप्ता, प्रदीप जयसवाल, सतीश कुमार तिवारी, सतीश पांडे, हरिशंकर सिंह आदि ने एक संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि पुलिस अधीक्षक ने लगभग 6 माह के कालखंड में जिस प्रकार से शहर और जिले में व्यवसायियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाया है, यह बहुत वर्षों के बाद इस जिले में देखा गया है। लॉकर कांड, सीमेंट व्यवसायी से ठगी का मामला, मर्डर कांड का उद्भेदन सहित व्यवसायियों के साथ चोरी की घटना हो या फिर डकैती की। या फिर मारपीट का मामला। सभी का उद्भेदन पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में किया गया है। साथ ही मेदिनीनगर शहर को जाम से मुक्त करने के लिए उनके निर्देश में शहर थाना प्रभारी और यातायात प्रभारी ने मिलकर कार्य किया है। सारे मामलों को देखने से प्रतीत होता है कि पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा का व्यवसायियों के प्रति अच्छी सोच है। दरोगा लालजी यादव की घटना निश्चित तौर पर मार्मिक है। एक अभिभावक की तरह एसपी को अधिकार मिला है कि गलती करने पर अपने पुत्र की तरह अपने कनीय पुलिस कर्मियों को सरकारी तंत्र में दंडित करें।

राकांपा नेता के पिता का कैंसर से निधन, शोक

हैदरनगर,पलामू : प्रखंड के खरगाडा पंचायत के चेचरिया गांव निवासी राकांपा नेता अनिल सिंह के 75 वर्षीय पिता व संभ्रांत किसान राजेन्द्र सिंह का लंबी बीमारी के बाद पैतृक आवास पर शुक्रवार को निधन हो गया। मृतक के पुत्र ने बताया कि एक वर्ष से उनके पिता कैंसर रोग से जूझ रहे थे। इलाज के लिये उन्हें दिल्ली, मुम्बई, वेल्लोर भी ले जाया गया। इस दौरान उन्होंने अंतिम सांस शुक्रवार को घर पर ही ली। उनके निधन की खबर मिलते ही इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, राकांपा के जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह, चंदन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, कालिया, योगेन्द्र सिंह, अनूप कुमार सिंह सहित कई पार्टी कार्यकताओं ने शव के अंतिम दर्शन कर शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। विनय सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि इस संकट की घड़ी में सभी कार्यकर्ता उनके साथ हैं।

हेमंत सरकार ने आंदोलनरत पारा शिक्षकों की समस्याओं का किया समाधान और दी पेट्रोल सब्सिडी : बिट्टू पाठक

मेदिनीनगर पलामू : पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार मध्यमवर्ग परिवारों को राहत देने का कदम उठा रही है। महागठबंधन सरकार द्वारा डेढ़ दशक से आंदोलनरत पारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान और पेट्रोल सब्सिडी देने का निर्णय का कांग्रेस ने स्वागत किया है साथ ही साथ रघुवर सरकार में वर्षों से लंबित पलामू के मेदनी नगर निगम की पेयजल आपूर्ति योजना फेज टू का अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों को स्वीकृति प्रदान की है इसके लिए नगर वासियों की तरफ से गठबंधन सरकार को धन्यवाद देते हैं। यह साबित करता है करने वाले आम जनों के लिए सरकार बनी है । कांग्रेस जेएमएम आरजेडी गठबंधन सरकार ना सिर्फ अपने वादे पूरा करने में जुड़ी है बल्कि गरीब निम्न मध्यवर्ग और मध्यमवर्ग परिवारों को राहत देने के लिए लगातार प्रयासरत है कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। झारखंड देश में पहला ऐसा राज्य है जहां पेट्रोल पर गरीबों को ?25 प्रति लीटर की सब्सिडी दिया जा रहा है। महा गठबंधन की सरकार जनता को बढ़ती महंगाई से राहत देने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। भाजपा शासित राज्य प्रदेश की सरकारों को भी झारखंड सरकार के इस कदम का अनुसरण करना चाहिए एवं झारखंड के भाजपा नेताओं को सड़कों पर उतरकर सरकार की प्रशंसा करनी चाहिए ना की नुक्ताचीनी करना चाहिए। करीब 64000 पाराशिक्षक पिछले डेढ़ दशक से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत पारा शिक्षकों की सहमति से राज्य सरकार ने सहायक अध्यापक शिक्षक नियमावली को मंजूरी प्रदान कर दिया इसके साथ ही पारा शिक्षकों के मानदेय सेवा की अवधि 60 वर्ष और अनुकंपा पर नौकरी तथा अन्य मांगों पर निर्णय लिया जा चुका है इससे राजभर के पारा शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद सिंह विधानसभा प्रभारी शमीम अहमद राइन जिला उपाध्यक्ष बिकारी राम राजेंद्र अग्रवाल जितेंद्र कमलापुरी अशोक राम चिंतामणि तिवारी अजय साहू शैलेश मेहता देवांग शुक्ला विनोद पाठक उपस्थित थे।

मानसिक तनाव में आकर युवक ने लगायी फांसी, मौत

मरकच्चो (कोडरमा) : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मूर्कमनाय पंचायत के ग्राम मूर्कमनाय टांड में एक युवक ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।मृतक युवक की पहचान मूर्कमनाय टांड निवासी दीपक कुमार शर्मा पिता दिनेश ठाकुर उम्र 26 वर्ष के रूप में की गई।जानकारी अनुसार मृतक का एक वर्ष पूर्व विवाह हुवा था। और वह दिल्ली में रहता था माता पिता भी दिल्ली में है। युवक एक सप्ताह पूर्व दिल्ली से बीमार होकर घर लौटा था।घर में मृतक के पत्नी एव छोटा भाई था।मृतक बीमार रहने के कारण मानसिक तनाव में आकर 21 जनवरी को अपने गमछे से सहारे से फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया।घटना सुबह लगभग 8 बजे की बताई जाती हैं।वही सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना प्रभारी संजय कुमार शर्मा अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करवाने हेतु सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया।

जिले में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई करना सुनिश्चित करेंगे : उप विकास आयुक्त

कोडरमा : 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उप विकास आयुक्त ने 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से लिये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि कोडरमा जिले में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों एवं पूरे शहर की साफ-सफाई भी सुनिश्चित कराएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस को कोविड गाइडलाइन के अनुसार समारोह में सामाजिक दूरी का अनुपालन, मास्क का उपयोग एवं सैनिटाइजेशन का सख्ती से अनुपालन किया जाये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित रखें। उपायुक्त आवास में पूर्वाह्न 8.00 बजे, बागीटांड स्टेडियम, कोडरमा में झंडात्तोलन का समय पूर्वाह्न 9:00 बजे, समाहरणालय परिसर पूर्वाह्न 10:10 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पूर्वाह्न 10.15 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय-10.20 बजे, जिला परिषद् कार्यालय पूर्वाह्न 10.25 बजे, अनुमंडल कार्यालय पूर्वाह्न 10:30 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय पूर्वाह्न 10.35 बजे, नगर पंचायत कार्यालय कोडरमा पूर्वाह्न 10.40 बजे, वन प्रमंडल कार्यालय पूर्वाह्न 10.45 बजे, समाहरणालय समीप स्थित बाबा भीम राव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण पूर्वाह्न 10.50 बजे, गांधी चौक कोडरमा अवस्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण पूर्वाह्न 10.55 बजे व पुलिस लाइन पूर्वाह्न 11:20 बजे होगा। डोमचांच स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच, अंचल अधिकारी डोमचांच मां देवप्रिया, थाना प्रभारी डोमचांच शशिकांत कुमार, नगर प्रशासक डोमचांच जितेंद्र कुमार जैसल नगर पंचायत समन्वय स्थापित कर अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ डीपी सक्सेना, जिला नजारत उप समाहर्ता जयपाल सोय व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

जन मुद्दों को लेकर माकपा ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

डोमचांच (कोडरमा) : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत पूर्व निर्धारित प्रखंड पर धरना प्रदर्शन को कोविड 19 के बढ़ते प्रोकोप को देखते हुए स्थगित कर सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने डोमचांच प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर विभिन्न जन सवालो को लेकर स्मार पत्र सौंपे। पत्र के माध्यम से नियमित बिजली कटौती पर रोक लगाया जाए। एवं पंचायत चुनाव को दलीय आधार पर करने जमीन की रेकार्ड ऑनलाइन करने में हुई गड़बड़ियों को पंचायतवार केम्प लगाकर सुधार करने, वृद्धा पेंशन के लिए पंचायतवार मेडिकल कैम्प लगाकर आयु निर्धारित करने, सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण रोकने,रायडीह में सरकारी जमीन पर खेल मैदान बनाने, तमाम सरकारी जमीनों को चिन्हित कर बोर्ड लगाने जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना उपलब्ध कराने 15वी वित्त आयोग में व्यापक भ्रटाचार पर रोक रायडीह गांव के मध्य विद्यायल को उच्च विद्यालय में तब्दील करने,गिरिडीह रोड से रायडीह जाने वाली सड़क के दोनों ओर क्रेसर के द्वरा फैलाए जा रहे प्रदूषण को रोकने हेतु 19 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

घाघरा : गुमला के उप विकास आयुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के चूंदरी पंचायत का औचक निरीक्षण किया। इस दरमियान उन्होंने सर्वप्रथम हापामुनी स्थित महामाया मां के मंदिर पर पूजा अर्चना किया। उप विकास आयुक्त कर्ण सत्यार्थी को पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी सुरेश मणि पाठक व राजेश मणि पाठक ने कराया।वहीं मंदिर परिसर में 15 वे वित्त आयोग और 14 वित्त आयोग से बनाए गए योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही साथ हापामुनी गांव में ही पेवर ब्लॉक ईट का सड़क निर्माण योजना, संतोष उराव का आम का बागवानी व एक सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हापामुनी स्थित महामाया मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है इसका पुराना इतिहास है। इस जगह का हम लोग धार्मिक और पर्यटन दोनों ही रूप से विकसित करने का काम करेंगे। जिसके बाद उन्होंने सुलोचना देवी व हेमंत मनी पाठक का प्रधानमंत्री आवास योजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुकों से कहा कि आवास बेहतर तरीके से बनाएं और उसका उपयोग रहने के लिए करे ना की मवेशी बांधने के लिए, कुछ लोग मावेसी बांधकर आवास का उपयोग करते नजर आए हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई भी किया जाएगा। पंचायत रोजगार सेवक सुखनाथ राम को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में मनरेगा से मजदूरी भुगतान का कार्य समय पर कराने ताकि भवन निर्माण में किसी तरह का परेशानी लाभुकों को उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने पंचायत के मुखिया आदित्य भगत और बीडीओ विष्णुदेव कच्छप को भी निर्देश दिया कि सभी योजना स्थल पर बोर्ड लगाएं जिस पर प्राकलित राशि भी अंकित कराएं। वही सामुदायिक भवन की जर्जर स्थिति को लेकर उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के पैसे से इसे मरम्मत करके गांव के लोगों को हैंडोवर करें। ताकि गांव के लोग इसका सार्वजनिक कार्यों में उपयोग कर सकें। जिसके बाद पंचायत के अन्य योजनाओं का निरीक्षण के लिए उप विकास आयुक्त अपनी पूरी टीम के साथ निकल गए इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप,मुखिया आदित्य भगत, सहायक अभियंता सतेंद्र उराव, कनीय अभियंता राहुल कुमार प्रधामंत्री आवास कॉर्डिनेटर अशोक कुमार, अजित मणि पाठक, नीलेश मणि पाठक, निरज पाठक, रोजगार सेवक सुखनाथ राम सहित कई लोग मौजूद थे।

डोमचांच प्रखंड के पांच विद्यालयों में डिजिटल टीवी उपलब्ध कराया

डोमचांच (कोडरमा) : संपर्क फाउंडेशन. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची ने शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड के पांच विद्यालयों में डिजिटल टीवी उपलब्ध कराया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह व संपर्क फाउंडेशन के जिला समन्वयक नितेश कुमार सिंह व विकास कुमार ने टीवी वितरण किया। नीतेश कुमार ने कहा कि नवाचार के माध्यम से बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार होगा। बच्चे टीवी के माध्यम से गतिविधि आधारित शिक्षा प्राप्त कर और बेहतर कर सकते हैं। इससे सभी बच्चों को डिजिटल कंटेंट के माध्यम से पढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके लिए डिजिटल क्लास रूम विकसित किया जा रहा है। मौके पर उमेश सिन्हा, मनोज कुमार, राकेश कुमार, विजय दास, मनोज बाजपेयी, मीना कुमारी, सुजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

बीडीओ की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक संपन्न

डोमचांच (कोडरमा): प्रखंड मुख्यालय सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में दिन शुक्रवार को गणतंत्र दिवस को मद्देनजर देखते हुए एक बैठक का आयोजन किया गया. बीडीओ उदय कुमार सिन्हा ने कहा राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी कार्यक्रम संपन्न करने का निर्णय लिया गया। सभी कार्यक्रम में मास्क, सामाजिक दूरी का विशेष ख्याल रखा जाए। निर्धारित समय अनुसार सभी कार्यक्रम संपन्न होना है। कार्यक्रम से संबंधित समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है, बैठक के दौरान अंचलाधिकारी मां देव प्रिया ने कहा कि मतदाता दिवस की थीम पर सभी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान को लेकर नगर प्रबंधक को निर्देश दिया गया। साथ ही नगर क्षेत्र शहीद स्मारक परिसर व अन्य सार्वजनिक स्थलों में साफ साफ सफाई की व्यवस्था अपनी देख रेख दुरुस्त करने का निर्देश डोमचांच नगर प्रबंधक बिजेंद्र कुमार सिंह को दिए।

बैठक में सत प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अंचलाधिकारी मां देव प्रिया, नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, नगर प्रबंधक बिजेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशीष राज, साधना कर्मकार, सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय प्रभारी सुधीर कुमार सिंह मौजुद थे।

15 से 18 साल के बच्चों के लिए चला टीकाकरण जागरूकता अभियान

डोमचांच (कोडरमा) : प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया, धरगांव पंचायत के बनपोक, ड़गरनवा यदि पंचायतों मे यदि पिछले तीन दिनों से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन की रथ यात्रा घुमा बता दें की डोमचांच प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में 15 से 18 साल के बच्चों के टीकाकरण के लिए अभियान चला रही है ! इस रथ यात्रा की शुरूआत उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया था। फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोविंद खनाल ने लगातार अनुमंडल पदाधिकारी. कोडरमा के साथ बैठक की, और इस रथ यात्रा की रूपरेखा तैयार किया ! इस रथ यात्रा के साथ स्वास्थ विभाग की टीम (ए एन एम और तकनीकी ऑपरेटर) मौजूद है और ये रथ यात्रा जंगल, पहाड़ी और पठारी तथा सुदूरवर्ती इलाको में जा रहीं है, दूसरे दिन यह यात्रा ढाब, बंगाखलर, जानपुर आदि क्षेत्रों में घूमा प्रत्येक दिन इस यात्रा के माध्यम से लगभग 150 बच्चों को टीका लगाया जा रहा है ! अनुमंडल पदाधिकारी श्री मनीष कुमार ने फाउंडेशन की इस रथ यात्रा की सराहना किए, अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन हमेशा से जिला प्रशासन का सहयोग किया है ! फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री खनाल का कहना है की इस रथ यात्रा का उद्देश्य यह है की इस टीकाकरण अभियान से एक भी बच्चे छूटने ना पाएं, सभी बच्चे सुरक्षित रहें और प्रत्येक बच्चें तक हम पहुंच पाए यह हमारी प्राथमिकता है ; श्री खनाल के निर्देशन में यह पूरी यात्रा चल रही है ।इस पूरी यात्रा को संगठित करने में फाउंडेशन के 20 से अधिक कार्यकर्ता योगदान दे रहे हैं।

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर बैठक संपन्न

मतदाता दिवस के लिये ऑनलाइन कार्यक्रम करायें : डीसी

कोडरमा : कोडरमा समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर बैठक की गयी। बैठक में कोडरमा विधान सभा-19 के अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी श्री मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी जय पाल सोय एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी शामिल हुए। इस वर्ष मतदाता पुनरीक्षण विशेष कार्यक्रम के दौरान कोडरमा जिला में करीब 25 हजार नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने पर कोडरमा जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। इस हेतु उपायुक्त महोदय ने अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और उनके टीम को बधाई दिये। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि इपिक रिसियो 53.55 प्रतिशत है और पूरे जिले में करीब 25 हजार नये मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया है। मतदाता पुनरीक्षण विशेष कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाले सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, ऑपरेटर एवं प्रज्ञा केंद्र के संचालक को सम्मानित किया जायेगा। उपायुक्त कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता को लेकर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित करें, इस हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूल व कॉलेज से समन्वय स्थापित करते हुए स्वीप कार्यक्रम के तहत पेंटिग इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिये गये कि बेहतर कार्य करने वाले सुपरवाईजर एवं बूथ लेवल पदाधिकारी को अपने स्तर से सम्मानित करने सुनिश्चित करेंगे। इधर, अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने निर्देश दिये कि नये मतदाता, जिनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है, उन्हें पहचान पत्र यथाशीघ्र दें। कोविड गाइडलाइन अनुरुप नियमों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा और सोशल डिस्टेसिंग व मास्क का इस्तेमाल करने का अपील किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व अन्य मौजूद थे।

हेमंत सरकार ने पारा शिक्षकों का किया आई वाश : नीरा

कोडरमा : पूर्व शिक्षा मंत्री सह वर्तमान कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने पारा शिक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं मिलने वाली हेमंत सरकार द्वारा लाभ का तुलना अपनी पूर्व वाली सरकार से किया। उन्होंने कहा हेमंत सरकार दौड़ती कम है। और हांफती ज्यादा है। जनहित का काम करती कम है और बताती बहुत ज्यादा है। इनका काम सिर्फ अपनी पीठ थपथपाना है। हमारी पूर्व की सरकार के पैटर्न पर ही इन्होने पारा शिक्षकों की मांग की घोषणाएं की है, इसमें नया कुछ नहीं है, सिर्फ समझने का फेर है। उन्होंने बताया पारा शिक्षकों के सम्बंधित हमारी सरकार एवं हेमंत सरकार की घोषणाओं में तुलना करने पर हकीकत सामने आ जाएगी। उन्होंने बताया 60 वर्षों तक पारा शिक्षकों को नहीं हटाने की बात तो ही नियमावली में पूर्ववत से थी और इन्होने भी वही कहा। शिक्षकों को ईपीएफ का लाभ पहले देने की घोषणा की गई थी। मेडिकल लिव या अवकाश अवधि का मानदेय पूर्व से निर्धारित चला आ रहा है । मानदेय में हरेक वर्ष को 3% महंगाई भत्ता के नाम पर पूर्व हमारी सरकार के समय से ही प्रस्तावित थी जो की अब इसे 4% किया गया, इसमें मात्र एक प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है। परन्तु उसमे भी इस सरकार का दो वर्ष बीतने के बाद घोषणा की है गुजरे दो साल का तो नुकसान हो ही गया । हमारी सरकार ने भी इन शिक्षकों द्वारा की गयी हड़ताल अवधि को टूट न मानते हुए निरंतर माना था। यदि मानदेय की तुलना की जाय तो 2014 को उच्च प्राथमिक (6-8 वर्ग) प्रशिक्षित एवं शिक्षक पात्रता उत्तीर्ण पारा शिक्षकों को 8400 रु मिलने वाली मानदेय राशि को निरंतर बढ़ाते हुए 2019 तक में 15000 रु, प्रशिक्षित को 8000 रु से 13000 रु एवं अप्रशिक्षित को 7400 रु से 11500 रु किया गया था। वहीं प्राथमिक (1-5 वर्ग) के पारा शिक्षकों में प्रशिक्षित एवं शिक्षक पात्रता उत्तीर्ण को 7800 रु से बढाकर 2019 तक में 14000 रु, सिर्फ प्रशिक्षित को 7400 रु से बढाकर 12000 रु एवं अप्रशिक्षित शिक्षक को 6800 रु से बढाकर 10500 रु तक किया गया था। यह पारा शिक्षकों की नियुक्ति के समय से अभी तक में अप्रत्याशित वृद्धि है। इस तरह से आप देख सकते हैं की हमारी सरकार ने लगभग 55% से लेकर 80% तक की मानदेय में बढ़ोतरी की थी जो की हेमंत सरकार अभी मात्र अपने मानदेय का 50% की राशि की बढ़ोतरी कर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रही है,यह एक पारा शिक्षकों के प्रति छलावा है। सिर्फ सहायक अध्यापक कहलाना एक लॉलीपॉप ही है। उन्होंने कहा इस सरकार के कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। पारा शिक्षकों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी की रख सकती है।

विधायक ने किया मैच का शुभारंभ, 6 विकेट से जीता तेतरियाडीह

कोडरमा : कोडरमा प्रखण्ड अन्तर्गत इंदरवा तूफान क्लब नीरू नावाडीह द्वारा आयोजित टी-10 क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच गोलवाढाब बनाम तेतरियाडीह के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव के द्वारा फीता काटकर व बल्ला चलाकर मैच का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया रीना देवी, उप-मुखिया ललिता देवी, समाजसेवी जमुना यादव, प्रकाश कुमार, महेश यादव, सतीश यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए। उद्घाटन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खेलकूद का विकास तथा प्रतिभाओं का निखार सुनिश्चित है और ऐसे खेलों को आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में क्लब और समाज की अहम भूमिका होती है ;जिन लोगों ने ऐसा आयोजन किया, मैं उन लोगों को तहे दिल से धन्यवाद और शुक्रिया अदा करती हूं। गोलवाढाब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर में 95 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलते हुए तेतरियाडीह ने निर्धारित ओवर में कुछ गेंद शेष रहते बड़ी संघर्ष से लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रकाश कुमार एवं पवन यादव के द्वारा संजीव कुमार उर्फ संजू को प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील यादव, सूरजदेव यादव, रोहित कुमार, कृष्णा कुमार, अनिल यादव, ब्रह्मदेव शर्मा, किशोर, गोतम,छोटन यादव, सचिन कुमार, शंकर ठाकुर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

बोकारो में कोयले के अवैध धंधे को लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारी आमने-सामने

सांसद ने हार्डकोक कंपनी में मारा छापा, तो डीएमओ ने कहा- प्लांट पूरी तरह से वैध

संवाददाता

बोकारो : बोकारो जिले में कोयला तस्करी का धंधा वैसे तो अनवरत जारी है, पर इस मसले पर अब जनप्रतिनिधि और अधिकारी आमने-सामने दिख रहे हैं। गुरुवार रात पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी पंचायत के पिपराटांड गांव के समीप चले रही एक हार्डकोक फैक्टरी में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की छापेमारी की, तो अगले ही जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) ने इस मसले पर प्लांट को क्लीन चिट दे दी। सांसद ने अपने समर्थकों के साथ छापेमारी कर उसे अवैध करार दिया। देर रात फैक्ट्री पहुंचे डीएमओ गोपाल दास ने निषाद हार्डकोक इंडस्ट्रीज को वैध बताया। इधर, सांसद द्वारा गुरुवार की रात में की गई छापेमारी के कारण शुक्रवार को फैक्ट्री में किसी प्रकार का काम नहीं हुआ, यहां एक भी लोग मौजूद नहीं थे।

इधर, डीएमओ ने कहा- फैक्टरी का लाइसेंस पूरी तरह वैध

बोकारो के डीएमओ गोपाल दास ने कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक लंबोदर महतो की शिकायत के आधार पर हमारी टीम जांच के लिए पहुंची। जांच के दौरान वाहन का ड्राइवर नहीं पाया गया। गाड़ी के कागजात भी बरामद नहीं हुए। ट्रकों में जो कोयला लदा है वो साबित नहीं हो पा रहा है कि कानूनी है या गैरकानूनी है। फैक्ट्री के बारे में जो शिकायत थी उसपर भी हमने जांच की है। फैक्टरी का लाइसेंस वैध है और इसका लाइसेंस पान बाबू केवट के नाम से है। तमाम जरूरी चीजों के एनओसी देखने के बाद हमने फैक्ट्री को लाइसेंस दिया है। कोयला कहां से निकला अब इस बिंदु पर जांच करेंगे। अगर कोयले की वैधता की जानकारी मिलती है तो ठीक है नहीं तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। जो भी कार्रवाई होगी वो नियमसंगत कार्रवाई ही होगी। फिलहाल यहां छह गाड़ी है। इसमें एक खाली है। बाकी सभी में कोयला लोड है। पुलिस भी अपना काम कर रही है। सूचना मिलने पर पुलिस भी हरकत में आयी। ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि पुलिस हमारा साथ नहीं दे रही है। सांसद ने गाड़ी भगाने का आरोप लगाया है यह मनगढ़ंत भी हो सकता है।

सांसद समर्थकों ने निकाल दी थी कोयला लदे ट्रकों की हवा

गौरतलब है कि गुरुवार की रात छापेमारी में सांसद के समर्थकों द्वारा लगभग छह कोयला लदे ट्रक के टायर का हवा खोल दिया। साथ ही दो खाली ट्रक और एक वैन में कोयला से भरी बोरियों के वाहन के टायर का भी हवा खोला। इसके बाद अपने समर्थकों के साथ सांसद चौधरी फुसरो-जैनामोड मुख्य मार्ग के डहुआ के टिकैत उमराव सिंह चौक के समीप अलाव जलाकर धरना पर बैठ गए। धरना स्थल पर से डीजीपी, आइजी, डीआइजी, एसपी, डीएसपी को फोन कर कार्रवाई करने की मांग किया। साथ ही मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को सूचना दिया। इस दौरान सांसद श्री चौधरी, गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, आजसू के केंद्रीय सचिव काशीनाथ सिंह आदि घंटों तक वरीय अधिकारियों का आने का इंतजार करते रहे। अंततः जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास व बेरमो थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान दलबल के साथ पहुंचे। यहां डीएमओ दास ने सांसद द्वारा पकडे गए कोयला लोड ट्रकों की छानबिन किया और निषाद हार्डकोक इंडस्ट्रीज पहुंचकर वहां मौजूद लोगों से दस्तावेज की मांग किया। लेकिन मौजूद लोगों से फैक्ट्री संचालक के मौजूद नहीं रहने की बात कहकर दस्तावेज दिखाने के लिए समय मांगा। यहां डीएमओ श्री दास ने मामले की जांच कर नियमसंगत कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इसके बाद सांसद व विधायक डीएमओ के आश्वासन पर लगभग छह घंटा सड़क पर बैठने के बाद उठे। सांसद की छापेमारी व धरना कार्यक्रम गुरूवार की देर शाम से रात 12 बजे तक चला।

राज्य सरकार और बेरमो विधायक की मिलीभगत : सांसद

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने आरोपों में कहा कि कोयला तस्करी के खेल में राज्य सरकार, बेरमो विधायक, स्थानीय पुलिस प्रशासन की मिलीभगत है। माफियाओं का मनौबल इतना बढा हुआ है कि गांव के कोई लोग विरोध करते हैं तो जान से मारने की धमकी देते हैं। माफियाओं द्वारा लोगों को धमकी व चुनौती देने के कारण हमें स्वयं छापेमारी कर ट्रकों व अन्य वाहनों को पकडने का काम किया। लेकिन पेटरवार पुलिस द्वारा पकडे गए कई गाडियों को भगाने का काम किया गया है। एक कोयला लोड वैन भी था जो वहां से गायब हो चुका है।

बुजुर्ग का शव उसकी झोपड़ी से बरामद

बोकारो : माराफारी थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर लौआकोचा बस्ती में रहने वाले भूटान देवगम नामक 70 वर्षीय एक बुजुर्ग का शव उसकी झोपड़ी में मिला। दो दिनों से वह अपने घर के आसपास दिखाई नहीं दे रहा था। इस बीच कमरे से जब दुर्गंध आने लगी तब लोगों को लगा कि उसकी मौत हो चुकी है। झोपड़ी के अंदर जाकर लोगों ने उसे मृत पाया। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने झामुमो नेता फैयाज आलम, राधेश्याम दुबे की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम करवाया। उसके बाद अंतिम संस्कार करवाया। मौके पर माराफारी थाना के एएसआई जलेश्वर उरांव, रवि कुमार के अलावे कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

तकनीकी शाखा के सहयोग से मोबाइल बरामद

पलामू : दिनांक 17.10.2021 वादी अश्विनी कुमार सिंह पे0 स्व0 अंजनी कुमार सिंह सा0 पांकी रोड रेडर्मा थाना शहर जिला पलामू के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध वादी के घर से दो मोबाइल चोरी करने के आरोप में कांड दर्ज हुआ पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए गुप्त वर एवं पुलिस अध्यक्ष महोदय पलामू के तकनीकी शाखा के सहयोग से कांड का उद्भेदन करते हुए कांड में चोरी गए दोनों मोबाइल को बरामद करते हुए दो अभियुक्तों विधि वक्त गिरफ्तार कर शहर थाना पलामू लाया गया है दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

झण्डातोलन कार्यक्रम किया निर्धारित : बीडीओ

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झण्डातोलन कार्यक्रम के समय शुक्रवार को किया निर्धारित । जिसमें प्रंखड कार्यालय प्रांगण में प्रातः 9 बजे, थाना परिसर में 9:20 बजे, प्रथम वर्ग पशु चिकित्सक कार्यालय प्रांगण में 9:30 बजे, सभी पंचायत सचिवालय में 9:45 बजे,पलामू के एकलौता गांधी आश्रम प्रागंण एवं सभी विद्यालय के साथ बैंक कार्यालय में 10: बजे झंडा तोलन किया जाएगा । उक्त मौके पर 0 से 5 वर्ष के बच्चे एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति झंडातोलन में भाग नहीं लेंगे । इसके साथ झंडातोलन के समय कोविंद-19 के मद्देनजर देखते हुए झंडातोलन के कार्यक्रम को सफल बनाएँगे ।

निर्धन बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री व मास्क का वितरण

बोकारो : एकल अभियान की युवा इकाई एकल फ्यूचर बोकारो महानगर की ओर से स्थानीय बिरसा मुंडा शबरी बस्ती में निर्धन बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री व मास्क का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग ग्राम विकास संयोजक (धनबाद विभाग) संदीप तिवारी व उनकी सुपुत्री शिवांगी तिवारी ने किया। इस दौरान एकल फ्यूचर बोकारो के प्रभारी ब्रजेश ब्रजवासी की ओर से बच्चों को कोरोना के निमित्त सावधानी प्रोटोकॉल से भी अवगत कराया गया। मौके पर एकल फ्यूचर बिरसा मुंडा शबरी बस्ती नायक जितेंद्र कुमार के अलावा प्रशान्त द्विवेदी, हरिओम, अनिल कालिंदी ,सुनील कालिंदी आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम योगदान दिया। ब्रजेश ने बताया कि बोकारो में अभी पांच शबरी बस्तियों में इस तरह का काम शुरू किया जा चुका है और भविष्य में पांच नई शबरी बस्तियों में भी शुरू होगा।

सांसद पीएन सिंह ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

संवाददाता

चास : चास के सोलागीडीह स्थित वार्ड नंबर 6 में शुक्रवार को धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा उत्तरी मंडल के अध्यक्ष पन्नालाल कांदू ने की। इस मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि आज हम लोग जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने गरीबों के लिए बहुत सारी योजनाएं चालू कीं, लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार ने उसे बंद कर दिया। उन्होंने कंबल वितरण के साथ-साथ केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और उसकी ओर से समाज के लिए किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही राज्य सरकार की विफलता की भी चर्चा की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भैया आर एन ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, हराधन झरियात, कमलेश राय, वीरभद्र सिंह, ए के वर्मा, शंकर रजक, झतु डे, राज सिंह सहित कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक के पहल पर ऑटो चालकों के लिए जिला परिवहन कार्यालय ने लगवाया विशेष कैम्प

मेदिनीनगर पलामू : पुलिस अधीक्षक, पलामू श्री चन्दन कुमार सिन्हा के पहल पर पलामू जिला के ऑटो चालकों के लिए जिला परिवहन कार्यालय ने लगवाया विशेष कैम्प। टेस्ट में पास होने पर दिया गया लर्नर लाइसेंस। करीब 75 चालकों को मिला लाइसेंस। ऑटो चालको को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रवृत्त करने के लिए प्रत्येक चालक को 200 रुपये की प्रोत्साहन राशि समाजसेवियों ने दी। प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने वालों में कनक मंदिर ज्वेलर्स के रामनरेश जी, सोहसा बस के दीपक लाल जी एवं व्यवसायी ज्ञानशंकर जायसवाल की भूमिका रही। ऑटो चालक एसोसिएशन के रमाकांत दुबे, ट्रैफिक प्रभारी रुद्रानंद सरस एवं जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन की भूमिका काफी प्रशंसनीय रही। ऑटो चालक काफी उत्साहित एवं खुश थे। समाजसेवी दीपक गुप्ता एवं सन्नू सिद्दीकी भी सहयोग कर रहे थे। सभी ने ग्रुप फोटो खिंचवाकर इस अवसर को यादगार बनाया।

समाजसेवी महेंद्र प्रसाद यादव ने 51 जरूरतमंदों को ओढ़ाया मर्म का चादर

कोडरमा (कोडरमा): प्रखंड अंतर्गत बेकोबार उत्तरी अंबाटांड गांव मे अहले सुबह शीतलहरी व सर्द पछवा हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए पूरनानगर पंचायत के उप मुखिया महेंद्र प्रसाद यादव ने 51 कंबल बितरण किया. बता दें की शुक्रवार अहले सुबह ठंड से ठिठुरते गरीब, असहाय, निर्धन लोगों के बीच पूर्णानगर पंचायत के उप मुखिया महेंद्र प्रसाद यादव ने अहले सुबह इन अम्बाटांड गाँव के लोग अपने घर सोये हुए लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किए। ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को जब सुबह में अचानक कंबल मिला तो ये लोग कंबल पाकर खुश हुए। और उप मुखिया महेंद्र प्रसाद यादव को धन्यवाद करते हुए भावुक हो गए। लाभार्थी ने शीतलहर की इस रात में उनका हाल चाल देखने आए व कंबल देकर मदद करने पर वे लोग थोड़ी देर के लिए भावुक हो गये।

डीपीएस चास में मेधा सम्मान समारोह आयोजित

अनुकूल परिवेश से ही निखरती है बच्चों की प्रतिभा : डॉ हेमलता एस मोहन

संवाददाता

बोकारो : डीपीएस चास में वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से हर्षोल्लास व जीवंतता के साथ मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र- 2020-21 के शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 47 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, प्रवीणता पुरस्कार, बैज व प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। वहीं, असाधारण प्रदर्शन के लिए 25 विद्यार्थियों को विशिष्ट पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन थीं। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे सहित सभी शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत तथा शिव पंचस्तोत्र पर नृत्य की प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान चेनाब सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन की ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि बच्चों में असीम संभावनाएं होती हैं। उनमें दुनिया को बदलने की क्षमता होती है। प्रत्येक बच्चा प्रतिभा सम्पन्न होता है। डीपीएस चास नई शिक्षा नीति के अनुकूल ही शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को कुशल बनाने की संपूर्ण व्यवस्था के साथ प्रयासरत है। विद्यालय के साथ-साथ माता-पिता को भी उनके लिए उपयुक्त परिवेश उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, क्योंकि अनुकूल परिवेश से ही बच्चों की प्रतिभा निखरती है। विद्यालय बच्चों को रचनात्मक सोच एवं विचारों को कला आधारित परियोजनाओं के रूप में बदलने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। यहां बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए उनके चतुर्दिक वातावरण को सुविधाजनक बनाने तथा विचारों की उन्मुक्त अभिव्यक्ति के लिए मंच प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा दृढ़तापूर्वक सफलता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी इसके लिए बधाई दी। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि बच्चे ही हमारी पहचान हैं। उन्हें प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए नूतन तरीकों की खोज करने के लिए विद्यालय प्रयत्नशील है। उन्होंने बच्चो को आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वास से पूर्ण रहने की प्रेरणा दी एवं उन्हे निरंतर प्रयत्नशील रहने को कहा। उन्होने वर्तमान परिस्थिति में कोविड नियमों का पालन करने, सजग रहने और आसपास के लोगो को जागरुक बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन खुशी कुमारी और बवलीन कौर भंडारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अथर्व राय ने दिया।

एक नजर में

बोकारो इस्पात विद्यालय-11 डी में प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोकारो : बोकारो इस्पात विद्यालय- 11 डी में बोकारो इस्पात द्वारा संचालित चार विद्यालय- बोकारो इस्पात विद्यालय- 11 डी, बोकारो इस्पात विद्यालय- 12 ई, बीआईएसएसएस-9 ई तथा बीआईएसएसएस-8 बी के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के लिए सीबीएसई के दिशा-निदेशों के अनुरूप एकदिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डी पी बिस्वाल प्रिंसिपल (बोकारो इस्पात विद्यालय- 11 डी) ने प्रतिभागियों को एक्सपेरिमेंटल लर्निंग इन प्रैक्टिसेज विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में के के सिन्हा, सहायक प्रबंधक (शिक्षा) एवं प्रिंसिपल (बीआईएसएसएस-9 ई), एस एस यादव, प्रिंसिपल (बीआईएसएसएस-8 बी) तथा एन के राय, प्रिंसिपल (बोकारो इस्पात विद्यालय- 12 ई) एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ए डी सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन ए के ठाकुर ने किया।

संगीन के साये में शुरू की बिजली पोल गाड़ने का कार्य

तालगड़िया : चंदनकियारी प्रखंड के महाल मौजा में शुक्रवार को जेएसबीएवाई योजना के तहत बरमसिया ग्रिड से विद्युत शक्ति पहुंचाने के लिए पुटकी उपकेन्द्र तक बिजली पोल गाड़ने को लेकर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सीओ रामा रविदास पूरी मुस्तैद के साथ सदल-बल पहुंचे। लोगों के संभावित विरोध से बचने के लिए साथ में ब्रज वाहन, अश्रु गैस वाहन आदि साथ लेकर आए थे। पिछले एक साल से बंद पड़े कार्य को शुरू किया गया। परन्तु एक पोल गाड़ने के बाद मशीन खराब हो जाने के कारण कार्य पूरा नहीं किया जा सका। तत्पश्चात सभी अधिकारी व कर्मचारी वापस लौट गए। गौरतलब है कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना पिछले साल ही शुरू की गई थी, परन्तु कुछ स्थानीय लोग मुआवजे की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे थे और इस वजह से कार्य बंद था। इस सिलसिले में बिजली विभाग द्वारा कई लोगों पर मामला दर्ज किया गया था।

औरंगाबाद के डकैत बोकारो में गिरफ्तार

बोकारो : औरंगाबाद से बोकारो आकर डकैती की योजना बनाते पांच बदमाशों को सिटी थाना पुलिस की टीम ने नयामोड़ के पास से गुरुवार की रात को दबोचा। सभी एक स्कॉर्पियो (जेएच10बीजेड-4380) में सवार थे। उनके पास से दो पिस्टल और गोली के अलावे मोबाइल फोन भी मिले। शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने बताया कि औरंगाबाद के रहने वाले अनिल कुमार, राहुल कुमार, अजीत सिंह और प्रमोद कुमार उर्फ बद्री पासवान 18 जनवरी की रात को ही औरंगाबाद से बोकारो के लिए चले थे। 19 जनवरी की सुबह बोकारो आने के बाद चास की एक धर्मशाला में ठहरे, जहां पर योजना बनाने के बाद दोपहर को निकले। इसके बाद शहर में घूमने के बाद नयामोड़ से माराफारी की ओर जाने वाली सड़क पर योजना बनाने लगे। इसकी भनक पुलिस को मिली। सिटी थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में टीम उन्हें दबोचने के लिए पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, इस बीच उनकी घेराबंदी करते हुए पकड़ा गया। उनकी जब तलाशी ली गई, तो उनके पास दो पिस्टल के अलावा कई सामान मिले। उन्होंने बताया कि सभी बदमाशों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। डीएसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के गिरोह से जुड़े अन्य लोगों को भी तलाशा जा रहा है। इनका लोकल लिंक बोकारो से ही जुड़ा है। इसलिए, औरंगाबाद से यहां घटना को अंजाम देने पहुंचे थे।

गणतंत्र दिवस पर नहीं पड़ेगा मौसम का खलल

बोकारो : मध्य प्रदेश के केंद्रीय भाग में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन और पाकिस्तान और उत्तरी पश्चिमी राजस्थान के सीमा पर मौसम संबंधी पश्चिमी विक्षोभ का असर बोकारो सहित पूरे झारखंड में दिखने लगा है। शुक्रवार को बोकारो सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाए रहे। बादलों की घेराबंदी के कारण सूरज की रोशनी और धूप भी मद्धिम रही। वहीं, लगभग 6.5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली शीतलहर ने सिहरन और कनकनी का एहसास कराया। दिन में भी ठिठुरन महसूस हुई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार इस पश्चिमी विक्षोभ के कारण 23 जनवरी को राज्य में कई स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। झारखंड के मध्य भाग में स्थित बोकारो सहित आसपास के जिलों में वर्षा के साथ-साथ ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है। वहीं, साइक्लोनिक सरकुलेशन के कारण उत्तर-पश्चिमी भाग और उससे सटे मध्य भाग में कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 22 से 25 जनवरी तक बारिश के आसार हैं। उसके बाद 26 जनवरी से मौसम साफ रहेगा। यानी गणतंत्र दिवस समारोह मौसम के कारण बाधित नहीं हो सकेगा। सुबह में कोहरा और धुंध में आसमान साफ रहेगा। शुक्रवार को पिछले 24 घंटे में जिले का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम रहा। जबकि, दिन का तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री कम 23.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि सुबह काफी देर तक कोहरा छाया रहा।

झारखंड के मुख्यमंत्री ने एआईएफएफ अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को दिया धन्यवाद

नई दिल्ली, 21 जनवरी : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को धन्यवाद दिया है। एआईएफएफ अध्यक्ष को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लखेल जीवन का एक तरीका है और विशेष रूप से फुटबॉल। जब झारखंड की बात आती है, तो मुझे ऐसे राज्य का नेतृत्व करने में गर्व महसूस होता है जिसने देश के लिए कुछ बेहतरीन फुटबॉल खिलाड़ी तैयार किए हैं और अब भी कर रहे हैं। हम, एक राज्य के रूप में, भारत में फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने पर गर्व महसूस करते हैं।

सोरेन ने पत्र में कहा, श्एएफसी महिला एशियाई कप भारत 2022 हाल के दिनों में सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूनार्मेंटों में से एक है, और इतनी बड़ी चैंपियनशिप की मेजबानी करना देश में फुटबॉल के विकास के लिए आपके प्रयासों और दूरदर्शिता का परिणाम है। सोरेन ने एएफसी महिला एशियाई कप इंडिया 2022 के लिए भारतीय टीम की तैयारी के हिस्से के रूप में वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय टीम को अगस्त से अक्टूबर 2021 के बीच जमशेदपुर में प्रशिक्षण के लिए आधार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सोरेन ने कहा, ह्लहम वर्तमान में झारखंड में अंडर-17 महिला टीम की मेजबानी कर रहे हैं क्योंकि वे आगामी फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। हमें उम्मीद है कि हमारी दोनों महिला टीमें देश में हो रही इन वैश्विक चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री ने एआईएफएफ अध्यक्ष को महिला एएफसी एशियाई कप भारत 2022 के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया, साथ ही झारखंड में वर्तमान कोविड 19 स्थिति को देखते हुए शारीरिक रूप से उपस्थित होने में असमर्थता व्यक्त की।

टी-20 विश्व कप : भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से

दुबई, 21 जनवरी : अंतराराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2022 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में टूनार्मेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी। टी-20 विश्व कप 2022 ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच आयोजित किया जाना है और यह सात स्थानों मेलबर्न, सिडनी, ब्रिस्बेन, एडिलेड, जिलॉन्ग, होबार्ट और पर्थ में खेला जाएगा। टूनार्मेंट में कुल 45 मैच खेले जाएंगे। पहले दौर में, 2014 की चैंपियन श्रीलंका और नामीबिया रविवार 16 अक्टूबर को उद्घाटन मैच में आमने सामने होंगे। ये दोनों टीमें ग्रुप ए में दो क्वालीफायर टीमों के साथ हैं। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को ग्रुप बी में स्कॉटलैंड और दो क्वालीफायर टीमों के साथ रखा गया है। सुपर 12 में ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और ग्रुप ओ की विजेता और ग्रुप बी के रनर अप टीम शामिल है। ग्रुप 2 में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और ग्रुप बी की विजेता और ग्रुप ए की रनरअप टीम को रखा गया है। मेजबान और गत चैंपियन, ऑस्ट्रेलिया अपने पहले मैच में 22 अक्टूबर को एससीजी में न्यूजीलैंड से खेलेगा।

आर्सेनल को 2-0 हराकर लिवरपूल ईएफएल कप के फाइनल में

लंदन, 21 जनवरी : पुर्तगाल के फारवर्ड डियोगो जोटा के दो गोलों की बदौलत लिवरपूल ने अपने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में आर्सेनल को 2-0 से हराकर ईएफएल कप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना 27 फरवरी को वेम्बली में चेल्सी के साथ होगा। इस मैच में लिवरपूल के प्रमुख स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह नहीं खेल रहे थे, हालांकि डियोगो ने उनकी कमी महसूस नहीं होने दी। सालाह अफ्रीकन कप में मिस्त्र की तरफ से खेल रहे हैं। अमीरात स्टेडियम में गुरूवार रात खेले गए मुकाबले में डियोगो ने मैच के 19वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ की समाप्ती पर लिवरपूल ने अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। हाफ टाइम के बाद मैच के 77वें मिनट में डियोगो ने एक और गोल लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

मुंबई सिटी एफसी ने ब्राजील के फॉरवर्ड डिएगो मौरिसियो के साथ किया करार

मुंबई, 21 जनवरी : मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को ब्राजीली फॉरवर्ड 30 वर्षीय डिएगो मौरिसियो के साथ एक अल्पकालिक सौदे पर करार किया है। मौरिसियो 31 मई, 2022 तक टीम में बने रहेंगे। मौरिसियो ने 2006 में ब्राजील में फ्लेमेंगो की प्रसिद्ध अकादमी के माध्यम से अपने फुटबॉल करियर की शुरूआत की, पहली टीम में जाने से पहले उन्होंने 2012 तक अकादमी के साथ खेला। अगले कुछ वर्षों में, मौरिसियो ने ब्राजील (स्पोर्ट रेसिफ और रेड बुल ब्रैगंटिनो), रूस (एफसी स्पार्टक व्लादिकाव्काज), पुर्तगाल (विटोरिया एफसी), सऊदी अरब (अल कादिसियाह), चीन (कैंग्जहौ माइटी लायंस) और दक्षिण कोरिया (गैंगवॉन एफसी और बुसान आईपार्क) के क्लबों के साथ खेला। इसके बाद वह 2020 में ब्राजील लौटे और सेंट्रो स्पोर्टिवो अलागोनो के साथ करार किया। मौरिसियो ने एक बयान में कहा, श्मैं भारत वापस आकर खुश हूं और चैंपियन मुंबई सिटी के साथ जुड़कर खुश हूं। पिछले सीजन में आईएसएल में खेलने का मेरा अनुभव अच्छा रहा था, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे भारत में बहुत कुछ हासिल करना है। उन्होंने कहा, जब आप मुंबई जैसे बड़े कद के क्लब में शामिल होते हैं तो उम्मीदें अधिक होती हैं। मुझे पहले से ही पता है कि क्लब की महत्वाकांक्षा जीतना और आईएसएल खिताब की रक्षा करना है। मैं चुनौती के लिए तैयार हूं और मैं पिच पर आने का और इंतजार नहीं कर सकता। रियो डी जनेरियो में जन्मे मौरिसियो 2020/21 सीजन में इंडियन सुपर लीग की ओर से ओडिशा एफसी में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने 20 मैचों में 12 गोल किये और 2 में सहायता की। मौरिसियो कतरी सेकेंड डिवीजन साइड अल शाहनिया के साथ एक छोटे से कार्यकाल के बाद मुंबई में शामिल हुए।

यार्कर ने क्रिकेट प्रमोशन को दी मात

लखनऊ, 21 जनवरी : बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डिविजन में दो मैच खेले गये। पहले मैच में यार्कर क्रिकेट क्लब ने क्रिकेट प्रमोशन ग्रुप को सात विकेट से मात दी। वहीं दूसरा यूनिटी क्रिकेट एकेडमी एवं रुद्रांश क्रिकेट क्लब के बीच मैच बराबर पर टाई हो गया। सीएसडी सहारा मैदान में खेले गये 40 ओवर के मेच में यूनिटी ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाये। सर्वाधिक 28 रन का योगदान सैयद अकबर ने दिया। वहीं प्रणव ने 20 रन, इमरान ने 25 का योगदान दिया। वहीं रुद्रांश की टीम भी 158 रन पर आल आउट हो गयी। सर्वाधिक 44 रन प्रखर मिश्रा ने बनाये। वहीं संदीप ने 39 रन का योगदान दिया। यूनिटी टीम के बालर अमन जायसवाल ने सात विकेट चटकाये। एक ओवर में तीन विकेट लेकर हैट्रिक भी अपने नाम किया। दूसरे मैच में यार्कर ने टास जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया।

समरसेट ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पीटर के साथ की करार

टॉनटन, 21 जनवरी : समरसेट काउंटी क्रिकेट क्लब (एससीसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पीटर सिडल के साथ करार किया है। 37 वर्षीय सिडल ने पिछले सीजन में नॉटिंघमशायर, लंकाशायर और एसेक्स के लिए 36 मैचों में 146 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं। पीटर ने आठ बार पांच विकेट लेने सहित 200 से अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं। सिडल ने एक बयान में कहा, श्खेल के भीतर समरसेट को बहुत सम्मान दिया जाता है, और क्लब के लिए खेलने का मौका पाने के लिए मैं वास्तव में उत्सुक हूं। मैंने पिछले कुछ वर्षों में समरसेट के खिलाफ कुछ अच्छे मैच खेले हैं और अब मैं उनके लिए कुछ जीत में योगदान देने की उम्मीद कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे इंग्लैंड में खेलने में मजा आता है और मैं समरसेट के लिए कुछ ट्रॉफी जीतने में मदद करना पसंद करूंगा, खासकर उनकी पहली काउंटी चैंपियनशिप। सिडन ने व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 23.60 की औसत से 89 टी-20 विकेट लिए। इसके अलावा, उनके नाम 31.51 के औसत से 86 लिस्ट ए विकेट हैं। वह अगस्त के अंत तक समरसेट से जुड़ेंगे और उस दौरान तीनों प्रारूपों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

साई बेंगलुरु सेंटर में 33 एथलीट हुए पॉजिटिव

नई दिल्ली : कोविड का खतरा खेलों पर लगातार मंडरा रहा है। पिछले दो सालों में खेलों पर कोविड ने बहुत असर डाला है। गुरुवार को ताजा अपडेट में भी आंकड़े अच्छे नहीं हैं। साई नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेंगलुरु में कुल 128 कोविड टेस्ट में से 33 पॉजिटिव मामले पाए गए हैं। दक्षिण अफ्रीका में आगामी हॉकी प्रो लीग से पहले केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे सीनियर पुरुष हॉकी टीम के 16 एथलीटों और एक कोच भी पॉजिटिव पाए गए हैं, हालांकि इन सभी में बहुत ज्यादा सिमटम नहीं हैं। इन के अलावा अप्रैल में जूनियर महिला विश्व कप के लिए प्रशिक्षण लेने वाली जूनियर महिला हॉकी लड़कियों में से 15 पॉजिटिव पाई गई हैं, जिनमें से 3 एसिमटोमेटिक हैं, उनमें से 12 सिमटोमेटिक हैं। इनके अलावा हॉकी टीम की दो वरिष्ठ महिला खिलाड़ी भी पॉजिटिव पाई गई हैं। रअक खिलाड़ियों को अलग-थलग करने और उन्हें लगातार ठीक होने में मदद करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। हालांकि ये पहली बार नहीं है इससे पहले भी यहां पर कई केस आ चुके हैं तब यहां के अधिकारियों ने कहा था कि कोरोना के दिशा-निदेर्शों का पालन किया जा रहा है।

कोरोना संक्रमित हुए हरभजन सिंह

नई दिल्ली, 21 जनवरी : भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर स्पिनर हरभजन सिंह कोरोना संक्रमित हो गए हैं। हरभजन ने खुद इसकी पुष्टि करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्होंने खुद को होम क्वारंटीन कर लिया है और सभी जरूरी सावधानियां बरत रहे हैं। हरभजन ने ट्विट किया, मैंने हल्के लक्षणों के साथ कोविड के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है। मैंने खुद को होम क्वारंटीन कर लिया है और सभी आवश्यक सावधानी बरत रहा हूं। मैं उन लोगों से अनुरोध करूंगा जो मेरे संपर्क में आए थे, वे जल्द से जल्द अपना परीक्षण करवाएं। कृपया सुरक्षित रहें और ध्यान रखें। पिछले साल दिसंबर में, हरभजन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। 41 वर्षीय हरभजन ने भारत के लिए 103 टेस्ट, 236 एकदिवसीय और 28 टी-20 मैच खेले हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनके नाम 294 विकेट हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2015 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था, जबकि उनका आखिरी वनडे उसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था। भारत के लिए उनका आखिरी टी-20 मैच 2016 एशिया कप में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ था। उसके बाद से उन्हें भारतीय टीम के लिए नहीं चुना गया। हरभजन ने 103 टेस्ट में 32.46 की औसत से 417 विकेट लेकर संन्यास लिया। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य है। वह टेस्ट हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय भी हैं। कुल मिलाकर, जालंधर में जन्मे हरभजन ने 367 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उनके नाम 711 अंतरराष्ट्रीय विकेट और 3,569 अंतरराष्ट्रीय रन हैं।

डिकाक का अर्धशतक, साउथ अफ्रीका की शानदार शुरुआत

नई दिल्ली : भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस वनडे सीरीज का दूसरा मैच पार्ल के बोलैंड पार्क में खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने रिषभ पंत व केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 6 विकेट पर 287 रन बनाए। जीत के लिए अब मेजबान टीम को 288 रन की जरूरत है। खबर लिखे जाने तक दक्षिण अफ्रीका ने 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 72 रन बना लिए हैं। भारत से मिले 288 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्विंटन डिकाक और जे मलान ने 5 ओवर में 38 रन जोड़े। इस जोड़ी ने 8 ओवर पूरा होने से पहले ही टीम के 50 रन के पार पहुंचा दिया। पावरप्ले के 10 ओवर में मेजबान टीम ने 66 रन बनाए। वन ने पहले विकेट के लिए केएल राहुल के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की।

सेमीफाइनल में पहुंची पीवी सिंधु

नई दिल्ली : भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 500 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सिंधु ने थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग को रोमांचक मुकाबले में हराया। 65 मिनट तक चले मुकाबले में सिंधु ने कटेथोंग को 11-21, 21-12, 21-17 से मात दी। मैच के पहले सेट में सिंधु को 11-21 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन अगले दोनों राउंड में न सिर्फ जोरदार वापसी की बल्कि सेमीफाइनल का टिकट भी कटा लिया।

नॉर्थईस्ट की लड़खड़ाहट का फायदा उठाने की फिराक में चेन्नइयन

गोवा, 21 जनवरी : चेन्नइयन एफसी के लिए फिसड्डी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी एक आसान शिकार होगी, जब ये दोनों टीमें शनिवार को फतौर्डा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में दूसरी बार भिड़ेंगी। आगामी लीग मुकाबले में मनमाफिक परिणाम से चेन्नइयन न केवल अंक तालिका में टॉप फोर वापसी करेगी, बल्कि जीत की राह पर भी लौट आएगी। चेन्नइयन इस समय 11 मैचों से 15 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर हैं। जीत पूर्व चैम्पियनों को तीसरे स्थान पर ले आएगी, क्योंकि टॉप-4 में मौजूद दो टीमों जमशेदपुर एफसी और मुंबई सिटी एफसी के बीच शुक्रवार का मैच अगली तारीख तक के लिए स्थगित किया जा चुका है। चेन्नइयन के लिए यह सीजन अब तक उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उसकी डिफेंस मजबूत नजर आ रही है लेकिन मैदान के अटैकिंग थर्ड में उसके हमले कमजोर पड़ रहे हैं। कप्तान अनिरुद्ध थापा उम्मीदों के अनुरूप चेन्नइयन के सफर का महत्वपूर्ण पहिया साबित हुए हैं। वह अब तक टीम के दस गोलों में सहायता प्रदान कर चुके हैं। कोच बोजिदार बांदोविक को चेन्नइयन की मिडफील्ड पर काम करना होगा, क्योंकि वो गोल करने के इतने मौके नहीं बना पाई है, जितने बनने चाहिए थे। बांदोविक ने कहा, श्हमें फैसले लेने और आक्रमण में सुधार करने की जरूरत है। मेरा मानना है कि हमें भविष्य के लिए एक मजबूत टीम बनाने की अवाश्यकता है। हमने अच्छी तैयारी की है और हमें गेंद को आगे बढ़ाने की कोशिश करने की जरूरत है। कल सबसे महत्वपूर्ण मैच है। उधर, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड उस समय लीग टेबल के सबसे निचले पायदान पर लुढ़क गई, जब एससी ईस्ट बंगाल ने जीत का स्वाद चखा। यह परिणाम इस सीजन में हाईलैंडर्स की दुर्दशा को सामने ले आया है। कोच खालिद जमील की टीम पिछले पांच मैचों से जीत से वंचित है और लीग में प्रासंगिक बने रहने के लिए उसे तेजी दिखानी होगी। हाईलैंडर्स की डिफेंस में सूराख नजर आए हैं, जिस कारण उनके ऊपर अब तक 25 गोल पड़ चुके हैं। ये आंकड़ा इस सीजन में किसी भी अन्य टीम से काफी ज्यादा है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड अपने पिछले मैच में ओड़िसा एफसी से आसानी से हार गई थी। लिहाजा, कोच जमील उम्मीद कर रहे होंगे कि उनकी टीम शनिवार को मैच जीतकर स्थिरता हासिल करे। लीग के पहले चरण में जब ये दोनों टीमें भिड़ी थीं, तो चेन्नइयन 2-1 से विजयी हुई थी।

मनीष की गेंदबाजी शाकुम्भरी ने जीता मैच

लखनऊ, 21 जनवरी : श्रीरामचंद्र शर्मा मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज शाकुम्भरी क्रिकेट क्लब और स्टैंडर्ड क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें मनीष कश्यप के शानदार बल्लेबाजी से शाकुंभरी ने पांच विकेट से मैच को जीत लिया। शाकुंभरी ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। स्टैंडर्ड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 31वें ओवर में 127 रन बनाकर आल आउट हो गयी। इसमें सर्वाधिक 58 रन शिवम सिंह ने बनाये। वहीं ओपन सूर्याश 14 बाल गवांकर शून्य पर ही पवेलियन वापस लौट गये। शाकुंभरी के गेंदबाज मनीष कश्यप ने चार मेडेन ओवर फेंकते हुए मात्र 20 रन देकर चार विकेट झटके। शाकुंभरी की टीम ने पांच विकेट गवांकर 129 रन बना ली और मैच को पांच विकेट से जीत लिया। शाकुंभरी की शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही और ओपनर रुद्र शून्य पर ही एलबीडब्ल्यू होकर पवेलियन लौट गये। सर्वाधिक 38 रन महेश मीना ने बनाये। अभिजीत सिंह ने 18 रन का योगदान दिया। मैन आफ द मैच का खिताब शाकुंभरी के गेंदबाज मनीष कश्यप को दिया गया।

सार-संक्षेप

ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

बेतिया : बीती देर रात कुहासा और तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार धनेश यादव 30 वर्ष की मृत्यु हो गई। साठी थाना के सतव रिया निवासी भरत यादव का पुत्र धनेश यादव साठी से घर आ रहा था तभी मुख्य पथ पर साठी के पास उक्त घटना घटी। जहां गंभीर रूप से घायल धनेश यादव का सर फट गया।

अपहृता के साथ अपहर्ता गिरफ्तार

बेतिया : बैरिया बगही मुसहरी टोला से शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण दो माह पहले हुई थी ।पुलिस ने अपहृता के साथ अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया है ।थानाध्यक्ष दुष्यंत कुमार ने आज बताया कि मुकेश मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।चौकीदार अजय यादव ने अपहृत लड़की के साथ मुकेश को खड्डा पुल के समीप धर दबोचा ।

मास्क चेकिंग अभियान

भागलपुर : कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर शुक्रवार को जिले के अकबरनगर एनएच 80 किनारे बीडीओ मनोज कुमार मुर्मू और सीओ शंभुशरण राय के नेतृत्व में मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान बिना मास्क के चल रहे लोगों से फाईन वसुल किए गए। इस दौरान सभी वाहन चालकों एंव आनेजाने वाले लोगों से ओमीक्रोन एवं बढते कोरोना से बचने की सलाह देते हुए मास्क लगाकर लगाकर चलने की अपील की गई। इस दौरान कई पुलिस कर्मी एवं कर्मचारी मौजुद थे।

बेतिया में कोरोना से एक की मौत

बेतिया : जिले में तीसरे जोन में लगातार कोरोना का ग्राफ तेजी से बढ़ते जा रहा है।इसी बीच शुक्रवार को एक कोरोना संक्रमित की मौत हो गई।उनका तीन दिनों से गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में इलाज चल रहा था।मृतक की पहचान योगापट्टी थाना के अमैठिया निवासी शिव शंकर प्रसाद (42) के रूप के हुई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रमोद तिवारी ने बताया कि शिव शंकर कैंसर रोग से पीड़ित थे। उनका इलाज महावरी कैंसर अस्पताल पटना में किया जा रहा था।

बिहार को कर हस्तांतरण किस्त के रूप में मिलेंगे 9563 करोड़ रुपये

किस्त जारी होने से बिहार में पूंजीगत व्यय को बढ़ावा मिलेगा : डिप्टी सीएम

पटना : उपमुख्यमंत्री सह-वित्त मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने शुक्रवार को बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को जनवरी 2022 के दौरान कर हस्तांतरण की बिहार सहित 28 राज्यों को मासिक एवं अग्रिम किस्त की कुल राशि 95082 करोड़ रुपये जारी किया है।

तारकिशोर प्रसाद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बिहार के लिए कर हस्तांतरण की जनवरी 2022 के दौरान मासिक एवं अग्रिम किस्त की कुल राशि 9,563.30 करोड़ रुपये जारी किया है।जिसके तहत जनवरी 2022 के लिए नियमित मासिक किस्त के रूप में बिहार को 4,781.65 करोड़ एवं अग्रिम किस्त के रूप में 4,781.65 करोड़ मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इससे बिहार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के साथ-साथ हमारी व्यय योजना में काफी मदद मिलेगी।

डिप्टी सीएम ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम कोविड-19 महामारी के हानिकारक प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से राज्यों द्वारा अपने पूंजीगत और विकासात्मक व्यय में तेजी लाने के क्रम में उनके हाथों को मजबूत करने के प्रति केंद्र सरकार की वचनबद्धता को दर्शाता है।

छह माह से है नगर परिषद अध्यक्ष की कुर्सी खाली

बिक्रमगंज : एक वर्ष से नगर परिषद बिक्रमगंज के बोर्ड की बैठक नहीं होने और नगर परिषद के अध्यक्ष की कुर्सी छह माह से खाली रहने के कारण नगर का विकास ठप है। लोग जल-जमाव, सफाई, गली-नाली की समस्या से लोग जूझ रहे है। गौरतलब हो कि नगर परिषद की बैठक वर्ष 2020 के फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में सत्र 2020-21 बजट को लेकर हुई थी। उसके बाद अभी तक बैठक नहीं हो सकी है। उधर नगर परिषद के मुख्य पार्षद रबनवाज खां के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के छह माह बित जाने के बाद भी चुनाव नहीं हो सका है। गौरतलब हो कि 14 पार्षदों ने 3 जुलाई को मुख्य पार्षद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया था। अविश्वास प्रस्ताव 27 जुलाई को पारित हो गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सूयार्नंद सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बात पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि एक माह के अंदर मुख्य पार्षद का चुनाव करा लिया जाएगा। लेकिन अभी तक चुनाव नहीं हो सका है। जिससे नगर परिषद में मुख्य पार्षद का पद रिक्त है। इससे भी नगर का विकास प्रभावित है। बारिश के इस मौसम में कई मोहल्ला जल जमाव की समस्या से जूझ रहा है, तो कई संपर्क पथों में कीचड़ भरा हुआ है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। देखरेख के अभाव में सफाई के कार्य भी प्रभावित है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी सूयार्नंद सिंह से पूछे जाने पर बताया कि अपरिहार्य कारणों से बोर्ड की बैठक नहीं हो सकी है। गणतंत्र दिवस के बाद बोर्ड की बैठक कराई जाएगी। साथ हीं बताया कि मुख्य पार्षद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के साथ हीं जिलाधिकारी को उसकी प्रति भेज दी गई थी।

राजेन्द्र सिंह ने फिर से ली भाजपा की सदस्यता

सूर्यपुरा : प्रखंड मुख्यालय स्थित राजा साहब के बड़ा तालाब के पास शुक्रवार को भाजपा मंडल के कार्यकताओं के द्वारा पार्टी के कद्दावर नेता सह दिनारा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र सिंह का स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह ने किया जबकि मंच संचालन का कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा के विनय सिंह ने किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए द डीपीएस बिक्रमगंज के सह निदेशक एवं विख्यात शिक्षाविद अखिलेश सिंह ने कहा कि भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री माननीय राजेंद्र सिंह दिनारा विधानसभा क्षेत्र के लिए सितारा है, आप सभी लोग इनका साथ देंगे तो आने वाले दिनों में दिनारा विधानसभा क्षेत्र से इनका राजतिलक अवश्य होगा। हमारे माननीय नेता किसी कारणवश बीते चौदह माह पार्टी से अलग हो गए थे जो विगत 16 जनवरी को पुनः भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है, जो पार्टी के लिए बहुत ही खुशी की बात है।

बेगूसराय को मिला एक और एनएच

बेगूसराय : केन्द्र सरकार ने बिहार के बेगूसराय को एक और राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच) का तोहफा दिया है। इसके लिए शुक्रवार को सरकार ने छह सौ से करोड़ से अधिक की स्वीकृति दी गई है। यह एनएच-122 (बी) हाजीपुर से महनार होते हुए बेगूसराय के बछवाड़ा में एनएच-28 में मिल जाएगा। इस सड़क के बन जाने से बेगूसराय से पटना जाने का एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। स्वीकृति की जानकारी खुद केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। नितिन गडकरी ने कहा है कि बिहार के वैशाली, समस्तीपुर और बेगूसराय जिलों में एनएच-122 (भी) के हाजीपुर-महनार-बछवाड़ा खंड के पूर्व-निर्माण और महनार से बछवाड़ा खंड के दो लेन में सुधार के लिए छह सौ 24 करोड़ 43 लाख बजट के साथ स्वीकृति दी गई है। नितिन गडकरी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से स्वीकृति की जानकारी मिलते ही हर ओर खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार महनार से सूरो ढ़ाला तक करीब 42 किलोमीटर में 33 फीट चौड़ा सड़क हार्ड सीमेन्ट कंक्रीट से बनेगा, सेसेसे में पिचिंग से निर्माण होगा।

सड़क का डीपीआर पिछले जून में ही फाइनल हो गया था, उसके बाद आज स्वीकृति मिली है तथा उम्मीद है कि जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने इसके लिए नितिन गडकरी का आभार जताया है।

सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर ने बताया कि गिरिराज सिंह की पहल पर बड़े पैमाने पर महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस नए एनएच के बाद अब बेगूसराय को चिर प्रतिक्षित एक नया बाईपास मिलेगा। यह बाईपास बेगूसराय के चकिया के समीप थर्मल से गुप्ता-लखमीनिया बांध होते हुए एनएच-31 तक जुड़ेगी।

मनाया गया परिवार नियोजन पखवाड़ा

डेहरी : 17 से 29 जनवरी तक मनाया जा रहा है परिवार नियोजन पकवाड़ा के तहत परिवार कल्याण कार्यक्रमों की नई पहल के रूप में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया। लोगों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। यह दिवस हर माह की 21 तारीख को मनाया जाता है। लक्षित समूह के परिवार नियोजन के साधन अपनाने पर खास ध्यान दिया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुए कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. अनुज चौधरी ने परिवार कल्याण मेला के शुभारंभ करते हुए कहा कि योग्य दंपति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं। इस साल की पहली जनवरी के बाद प्रसव वाली वह महिलाएं जो उच्च जोखिम गर्भावस्था के रूप में चिन्हित की गई हैं नवविवाहित दंपति को लक्षित समूह में शामिल किया गया है। इन्हीं लोगों को जागरूक करके उन्हें परिवार नियोजन का पालन करने की सलाह दी जाएगी।

भू अर्जन के लिए डीएम ने की समीक्षा बैठक

मोतिहारी : पूर्वी चंपारण जिले में लंबित विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू अर्जन से जुडे.कार्यों की आज समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लंबित कई परियोजनाओं की समीक्षा की गयी।जिसमे हाजीपुर सुगौली रेल लाईन भारत नेपाल सीमा पथ केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं एनएचएआई से जुडे भू अर्जन के मामले शामिल थे।

कोरोना के प्रसार को डीएम ने की बैठक

आरा : भोजपुर जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने शुक्रवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक की और कोरोना संक्रमण के प्रभावशाली नियंत्रण के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए।कोरोना संक्रमण के प्रभावशाली नियंत्रण को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भोजपुर के पुलिस अधीक्षक,सिविल सर्जन, जिले के तीनों अनुमंडलों के अनुमंडलाधिकारी,सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और सभी थानाध्यक्ष शामिल थे।

किसानों के बीच कृषि संसाधनों का हुआ वितरण

नवादा : नवादा जिले के कौआकोल प्रखण्ड के महुडर पंचायत के दनियाँ,रानीगदर,झरनमा एवं करमाटांड़ गांव में शुक्रवार को ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के सौजन्य से दाता संस्था गूंज के सहायता से 150 किसानों के बीच सब्जी उत्पादन करने के लिए संसाधन का वितरण किया गया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि किसानों के बीच बिजली मोटर सेट,स्प्रे मशीन,कुदाल,खुरपी,टप,कैरेट एवं टोकरी का वितरण किया गया।

सरपंच संघ का चुनाव सम्पन्न

नवादा : नवादा जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के समीप वरीय नागरिक संघ भवन में शुक्रवार को जिला पंच-सरपंच संघ की नई कमिटी के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंच-सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे शशि कुमार ने किया। बैठक में पंच-सरपंच से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के साथ ही नई जिला कमिटी के गठन को लेकर प्रक्रिया शुरू हुई।

फर्जीवाड़ा में डेल्हीवेरी कंपनी का कर्मी गिरफ्तार

बेतिया : फजीर्वाड़ा के आरोप में डेल्हीवेरी कुरियर कंपनी के एक कर्मी को शिकारपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी की पहचान हरदिया गांव निवासी आशीष तिवारी के रूप में हुई है।गिरफ़्तार कर्मी आर्डर पर आने वाले कुरियर के सामानों के डब्बे से सामान को बदलकर डुप्लीकेट सामान रख देता था। मामले में कंपनी के सिक्योरिटी मैनेजर सुजीत कुमार ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

बीएनएमयू में एफओ नियुक्ति की मांग

सहरसा : भूपेंद्र नारायण विश्वविद्यालय मधेपुरा के सिंडिकेट सदस्य कैप्टन गौतम कुमार ने बिहार के महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति एवं बीएनएमयू कुलपति को पत्र लिखकर खाली पड़े वित्त पदाधिकारी की नियुक्ति अविलंब करने का आग्रह किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि एफओ नहीं रहने के कारण विश्वविद्यालय के विभिन्न तरह के वित्तीय कार्य अवरुद्ध है। शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी सहित अतिथि शिक्षक के वेतन - पेंशन का भुगतान नहीं होने के कारण त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है।

दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता बने पीएम मोदी : राजीव रंजन

पटना : भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने आज कहा कि कहते हैं कि सत्य को परेशान किया जा सकता है किन्तु पराजित नहीं। कांग्रेस और सहयोगियों द्वारा रची साजिशों और झूठ के बावजूद दुनिया के शीर्ष 13 नेताओं को पछाड़कर, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता बने रहना इसी को साबित करता है। उन्होंने कहा कि विश्वप्रसिद्ध एजेंसी मॉर्निंग कंसल्टेंट द्वारा वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता को लेकर किये गये हालिया एक सर्वे में प्रधानमन्त्री मोदी 71 प्रतिशत रेटिंग के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।इस सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का 43 प्रतिशत रेटिंग के साथ छठा स्थान मिला है।बाइडन के बाद कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रुडो हैं और आस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन हैं। वास्तव में यह लिस्ट दुनिया भर में भारत के बढ़े दबदबे को भी दिखाती है। रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में

जिस तरह केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी की पहली लहर का मुकाबला किया उससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सराहना हुई। कोरोना के खिलाफ जंग में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू करके और वैक्सीन डिप्लोमेसी के जरिए मोदी सरकार ने विकसित देशों के मुकाबले बढ़त हासिल कर ली।यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ देश में ही नहीं विदेशों में भी खासे लोकप्रिय हैं। यहां तक कि पड़ोसी देश चीन में भी बड़ी संख्या में लोग उनके मुरीद हैं। लद्दाख हिंसा के तीन महीने बाद चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि अधिकांश चीनी अपने नेताओं से ज्यादा प्रधानमंत्री मोदी की कार्यप्रणाली से खुश हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि विपक्ष को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष यह जान ले कि उसके झूठ और दुष्प्रचार के तीर देश की 130 करोड़ जनता के विश्वास के आगे भोथरे हो चुके हैं। लगातार झूठ बोलने से उनके नेताओं की साख समाप्त हो चुकी है। वह यह समझ लें कि उनकी बेवजह की राजनीति उल्टे उन्हीं पर भारी पड़ने वाली है।

वाणिज्य

बीपीसीएल की सरकारी हिस्सेदारी के लिए बोली लगायेगी वेदांता

नई दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की सरकारी हिस्सेदारी के एक बड़े हिस्से को माइनिंग फर्म वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड खरीद सकती है। इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए वेदांता रिसोर्सेस लिमिटेड 10 अरब डॉलर का सुरक्षित फंड तैयार करने की कोशिश कर रही है, ताकि सरकार की हिस्सेदारी को खरीदने के लिए बोली लगाई जा सके।

आपको बता दें भारत सरकार अपने मालिकाना हक वाली ऑयल मार्केटिंग कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में अपनी करीब 53 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी कर रही है। प्रारंभिक आकलन में केंद्र सरकार की 53 प्रतिशत हिस्सेदारी की वैल्यू 6 अरब डॉलर से अधिक बताई जा रही है। सार्वजनिक क्षेत्र की मुनाफा अर्जित करने वाली कंपनियों में से एक होने की वजह से इस बात की भी संभावना जताई जा रही है कि भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के विनिवेश कार्यक्रम के तहत वेदांता समेत निजी क्षेत्र की अन्य दूसरी कंपनियों की ओर से भी सरकार की हिस्सेदारी को खरीदने के लिए 6 अरब डॉलर से बड़ी बोलियां भी लगाई जा सकती हैं। यही वजह है कि वेदांता रिसोर्सेस लिमिटेड ने अभी से ही 10 अरब डॉलर का सुरक्षित फंड तैयार करना शुरू कर दिया है, ताकि भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड की विनिवेश प्रक्रिया के दौरान उसे फंड की कमी का सामना न करना पड़े।

वेदांता रिसोर्सेस लिमिटेड के मुताबिक 10 अरब डॉलर के इस सुरक्षित फंड का इस्तेमाल मूल रूप से भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में भारत सरकार की हिस्सेदारी खरीदने के लिए बोली लगाने में ही किया जाएगा। हालांकि वेदांता की ओर से इसके साथ ही ये भी साफ किया गया है कि बीपीसीएल के लिए बोली लगाने के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य कंपनियों के विनिवेश में भी वेदांता रिसोर्सेस लिमिटेड मौके की तलाश कर रही है। ऐसे में अभी तैयार किया जा रहा 10 अरब डॉलर का सुरक्षित फंड कंपनी की ओर से सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी कंपनियों में भी बोली लगाने में काम आएगा।

हरितक्रांति की तर्ज पर एवरग्रीन क्रांति

नई दिल्ली : देश को खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए आगामी वित्त वर्ष 2022-23 के आम बजट में विशेष प्रविधान किया जाएगा। खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भरता के लिए हरितक्रांति का नारा दिया गया, उसी तर्ज पर आगामी बजट में एवरग्रीन क्रांति के नारे दिए जा सकते हैं। सरकार की चिंता देश में कुपोषण की समस्या को लेकर है। इसे गंभीर चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने बजट प्रस्तावों में इसे प्राथमिकता दे सकती हैं। देश की बड़ी आबादी को पर्याप्त मात्रा में अनाज भले ही मिल जाता हो, लेकिन उसमें जरूरी पौष्टिकता का अभाव उसके पोषण में असंतुलन पैदा करता है।

वेल्थ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स पर वन स्टॉप सॉल्यूशन उपलब्ध

रांची : इनकम टैक्स और वेल्थ मैनेजमेंट से संबंधित सभी मसलों पर ळ७4हीं’ड्ँ नाम कंपनी वन स्टॉप सॉल्यूशन उपलब्ध करा रही है. अपनी बेहतरीन सेवाओं की बदौलत कंपनी ने पूरे देश में शानदार यूजर्स बेस तैयार किया है. कंपनी ने इनकम टैक्स और वेल्थ मैनेजमेंट से जुड़े विषयों पर वीडियो आधारित इंटरैक्टिव प्लेफॉर्म तैयार किया है, जिससे हर रोज बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं. इसके संस्थापक देश के मशहूर सीए हिमांशु कुमार और सह संस्थापक हिमांशु कुमार हैं. कंपनी ने कौशल विकास पाठ्यक्रम भी तैयार किये हैं, जिन्हें बेहतरीन रिस्पांस मिल रहा है. मौजूद औद्योगिक दौर की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये गये पाठ्यक्रम दक्ष सीए- सीएस द्वारा तैयार किये गये हैं. हाल में कंपनी ने कोचिंग संस्थानों को अपने पोर्टल (व्हाइट लेबलिंग प्लेटफॉर्म) पर पाठ्यक्रम उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है.

कंपनी अपने डोमेन से शिक्षण संस्थानों को बिना किसी निवेश के जुड़ने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने का अवसर दे रही है. कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि वह चैनल भागीदारों को 360 डिग्री समाधान प्रदान करती है. कंपनी की ओर से नवोदित सीए, सीएस, सीएमए आदि के लिए जीएसटी, आयकर, टीडीएस, आयकर रिटर्न और प्रारंभिक पाठ्यक्रमों में कौशल आधारित व्यावहारिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कंपनी सर्टिफाइड कॉरपोरेट अकाउंटेंट कोर्स भी उपलब्ध करा रही है जो इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक युवाओं को बेहतरीन करियर अवसर प्रदान करती है। टैली, जीएसटी, इनकम टैक्स में सर्टिफाइड कॉरपोरेट अकाउंटेंट कोर्स वन स्टॉप सॉल्यूशन प्रदान करता है।

पेट्रोल-डीजल के दाम रहे स्थिर, जानिए अपने शहर के भाव

नई दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने लंबे समय से दोनों ईंधनों की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को पेट्रोल के दाम 95.41 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश के अन्य महानगरों मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में पेट्रोल के दाम क्रमशः 109.98 रुपये, 104.67 रुपये तथा 101.40 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, इन महानगरों में डीजल भी क्रमशः 94.14 रुपये, 89.79 रुपये और 91.43 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके साथ ही नोएडा में पेट्रोल 95.51 रुपये और डीजल 87.01 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में जारी कोरोना की तीसरी लहर के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है।

अमेरिकी बाजार में कारोबार के दौरान आज डब्ल्यूटीआई क्रूड घटकर 86.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, ब्रेंट क्रूड की कीमत भी 86.74 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

रूस में क्रिप्टोकरेंसी पर लगायी गयी रोक

नई दिल्ली : रूस के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को वित्तीय स्थिरता, नागरिकों की भलाई और इसकी मौद्रिक नीति संप्रभुता के लिए खतरों का हवाला देते हुए रूसी क्षेत्र में क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग और खनन पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया।

यह कदम वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी क्रैकडाउन में नई है क्योंकि एशिया से संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों को चिंता है कि निजी तौर पर संचालित और अत्यधिक अस्थिर डिजिटल मुद्राएं वित्तीय और मौद्रिक प्रणालियों के उनके नियंत्रण को कमजोर कर सकती हैं। रूस ने क्रिप्टोकरेंसी के खिलाफ तर्क दिया है कि उनका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग या आतंकवाद के वित्तपोषण में किया जा सकता है।

लगातार चौथे दिन जोरदार गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

नई दिल्ली : मंगलवार से जारी गिरावट के बाद आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भी भारतीय शेयर बाजार बिकवाली के जोरदार दबाव की वजह से कमजोरी के साथ ही बंद हुआ। सोमवार को छोड़कर शेष सभी चारों कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में निगेटिव सेंटीमेंट्स के दबाव के कारण बिकवाल लगातार हावी रहे। जिसकी वजह से इन 4 दिनों में ही निवेशकों को करीब 9 लाख करोड़ रुपये का चूना लग गया।

शेयर बाजार में इस हफ्ते हुई जोरदार बिकवाली की वजह से सिर्फ 4 दिन में ही सेंसेक्स 2,271.73 अंक गिर गया। वहीं निफ्टी में भी मंगलवार से लेकर आज तक के 4 दिन के कारोबार में 690.95 अंक की गिरावट आ गई। हालांकि सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए थे। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स में 85.88 अंक और निफ्टी में 52.35 अंक की तेजी आई थी। इस तरह पहले दिन की बढ़त और बाद के 4 दिनों में आई गिरावट को मिलाकर पूरे सप्ताह के दौरान सेंसेक्स में 2,185.85 अंक की और निफ्टी में 638.60 अंक की गिरावट दर्ज की जा चुकी है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 425.25 अंक की गिरावट के साथ 59,039.37 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में जोरदार बिकवाली शुरू हो गई। जिसके कारण शुरूआती 15 मिनट में ही सेंसेक्स 781.61 अंक की गिरावट के साथ 58,683.01 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस स्तर पर पहुंचते ही बाजार में खरीदार एक्टिव हो गए और चौतरफा लिवाली शुरू करके बाजार को सपोर्ट करना शुरू कर दिया।

खरीददारी के इस सपोर्ट से सुबह 10 बजे तक सेंसेक्स 470 अंक से अधिक की रिकवरी करके 59,159.45 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद एक बार फिर बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, ये बिकवाली दोपहर 11 बजे तक जारी रही जिसके बाद खरीददारों ने बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश की।

अमेरिका व भारत के बीच होगा 500 अरब डॉलर का कारोबार

नई दिल्ली : अमेरिका भारत बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के नए अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा है कि अपने संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति कर चुके अमेरिका और भारत को इन्हें नए स्तर पर ले जाने और द्विपक्षीय कारोबार में 500 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल के लिए बड़े लक्ष्य तय करने चाहिए। केशप ने साक्षात्कार में कहा, ह्यह्ययह दशार्ना आवश्यक है कि अमेरिका और भारत वैश्विक वृद्धि के वाहक हो सकते हैं, 21वीं सदी में समद्धि और वृद्धि के मॉडल हो सकते हैं। उन्होंने अमेरिकी राजनयिक रहने के दौरान विदेश विभाग में विभिन्न पदों पर काम किया। पिछले वर्ष वह भारत में अमेरिकी मिशन में दूतावास प्रभारी रहे और बाइडन प्रशासन के कार्यकाल के पहले वर्ष में उन्होंने भारत-अमेरिकी संबंधों को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। आज के कारोबार में सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ 9 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में बंद हुए, जबकि 21 शेयर गिरावट का सामना करते हुए लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में और 35 शेयर कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 328 शेयर तेजी का प्रदर्शन करते हुए अपर सर्किट में पहुंचे, वहीं 375 शेयर गिरावट का सामना कर लोअर सर्किट में पहुंच गए।

सार-संक्षेप

लता मंगेशकर की हालत स्थिर

मुंबई : मशहूर गायिका एवं भारतरत्न लता मंगेशकर की हालत मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में स्थिर बनी हुई है। लता मंगेशकर परिवार की प्रवक्ता अनुषा श्रीनिवासन अय्यर ने शुक्रवार को आम जनता से लता मंगेशकर के लिए प्रार्थना करने की अपील की है। लता मंगेशकर का इलाज कर रही मेडिकल टीम के प्रमुख डॉ. प्रतित समदानी ने कहा कि लता दीदी का उत्कृष्ठ इलाज जारी है। उन्हें शुरू से ही आईसीयू में रखा गया है लेकिन उनकी उम्र 92 वर्ष होने की वजह से इलाज का असर कम हो रहा है, इसलिए उनकी हालत सुधरने में देरी लग रही है।

लखीमपुर हिंसा: एसआईटी ने दाखिल की चार्जशीट

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया हिंसा में क्रॉस केस के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में 13 सौ पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। मामले की विवेचना एसके पाल कर रहे हैं। पिछले साल तीन अक्टूबर को जिले के ग्राम तिकुनिया में हुई हिंसा में चार किसान और एक पत्रकार समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना में जहां किसानों ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

मिजोरम में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

आइजोल : असम रायफल ने मिजोरम में भारत-म्यांमार सीमाई इलाके में राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। असम रायफल के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह अभियान शुक्रवार को भारत-म्यांमार के सीमावर्ती सिहा जिला के जावंगलिंग गांव के पास चलाया गया।सिहा जिला के टीपा थाना की पुलिस टीम के साथ असम रायफल के लुंगलेई बटालियन के तुईपांग पोस्ट के जवानों ने संयुक्त रूप से अभियान को अंजाम दिया।

कालीचरण महाराज गिरफ्तार

मुंबइ : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में विवादित वक्तव्य के मामले में ठाणे पुलिस ने कालीचरण महाराज को रायपुर से गिरफ्तार किया है। कालीचरण को आज शाम तक ठाणे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

कालीचरण महाराज ने महात्मा गांधी के विरुद्ध अपमानजनक वक्तव्य दिया था। इसी वजह से रायपुर में कालीचरण को गिरफ्तार किया गया है। इसी के विरोध में गृहनिर्माण मंत्री जीतेंद्र आव्हाड ने ठाणे जिले के नौपाडा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया था। ठाणे पुलिस ने इसी शिकायत के आधार पर कालीचरण को रायपुर से गिरफ्तार किया है। आज शाम को नौपाड़ा पुलिस कालीचरण को रायपुर से लाकर ठाणे जिला न्यायालय में पेश कर उनकी पुलिस हिरासत मांगने वाली है।

अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में पर्यटन की अहम भूमिका : मोदी

- विदेश यात्रा के बारे में सोचने से पहले, अपने देश की यात्रा करें।
- आजादी के बाद दिल्ली में कुछ गिने-चुने परिवारों के लिए ही हुआ नव-निर्माण

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के ह्यवोकल फॉर लोकलह्ल अभियान को सीमित दायरे में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि व्यापक दृष्टि रखते हुए प्रयास होना चाहिए कि देश का धन देश के काम आये। विशेष रूप से इसे पर्यटन से जोड़ते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार देश के पर्यटन स्थलों का विकास कर रही है ताकि लोगों को घूमने के लिए देश में ही अधिक विकल्प उपलब्ध हों।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के सोमनाथ में 30 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित नए सर्किट हाउस का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान रहता है। हमारे देश के प्रत्येक राज्य और क्षेत्र में पर्यटन की अनंत संभावनाएं हैं और पिछले 7 सालों में इन्हीं संभावनाओं को साकार करने के लिए काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन केन्द्रों का विकास आज केवल सरकारी योजना का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि जनभागीदारी का एक अभियान है। देश के ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासतों का विकास इसका बड़ा उदाहरण है। ह्यअतुल्य भारतह्ल और ह्यदेखो अपना देशह्ल जैसी पहल पर्यटन के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं खोल रही हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आग्रह किया कि विदेश यात्रा के बारे में सोचने से पहले अपने देश की यात्रा करें और अपनी जड़ों खोजें। उन्होंने कहा कि धार्मिक या विरासत स्थलों का विकास वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में गुजरात सरकार और सोमनाथ ट्रस्ट को बधाई देते हुये कहा कि सर्किट भवन को इस तरह बनाया गया है कि यहां रुकने वाले व्यक्तियों को ह्यसी व्यूह्ल (समुद्री नजरा) भी मिले। लोग भवन के कमरों में बैठकर शांति से समुद्र की लहरों और सोमनाथ का शिखर देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों में सोमनाथ मंदिर को तबाह किया गया और फिर जिन परिस्थितियों में सरदार पटेल के प्रयासों से मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ, वो दोनों ही हमारे लिए एक बड़ा संदेश हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन के विकास के लिए स्वच्छता, सुविधाएं, पर्यटकों के समय का सम्मान और आधुनिक मानसिकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज देश पर्यटन को समग्र रूप में, समग्र तरीके में देख रहा है।

अजमेर दरगाह मनाया जायेगा सालाना उर्स

अजमेर/नई दिल्ली : दुनियाभर में मशहूर अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह पर हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के 810वें सालाना उर्स को लेकर दरगाह कमेटी ने दरगाह शरीफ से जुड़े सभी पक्षों के साथ एक बैठक की। दरगाह कमेटी के सदर अमीन पठान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ख्वाजा गरीब नवाज का 810वां उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी परंपरानुसार मनाया जाएगा। उर्स के दौरान कोरोना गाइडलाइन के दिशा-निदेर्शों के पालन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया है। इसके साथ ही यह भी फैसला लिया गया कि उर्स शरीफ के आयोजन के सम्बंध में दरगाह शरीफ से जुड़ी सभी संस्थाओं और प्रतिनिधियों के जरिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा कि उर्स अवधि के दौरान दरगाह क्षेत्र में दिशा-निदेर्शों के क्रम में छूट प्रदान की जाए क्योंकि देशभर से जायरीन के अजमेर आने के बाद उन्हें दरगाह शरीफ की जियारत के लिए रोकना और उन पर पाबंदी लगाना मुनासिब फैसला नहीं है।

रष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 'शाश्वत लौ' के साथ विलीन हुई 'अमर जवान ज्योति'

नई दिल्ली : दिल्ली के 'इंडिया गेट' पर 50 साल से जल रही 'अमर जवान ज्योति' शुक्रवार की शाम राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 'शाश्वत लौ' के साथ विलीन हो गई। इंडिया गेट पर यह ज्योति उन सैनिकों की याद में जलाई गई थी जिन्होंने 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारत के लिए अपनी जान कुर्बान की थी। इंडिया गेट के पास ही नए बनाए गए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में आजादी के बाद से देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जांबाज शहीदों के नाम दर्ज किये गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल 26 जनवरी को इसी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जवानों को श्रद्धांजलि देंगे।

शुक्रवार की शाम 3.30 बजे तीनों सेनाओं के जवानों की एक टुकड़ी इंडिया गेट स्थित 'अमर जवान ज्योति' पर पहुंची और पूरे सम्मान के साथ मशाल की ज्वाला थामी। इस के बाद सेना बैंड की धुन के साथ सैनिकों की टुकड़ी अमर जवान ज्योति की मशाल लेकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की ओर चली। लगभग 10 मिनट में मशाल को लेकर सेना की टुकड़ी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंची, जहां सैन्य सम्मान के साथ सबसे पहले एयर मार्शल बाल भद्र राधा कृष्णनन ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

सुप्रीम कोर्ट के बाहर आत्मदाह का प्रयास

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट के पास शुक्रवार दोपहर एक शख्स ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। आसपास मौजूद लोगों और पुलिस ने आग को बुझाया। घटना में झुलसे शख्स को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल युवक द्वारा उठाये गए इस कदम को लेकर स्पष्ट जानकारी पुलिस को नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय एक शख्स ने खुद को सुप्रीम कोर्ट गेट नंबर एक से कुछ दूरी पर आग के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत आग को बुझाकर उसे पीसीआर की मदद से अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल, पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि युवक ने इस प्रकार का कदम क्यों उठाया।

भारत के तीनों सेना प्रमुखों से मिले जर्मन नेवी चीफ अचिम शॉनबैक

नई दिल्ली : जर्मन नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल अचिम शॉनबैक इस समय भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार से मुलाकात करके दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग को और मजबूत करने के साथ ही इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। वायुसेना प्रमुख और उप थल सेनाध्यक्ष से भी मुलाकात में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पहलुओं पर चर्चा हुई। इस बीच शुक्रवार को जर्मनी का युद्धपोत बायर्न एफ-217 मुंबई तट पर पहुंचा जहां जर्मन राजदूत ने मुक्त समुद्री मार्ग की वकालत करते हुए प्रशांत क्षेत्र में शांति को जरूरी कदम बताया।

जर्मन नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल अचिम शॉनबैक गुरुवार को भारत के दौरे पर दिल्ली पहुंचे। साउथ ब्लॉक लॉन में उनका प्रभावशाली गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद वाइस एडमिरल शॉनबैक राष्ट्रीय युद्ध स्मारक गए और बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार से मुलाकात कर-के दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग को और मजबूत करने के साथ ही इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

सीरिया के शहर पर रॉकेट हमला, छह लोगों की मौत

अमेरिका समर्थित सीरियाई कुर्द फौजों को इस हमले का जिम्मेदार

बेरूत : तुर्की समर्थित विद्रोही लड़ाकों के नियंत्रण वाले उत्तरी सीरिया के शहर आफरीन पर रॉकेट दागकर हुए जोरदार हमले में छह नागरिकों की मृत्यु हो गई और दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। अमेरिका समर्थित सीरियाई कुर्द फौजों को इस हमले का जिम्मेदार ठहराया गया है।

उत्तरी सीरिया स्थित आफरीन वर्ष 2018 से तुर्की और उसके सहयोगी सीरियाई लड़ाकों के कब्जे में है। 2018 में तुर्की के समर्थन से चले एक सैन्य अभियान में सीरियाई कुर्द लड़ाकों और हजारों कुर्द निवासियों को क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया था। तभी से अफरीन और आसपास के गांव तुर्की तथा तुर्की समर्थित लड़ाकों का निशाना रहे हैं। तुर्की अपनी सीमा से लगे सीरियाई क्षेत्र पर नियंत्रण करने वाले कुर्द लड़ाकों को आतंकवादी मानता है, जो तुर्की के भीतर कुर्द विद्रोहियों के साथ जुड़े हुए हैं। सीरियाई अधिकारियों के मुताबिक इस रॉकेट हमले से अफरीन के एक आवासीय क्षेत्र में आग लग गयी, जिसे बमुश्किल बुझाया जा सका।

एक सीरियाई नागरिक सुरक्षा संगठन व्हाइट हेलमेट्स ने एक वीडियो जारी किया है, जिस में बचाव कर्मी आग में झुलसे शवों को आगजनी की चपेट में आए भवन से बाहर निकालते नजर आ रहे हैं। ब्रिटेन स्थित एक युद्ध निगरानी संगठन सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने हमले में दो बच्चों सहित छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। संगठन ने इस हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की बात भी कही है।

फिर खुलेंगे अफगानिस्तान के स्कूल-कालेज

काबुल : अफगानिस्तान में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही छात्राओं के लिए एक सकारात्मक खबर सामने आयी है। अफगानिस्तान की सत्ता संभाल रहे तालिबान ने अगले सत्र से लड़कियों के लिए स्कूल-कॉलेज खोलने पर सहमति जताई है। पिछले वर्ष अगस्त में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से वहां लड़कियों के स्कूल, कॉलेज बंद चल रहे हैं।

पुंछ की नियंत्रण रेखा से 31 किलो हेरोइन बरामद

पुंछ : गणतंत्र दिवस को देखते हुए भारतीय सेना भारत-पाकिस्तान सीमा पर सतर्कता बनाए हुए है। इसी के चलते जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के एक संयुक्त दल ने पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा के साथ लगते इलाके में तलाशी अभियान के दौरान 31 किलो हेरोइन बरामद की है।

इराकी सेना पर इस्लामिक स्टेट का हमला, 11 सैनिकों की मौत

बगदाद : आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के बंदूकधारियों ने इराकी सेना पर हमला कर दिया है। सेना की एक बैरक में सो रहे सैनिकों पर हुए हमले में 11 सैनिकों की मृत्यु हो गयी।

बगदाद के उत्तर में स्थित दियाला प्रांत के अल-अजीम जिले में सेना की बैरक में इराकी सैनिक सो रहे थे। तभी तड़के तीन बजे के आसपास कुछ बंदूकधारियों ने हमला बोला और सैनिकों पर गोलियों की बौछार कर दी। इराकी सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक हमले में 11 सैनिकों की मौत हो गयी है। हालांकि हालात को लेकर विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है, किन्तु यह तय है कि हमला इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों ने किया है।

जिस स्थान पर हमला हुआ, वह स्थान इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर में 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सुन्नी मुस्लिम चरमपंथियों का यह समूह इस्लामिक स्टेट, एक आतंकी संगठन के रूप में सक्रिय है। इसे 2017 में काफी हद तक समाप्त किये जाने का दावा किया गया था, किन्तु आज भी कई क्षेत्रों में यह आतंकी संगठन सक्रिय रहकर हिंसक घटनाओं का कारण बन रहा है। इस संगठन से जुड़े आतंकी अक्सर सुरक्षा बलों व अन्य बुनियादी ढांचों से जुड़े प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हैं। सेना की बैरक में सोते सैनिकों पर हुआ हमला पिछले कुछ महीनों में इस्लामिक स्टेट की आतंकी गतिविधियों का सबसे बड़ा नमूना है।

इससे पहले पिछले वर्ष अक्टूबर माह में मशीनगनों से लैस इस्लामिक स्टेट आतंकियों ने दियाला प्रांत के ही एक शिया बहुल गांव पर हमला कर 11 नागरिकों को मार डाला था।

पिता के हत्यारे की जेल लाते वक्त बिगड़ी हालत, अस्पताल में भर्ती

रायगढ़ : को लैलूंगा के पतरापारा में क्रिकेट बेट से मारकर पिता की हत्या करने वाले युवक दिवाकर भगत की आज अचानक तबियत खराब हो गयी। उसे केजीएच अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है ।पुलिस के अनुसार उसे घरघोडा.न्यायालय में न्यायिक अभिरक्षा के लिये पेश किया गया था ।जहां से जेल वारंट जारी होने से उसे वापस रायगढ़ जेल दाखिल करने लाया जा रहा था ।तभी लाखा गेरवानी के पास अचानक उसे झटके आने लगें। तबियत बिगड़ती देख अभिरक्षा में तैनात आरक्षको ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देते हुये 108 संजीवनी को काल किया। जिसमें मौजूद स्टाफ की देखरेख में के जी एच अस्पताल लाया गया हैं। हत्या की यह वारदात बुधवार19 जनवरी की दोपहर लैलूंगा के पतरापारा गांव में हुयी थी। आरोपित ने उसके बेटे के साथ गाली -गलौज करने वाले अपने पिता अनंतराम की क्रिकेट बेट से मार मारकर हत्या कर दी थी।

कांग्रेस ने उप्र में किया 20 लाख सरकारी नौकरियों का वादा

नई दिल्ली : कांग्रेस ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिये युवाओं पर फोकस करते हुये पार्टी का ह्यभर्ती विधानह्ल नाम से आठ सूत्री घोषणा पत्र जारी किया। युवाओं को रोजगार देने का भरोसा देते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और राज्य की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी ने इसे जारी किया।

दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर राहुल और प्रियंका ने उत्तर प्रदेश के युवाओं को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार बनने पर प्रदेश की सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या का समाधान किया जाएगा और 20 लाख सरकारी नौकरियां दी जायेंगी। साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ाये जाएंगे, लोगों का कौशल विकास कर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र खोखले दावे नहीं बल्कि युवाओं को सशक्त करने की रणनीति है। प्रदेश में प्रतिदिन 880 युवा बेरोजगार होते हैं और 5 साल के भाजपा शासन में 16 लाख लोगों ने रोजगार गंवाया है। प्रधानमंत्री हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वादा कर सत्ता में आए थे लेकिन वह देश का धन कुछ उद्योगपतियों तक

पहुंचाने में ही लगे हुए हैं। उनकी पार्टी को लगता है कि युवाओं को विजन की जरूरत है जिसे कांग्रेस पार्टी ही दे सकती है। महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जाति और सांप्रदायिकता की राजनीति नहीं करती बल्कि विकास की बात करती है।

कांग्रेस का युवा घोषणा पत्र सात करोड़ युवाओं की आकांक्षा का दस्तावेज है। पार्टी सरकार में आने पर 20 लाख सरकारी नौकरियां लाएगी। इसके तहत विद्यालयों, आंगनवाड़ी और पुलिस में भर्ती की जाएगी। प्रियंका ने कहा कि युवाओं का प्रदेश में चल रही भर्तियों से भ्रष्टाचार और पेपर लीक होने के चलते भरोसा टूट गया है। सत्ता में आने पर पार्टी एक जॉब कैलेंडर लाएगी जिसमें परीक्षा की तिथि साक्षात्कार और नौकरी में ज्वाइन करने की तिथियां होंगी जिसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। आरक्षण सही तरह से लागू हो इसके लिए सामाजिक न्याय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। सरकार शिक्षा का बजट भी बढ़ाएगी और प्रदेश में बढ़ रहे नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ मुहिम भी चलाएगी।

लाइबेरिया के चर्च में भगदड़ 11 बच्चों सहित 29 की मौत

मोनरोविया : पश्चिम अफ्रीकी देश लाइबेरिया की राजधानी मोनरोविया के उपनगर क्रू टाउन में एक चर्च में मची भगदड़ जानलेवा हो गयी। हादसे में 11 बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 29 लोगों की मृत्यु हो गयी और कई लोग घायल हो गए। लाइबेरिया के क्रू टाउन स्थित चर्च में धार्मिक आयोजन के दौरान ठगों के एक गिरोह ने चाकुओं के साथ हमला कर दिया। लाइबेरिया के राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता मूसा कार्टर के अनुसार समुद्र तट क्षेत्र में स्थित चर्च में उस समय सैकड़ों लोग उपस्थित थे। उन पर चाकुओं से हमला होने पर वहां भगदड़ मच गयी। भगदड़ में कम से कम 29 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। कार्टर ने कहा कि मरने वालों में 11 बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल है। कई लोग इस भगदड़ में घायल हुए हैं। घायलों में कुछ की हालत बहुत गंभीर है, इस कारण उनमें से कुछ और लोगों की मृत्यु हो सकती है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि चाकुओं से हमला करने वाले ठगों के गिरोह की तलाश की जा रही है। अब तक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) मुख्य कार्यकारी अधिकारी : पंकज मिश्र, संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)